भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 30 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 284, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कर्ज चुकाने को बांग्लादेश ने 8 अरब डॉलर की मांगी मदद 14

शुरुआत में एक जैसे थे सारे किरदार : रवीना 13

असम में अब मुस्लिम शादी और तलाक का पंजीकरण अनिवार्य

- विधान सभा में विधेयक पारित, सिर्फ नए विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे
- मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा ने कहा- बाल विवाह पर पंजीकरण से लगेगी रोक

गुवाहाटी, एजेंसी

असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को गुरुवार को पारित किया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा ने कहा कि काजियों द्वारा किए गए सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नये विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे।

उन्होंने कहा हम मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इस्लामी रीति-रिवाजों से होने वाली शादियों में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। हमारी एकमात्र शर्त यह है कि इस्लाम द्वारा निषिद्ध शादियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। सरमा ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से बाल विवाह पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। विधेयक के उद्देश्य और कारण में कहा गया है कि यह बाल विवाह और दोनों पक्षों की सहमति के बिना विवाह की रोकथाम के लिए प्रस्तावित किया गया है। विधेयक राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को पेश किया था।

विवाह संस्था को मजबूत करेगा विधेयक

मुख्यमंत्री हिमंत ने कहा कि विधेयक पुरुषों को शादी के बाद पत्नियों को छोड़ने से भी रोकेगा और विवाह संस्था को मजबूत करेगा। पहले, मुस्लिम विवाह काजियों द्वारा पंजीकृत किए जाते थे। हालांकि, यह नया विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि समुदाय के सभी विवाह सरकार के पास पंजीकृत हों।

दुश्मन की चाल नाकाम करेगी आईएनएस अरिघात

रक्षामंत्री राजनाथ ने नौसेना को समर्पित की देश की दूसरी परमाणु पनडुब्बी, परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को गुरुवार को विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे देश की परमाणु क्षमता को और मजबूती मिलेगी तथा परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि अरिघात भूमि, जल और वायु प्लेटफॉर्म पर परमाणु हथियारों संबंधी भारत की सैन्य रणनीति को और मजबूत करेगा, परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा, क्षेत्र में सामरिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद करेगा तथा देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। आईएनएस अरिघात के जलावतरण को भारत की नौसैनिक शक्ति और परमाणु प्रतिरोध क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। भारत की पहली स्वदेश निर्मित परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत की परियोजना जुलाई 2009 में शुरू की गयी थी।



दुश्मनों को चकमा देकर हमला कर सकती है

अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी अरिघात अरिहंत का उन्नत स्वरूप है और यह अत्याधुनिक हथियार प्रणाली तथा उपकरणों से लैस है। इसे कठिन तथा निरंतर परीक्षणों की सफलता के बाद नौसेना को सौंपा गया है। अरिघात की लंबाई 112 मीटर, चौड़ाई 11 मीटर तथा इसका वजन 6 हजार टन है। पनडुब्बी में घातक के-15 मिसाइलें लगी हैं जो 750 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम हैं। इसकी विशेषता यह है कि यह दुश्मन को चकमा देकर उसकी पकड़ में आये बिना हमला करने में सक्षम है। पनडुब्बी डेढ़ हजार फुट से भी अधिक गहराई तक पानी में जा सकती है। देश में तीसरी परमाणु पनडुब्बी अरिदमन भी बनायी जा रही है और कुछ वर्षों में यह भी नौसेना के बेड़े में शामिल हो जायेगी। अरिहंत और अरिघात में 83 मेगावाट के लाइट वाटर रिएक्टर हैं जिनसे इनका संचालन किया जाता है। परमाणु रिएक्टरों के कारण ये पनडुब्बी परंपरागत पनडुब्बियों की तुलना में महीनों तक पानी के भीतर रह सकती हैं।

LAST 6 DAYS
for Gents
T-Shirts ~~350~~ 330
Jeans ~~2250~~ 865
Shirt ~~1330~~ 465
Lower ~~1330~~ 465
Barmuda ~~350~~ 330
Capri ~~1150~~ 397
Track Suit ~~3990~~ 1330
Special
Kurta Pajama
~~2000 to 4000~~ 995 only
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

दिव्यांग महिला से दुष्कर्म और हत्या के मामले में व्यक्ति को मौत की सजा

फरीदाबाद। यहां की एक अदालत ने दिव्यांग महिला की दुष्कर्म के बाद नृशंस तरीके से हत्या करने के मामले में गुरुवार को दोषी को मौत की सजा सुनाई है। फरीदाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार की अदालत ने मनोज नेपाली नामक व्यक्ति को आईपीसी की धारा 302 और 376 के तहत दोषी पाए जाने के बाद यह सजा सुनाई और 1 लाख 5 हजार जुर्माना लगाया। घटना नवंबर 2022 में सेक्टर-7 में हुई थी और महिला का शव एक पार्क में मिला था। पुलिस के अनुसार महिला दिव्यांग थी, जो अपने पति को बिना बताए घर से निकलकर न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी, मनोज से महिला का संपर्क हुआ, जिसके बाद वह उसे पार्क में ले गया, दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी।

सपा की टोपी लाल, कारनामे काले

मुख्यमंत्री योगी ने कानपुर में सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना

- बोले- लाल इमली मिल कांग्रेस की बेईमानी और भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कानपुर के जीआईसी मैदान में छात्रा को टैबलेट देते मुख्यमंत्री योगी। साथ में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व अन्य।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कभी कानपुर की पहचान और शान रही लाल इमली मिल को फिर चालू किया जाएगा। हमारी सरकार लाल इमली के पुनरुद्धार के बड़े पैकेज के साथ आगे बढ़ने जा रही है। सरकार ने सिक यूनिट की पूरी लैंड व पुनरुद्धार के पैकेज पर काम आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री गुरुवार दोपहर चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मैदान में 725 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की टोपी तो लाल है, लेकिन इनके कारनामे काले हैं।

योगी आदित्यनाथ वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के साथ सभा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार के अंदर से मंत्री को लालइमली का भवन दिखाते हुए पूछा कि इसे जानते हैं। मुख्यमंत्री ने भाषण के दौरान इस बात का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लाल इमली मिल कभी कानपुर की पहचान थी, लेकिन यह बंद हो गई है। यह कांग्रेस की बेईमानी व भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी है। नौजवानों को यहां नौकरी व रोजगार मिलना चाहिए था। हजारों लोगों के परिवार का पेट भरा जाना चाहिए था, लेकिन आज लाल इमली इनके भ्रष्टाचार का स्मारक बनकर चिढ़ा रही है। हमारी सरकार इसे फिर चालू करेगी।

मुख्यमंत्री सपा-कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि सपा के कारनामों से हर कोई परिचित है। गुंडागर्दी इनकी पहचान रही है। पन्नों को उलटेंगे तो इनके काले कारनामों से इतिहास भरा है। समाजवादी पार्टी की टोपी तो लाल है, लेकिन इनके कारनामे काले हैं। गुंडागर्दी, अराजकता, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर खतरा पैदा करना इनकी पहचान थी। इनका दिखाने वाला और असली चेहरा अलग-अलग है। इनकी वजह से ही सीसामऊ की जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 725 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान रोजगार मेले में एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया गया। जिसमें से कुछ लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने मंच पर बुलाकर योजना का लाभ दिया।

विकास, सुशासन, कानून-व्यवस्था प्रदेश का मॉडल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, सुशासन व विकास का मॉडल दिया है। 2017 के पहले यूपी पहचान के लिए मोहताज था। अराजकता-गुंडागर्दी इसकी पहचान बन चुकी थी। त्योहारों के पहले दंगे होते थे। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, नौजवान यूपी के बाहर जाता था तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। पीएम मोदी के आह्वान पर जनता ने 2017 में प्रदेश में भाजपा को जनादेश दिया। हमारे साढ़े सात वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश ने लंबी दूरी तय की। विकास, सुशासन, कानून व्यवस्था अब यूपी का मॉडल है।

बरेली, मुरादाबाद, फुरसतगंज से उड़ान भरेंगे 222 सीटर विमान

एक्सक्लूसिव

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के हवाई यातायात बढ़ाने को तैयार किए गए डेवलपमेंट प्लान के तहत तीनों एयरपोर्ट होंगे उच्चीकृत

राकेश शर्मा, बरेली

अमृत विचार : बरेली, मुरादाबाद और अमेठी के फुरसतगंज एयरपोर्ट को भविष्य में 222 सीटर एयरबस की उड़ानों के अनुकूल बनाने के लिए डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया है। तीनों एयरपोर्ट पर बड़े टर्मिनल और एप्रन बनाने के साथ यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाना है। तीनों जिलों के प्रशासन इसके लिए जरूरत के मुताबिक जमीन का इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है।

दरअसल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने हवाई यातायात बढ़ाने के लिए देशभर के एयरपोर्ट और सिविल एन्क्लेव के विस्तार की योजना तैयार की है। एएआई ने ट्रैफिक पूर्वानुमान के तहत इनमें बरेली के सिविल एन्क्लेव के साथ अमेठी का फुरसतगंज और पांच महीने पहले शुरू हुए मुरादाबाद एयरपोर्ट को 2027-28 तक उच्चीकृत करना तय किया है। इसी योजना के तहत एएआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एसपी सिंह को तीनों एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा था जिसके बाद अब विशेष सचिव कुमार हर्ष ने बरेली, अमेठी और मुरादाबाद के डीएम को इस बारे में निर्देश जारी किए हैं।

हवाई अड्डों के विस्तार की ये है योजना

- **बरेली सिविल एन्क्लेव :** बरेली सिविल एन्क्लेव में ए-321 प्रकार के विमानों के लिए तीन एप्रन और तीन हजार वर्ग मीटर की टर्मिनल बिल्डिंग है। पहले चरण में 10 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-32 विमानों के लिए सात एप्रन व दूसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 प्रकार के विमानों के लिए 10 एप्रन बनेंगे। इसके साथ एक और लिंक टैक्सी-वे का भी निर्माण होगा।
- **मुरादाबाद एयरपोर्ट :** मुरादाबाद एयरपोर्ट का उद्घाटन 10 मार्च 2024 को हुआ था। अभी यहां कोड-बी के विमान के लिए दो एप्रन और 1250 वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन है। यहां पहले चरण में छह हजार वर्गमीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 विमानों के लिए चार एप्रन बनेंगे। दूसरे चरण में 12 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 विमानों के लिए आठ एप्रन और तीसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 (222 सीटर) विमानों के लिए 14 एप्रन बनाए जाएंगे।
- **फुरसतगंज एयरपोर्ट :** अमेठी जिले के फुरसतगंज एयरपोर्ट में 1250 वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ढांचा निर्माणाधीन है। यहां पहले चरण में छह हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 के विमानों के लिए चार एप्रन, दूसरे चरण में 12 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 के विमानों के लिए आठ एप्रन और तीसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 के विमानों के लिए 14 एप्रन बनाए जाएंगे।

ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाणपत्र पैन के लिए वैध दस्तावेज

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि ट्रांसजेंडर जन (अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 द्वारा जारी पहचान प्रमाणपत्र को पैन कार्ड के आवेदन के लिए वैध दस्तावेज माना जाएगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने कहा कि भारत सरकार ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और केंद्र सरकार स्पष्टता लाने के लिए इसे नियमों में और आदेश में शामिल करने पर विचार कर सकती है। पीठ ने कहा याचिका के लंबित रहने के दौरान, हमने केंद्र सरकार से जवाब मांगा, जो इस मामले में बहुत सहायक रही है और जिसने मोटे तौर पर वर्तमान याचिका में उठाई गई सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- भारत सरकार ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार किया

अडाणी देश में सबसे अमीर अंबानी को पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी

- हुरुन इंडिया की वर्ष 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची जारी

अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के झटकों से पूरी तरह उबरते हुए एकबार फिर देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। हुरुन इंडिया की 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची में अडाणी 11.6 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय हैं। पिछले साल की तुलना में उनकी संपत्ति में 95 प्रतिशत का तगड़ा उछाल आया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पिछले साल की तुलना में अंबानी की शुद्ध संपत्ति 25 प्रतिशत उछलकर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2023 की हुरुन इंडिया सूची में अडाणी की संपत्ति 57 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई थी। दरअसल जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए कई गंभीर आरोपों के कारण अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी।

सिपाही भर्ती : दूसरे चरण में आज साढ़े नौ लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण की परीक्षा आज और कल दो पालियों में होगी। शुक्रवार को प्रदेश के 1174 केंद्रों पर साढ़े नौ लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए 22 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। छोटी दूरी के लिए बसें चलाई जा रही हैं, जो परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त रहेंगी। रेलवे स्टेशनों पर अव्यवस्था न हो इसके लिए इसके लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर दो-दो प्लॉटून पीएसी तैनात की जा रही है।

बुधवार को शासन में हुई बैठक के दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार ने सिंह ने तैयारियों की समीक्षा की थी। इस दौरान यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्रों की निकासी के समय जिलाधिकारी मौजूद रहेंगे। धांधली मुक्त परीक्षा के लिए शासन ने कड़े कदम उठाए हैं। दो दिनों की परीक्षा को पुलिस विभाग काफी चुनौतीपूर्ण मान रहा है। आगामी दोनों परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया को काफी सख्त बना दिया गया है। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

किशोरी से दुष्कर्म, तोड़फोड़ व आगजनी

गाजियाबाद, एजेंसी

गाजियाबाद में नाबालिग लड़की से हुए दुष्कर्म के विरोध में वाहन जलाए गए।

- गाजियाबाद की घटना, आरोपी को फांसी देने की मांग की

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित लिंक रोड क्षेत्र में 14 साल की एक लड़की से दुष्कर्म की घटना के बाद तनाव व्याप्त हो गया। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने वारदात को अंजाम देने वाले लोगों को फांसी देने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने कबाड़ी की दुकान में घुसकर सामान बाहर फेंक दिया और ई-रिक्शा में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

साहिबाबाद के सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि बुधवार की शाम को लिंक रोड थाना क्षेत्र के बृज विहार चौकी इलाके में 14 साल की एक लड़की घर में अकेली थी, तभी कबाड़ का काम करने वाले दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने मारपीट कर उससे दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, पीड़िता को चिकित्सीय जांच के लिए भेजा गया है।

पीछे के रास्ते घर में घुसे

कथित पीड़िता की चाची ने बताया कि बुधवार शाम छह बजे लड़की बच्चों को खिला रही थी तभी तीन-चार लोग पीछे के रास्ते घर में घुसे। उस वक्त बिजली नहीं आ रही थी, अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपियों ने लड़की को नशीला पदार्थ सुंघाकर दुष्कर्म किया।

बहराइच में पकड़ा गया आदमखोर भेड़िया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बहराइच

- सीएम की मॉनीटरिंग रंग लाई गोरखपुर चिड़ियाघर भेजा जाएगा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पल-पल की मॉनीटरिंग और वन विभाग के अधिकारियों की मुस्तैदी से आदमखोर भेड़िया गुरुवार सुबह पकड़ ही लिया गया। लोगों ने चैन की सांस ली है। खूंखार भेड़िए को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजने तैयारी शुरू हो गई है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे थर्मल ड्रोन से बहराइच के 35 से अधिक गांवों में आतंक का पर्याय बन चुके आदमखोर भेड़िए को ट्रेस किया गया।

गुरुवार सुबह पांच बजे के आसपास फिर ड्रोन के जरिए नजर रखी गई। भेड़िया के पैर के निशान दिख गए, फिर फिजिको केमिकल इमोबलाइजेशन का सहारा लिया गया। विभाग के स्थानीय अधिकारियों की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सुबह करीब पौने 11 बजे इसे सिसैया गांव के कछार से पकड़ लिया।

सेना ने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को किया ढेर

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की दो कोशिशों को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बताया कि तंगधार ऑपरेशन में एक आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। वहीं, कुपवाड़ा के माछल क्षेत्र में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इसके अलावा दो एके राइफल, एक पिस्तौल, चार हथगोले और युद्ध से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की गई है। सेना ने कहा कि दोनों स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले कुपवाड़ा पुलिस द्वारा दी गई विशेष जानकारी के आधार पर 28 अगस्त को दोनों अभियान शुरू किए गए थे।

इश्क का बुखार | किरन, कावेरी, सुहेली, पवनकली, चमेली व सुलोचना के साथ भागा था गजराज, मनाने के लिए भेजा गया 12 हाथियों का झुंड

छह हथिनियों संग गजराज फरार... 15वें दिन आया हाथ

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

पकड़े जाने से पहले मदमस्त नर हाथी।

अमृत विचार: इश्क में माशूका के पीछे दौड़े चले जाने की कहानियां खूब सुनीं होंगी, लेकिन अब यह फिल्मी कहानी दुधवा टाइगर रिजर्व में देखने को मिल रही है। 40 साल के राजकीय हाथी गजराज पर छह मादा हाथियों का एक साथ दिल आ गया।

गजराज ने मोहब्बत के आगे बंदिशों की परवाह किए बगैर बेड़ियों को तोड़ डाला और छह माशूकाओं के साथ फरार हो गया। इससे दुधवा प्रशासन में अफरातफरी मच गई। वन्य जंतु एक्सपर्ट के साथ ही विश्व प्रकृति निधि-भारत के विशेषज्ञों को भी बुला लिया गया। मतवाले हाथियों को मनाने के लिए 12 हाथियों के झुंड के साथ 15 दिन तक मशक्कत करनी पड़ी, तब सातों के कैम्प में वापस लाया जा सका। पलिया की दक्षिण खीरी सोनारीपुर रेंज के अंतर्गत 14 अगस्त को राजकीय हाथियों को गैंडा पुनर्वास प्रथम क्षेत्र में रखा गया था। 15 अगस्त को राजकीय नर हाथी गजराज मदमस्त होने के कारण बेड़ियां तोड़ते हुए चराई क्षेत्र से बाहर चला गया और उसके साथ छह राजकीय मादा हाथी किरन, कावेरी, सुहेली, पवनकली, चमेली व सुलोचना भी चले गए। नर और मादा हाथियों की निगरानी के लिए पूरी टीम लगा दी गई। 12 हाथियों को भी इनको वापस लाने के लिए लाया गया। मतवाले नर और मादा हाथियों की ड्रोन कैमरे से निगरानी होती रही।

छह मादा का साथ हैरान करने वाला

दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक डॉ. रंगा राजू टी बताते हैं कि प्रजनन काल में नर हाथी का व्यवहार उग्र होता है। वह जंजीरें तोड़ देता है और मादा की ओर आकर्षित होकर भागने लगता है। कोई व्यवधान होने पर नर हाथी काफी उग्र भी हो जाते हैं। मादा अपना साथी खुद तय करती है। मादा तक पहुंचने के लिए नर हाथियों में प्रतिस्पर्धा होती है। दोनों में संघर्ष में जो जीतता है, वहीं मादा के साथ जाता है। इस बार छह मादा का एक साथ जाना चौकाने वाला है। प्रेमालाप में मादा हाथी लगभग तीन सप्ताह तक प्रजनन के लिए तैयार रहती हैं, लेकिन गर्भधारण केवल तीन से पांच दिनों में ही संभव होता है।

एक नजर

ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : निगोही क्षेत्र के मोहल्ला बांके बिहारी कॉलोनी निवासी वेदपाल सिंह ने बताया कि उसका पुत्र शिवेंद्र प्रताप अपने साथी अरविंद कुमार आदि के साथ 9 अगस्त को ई-रिक्शा पर बैठकर गोला शिव जी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। मोहम्मदी रोड पर मुकरमपुर गांव के सामने रात में डेढ़ बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा पलट गया। उसका पुत्र शिवेंद्र प्रताप घायल हो गया और तीन जगह से हाथ टूट गया। रिक्शा चालक उसके पुत्र को शीला ट्रामा सेंटर में लेकर गया और इलाज कराने का आश्वासन देकर भाग गया। रोजा पुलिस ने अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बेटे पर परचून की दुकान में आग लगाने का आरोप

कलान, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव रुकनपुर निवासी भगवती पत्नी बांकेलाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव में अरिल पुल के पास उसकी परचून की दुकान है। आरोप है कि उसमें गुरुवार को उसके बेटे ने अपने एक साथी के सहयोग से आग लगा दी। जिससे उसमें रखा सामान जल गया। उसने बताया कि आरोपी बेटे को बेटी किरण ने अपने सोने के झाले गिरवीं रखकर ई रिक्शा खरीदवाया लेकिन वह खुद न चलाकर अपने साथी से ई रिक्शा चलवाता है और न ही पुत्री को कोई रुपये देता है। उसे और उसकी बेटी को शराब पीकर परेशान करता है। पीडिता ने थाना प्रभारी से बेटे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

परीक्षा स्पेशल ट्रेन का संचालन आज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि स्पेशल पुलिस परीक्षा ट्रेनों का 30 व 31 अगस्त को संचालन किया जाएगा। हरदोई से दिल्ली, दिल्ली से हरदोई, बालामऊ से ऋषिकेश, ऋषिकेश से बालामऊ, बालामऊ से सहारनपुर, सहारनपुर से बालामऊ सहारनपुर से लखनऊ और लखनऊ से सहारनपुर के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई गई है।

मेजर ध्यानचंद जयंती पर जमकर खेले बच्चे और युवा

राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया हॉकी के जादूगर का जन्मदिवस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : हॉकी के जादूगर के नाम से विख्यात मेजर ध्यानचंद की जयंती गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों और संस्थाओं की ओर से खेलकूद प्रतियोगिताएं कराकर हॉकी खिलाड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। खेल प्रेमियों ने ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन भी किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से नेव तकनीकी संस्थान में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रारंभ मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता अंशुमान मैसी एवं परिषद के प्रांत खेलो भारत प्रमुख रविकांत शुक्ला ने वॉलीबाल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वॉलीबाल में तक्षशिला एवं दून इंटरनेशनल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें तक्षशिला पब्लिक स्कूल ने विजय प्राप्त की। कबड्डी में शान इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज कांट के बीच मैच हुआ, जिसमें जीआईसी कांट की टीम ने विजय प्राप्त की। विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल पहनाकर और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। प्रांत कोषाध्यक्ष मचकेंद्र सिंह ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। आयोजन में महानगर विस्तारक संदीप, संयोजक रौनक पाल, आशीष भदौरिया, करन सिंह, राजन ठाकुर, अंकित राजपूत, हर्षिल ठाकुर, आनंद स्वरूप सक्सेना, कोमल, श्याम मिश्र, इशित गोयल, जीशान गाजी, लकी शर्मा, सोमवीर, वसीम, सुरजीत सिंह, अतुल कुमार, अंकित, नफीस खान आदि का योगदान रहा।

- शिक्षण संस्थाओं समेत संगठनों ने कराए खेलकूद, बांटे पुरस्कार
- मेजर ध्यानचंद को अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अभाविप की ओर से एनटीआई में हुई वॉलीबाल प्रतियोगिता में जीत के लिए भिड़ते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

शाहबाजनगर स्कूल में हुए विभिन्न खेलकूद

शाहजहांपुर। विकास खंड ददरौल के उच्च प्राथमिक विद्यालय शहबाजनगर में शिक्षकों ने हॉकी के महान जादूगर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्र- छात्राओं के मध्य कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, दौड़, लूडो, कैरम आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता में अमन कुमार की टीम विजेता एवं फरहान की टीम उपविजेता रही। जबकि खो-खो बालिका वर्ग में शिवांगी की टीम विजेता और सृष्टि की टीम उपविजेता बनी। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। खेल अनुदेशक अर्शी खानम, रवींद्र पाल प्रजापति, शबाना रहमान, विमलेश तिवारी, राजकौर, वासिफ हुसैन, महापारा, गजाला परवीन, प्रशांत गौड़, अनुराधा सक्सेना, हंसा पाल, प्रदीप कुमार, तबस्सुम बेगम, पंकज रस्तोगी आदि का सहयोग रहा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहबाजनगर में खेल से पहले हाथ मिलातीं खिलाड़ी।

राजकीय संप्रेक्षण गृह में मना खेल दिवस

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नेहरू युवा केंद्र और जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मेजर ध्यानचंद की 119वीं जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में मनाई गई। इस अवसर पर लंबी कूद, दौड़ व वालीबॉल प्रतियोगिता कराई गई। वॉलीबाल में मेजर टीम विजेता और ध्यानचंद टीम उपविजेता रही। दौड़ में जहनूर ने प्रथम, वंश पाल ने द्वितीय और अमन ने तृतीय स्थान पाया। लंबी कूद में जहनूर प्रथम, तनिष द्वितीय व गौरव तृतीय स्थान पर रहे। खिलाड़ियों को टी शर्ट, कैप व मेडल से पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका दिनेश कुमार, सुधीर वर्मा ने निभाई। बच्चों ने चित्रकला बनाकर पुरस्कार झटके। समापन पर एक पेड़ मां के नाम के तहत कदंब और आम की पौध रोपित की गई। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, मुकेश परिहार, विनय सक्सेना, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, संप्रेक्षण गृह अधीक्षक सुधीर सक्सेना द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। निर्दोष शर्मा, विशाल वर्मा, हिमांशु सक्सेना, मनोज कुमार आदि का योगदान रहा।

बैडमिंटन की मंडल विजेताओं को बांटे पुरस्कार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की अंडर-17 की विजेता और अंडर-19 व अंडर-14 की टीम की उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। विजेता खिलाड़ियों आयशा जुबैर, जाह्नवी, शुभी और मीनाक्षी का चयन राज्य स्तरीय बालिका बैडमिंटन टीम में भी हुआ है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, प्रबंधक राजेश कुमार शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ. राखी मिश्रा ने मंडल स्तरीय बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को मेडल पहनाकर तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। साथ ही टीम कोच प्राची त्रिवेदी को भी सम्मानित किया गया। इससे पहले अतिथियों ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के चित्र पर माल्यार्पण कर छात्राओं को उनके खेल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। टीम मैनेजर रीतू अरोड़ा, मंजरी यादव, रवि प्रभा जौहरी, सुमन शर्मा आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा सिंह ने किया।

कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में हुईं प्रतियोगिताएं

शाहजहांपुर, अमृत विचार : परिषदीय कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद कराए गए। शिक्षिकाओं ने बच्चों को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाए। भाषण प्रतियोगिता में अंशुल ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय, अनुराग ने तृतीय स्थान पाया। योग प्रदर्शन में नितिन ने प्रथम, सुमित, रितिक और दौड़ में राधिका ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय और नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की दौड़ में अंशुल ने प्रथम, कुबेर ने द्वितीय और प्रेमजी ने तृतीय स्थान पाया। विजेताओं को समाजसेवी फिरासत अली एवं स्कूल सचिव सौरभ गुप्ता ने पुरस्कार वितरित किए। आयोजन में निकहत परवीन, दर्पिदर कौर, रश्मि सक्सेना, समाइमा तरन्नुम आदि शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

एसएस कॉलेज में खेल स्पर्धाओं के विजेता पुरस्कृत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजीत सिंह चारग, एनसीसी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार सिंह ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए खेलों की उपयोगिता भी समझाई। फुटबाल प्रतियोगिता में रोशन सिंह लायन टीम विजेता एवं अशफाक उल्ला टाइगर उपविजेता रही। शतरंज में बालक वर्ग में रितिक कश्यप प्रथम एवं हर्ष द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में दीर्घा सुरभि प्रथम एवं आकाशी परमार द्वितीय स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस में बालक वर्ग में विशेष विनर एवं प्रवेश रनर अप रहे। बालिका वर्ग में हर्षिता बाजपेई विनर एवं अंबिका रनर अप रहीं। बैडमिंटन बालिका वर्ग में शिप्रा प्रथम एवं श्रेया द्वितीय और बालक वर्ग में विनायक विजेता रहे। विजेताओं को मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। शिशिर शुक्ला, राजनंदन सिंह राजपूत, संयोजक डॉ. प्रांजल शाही आदि का सहयोग रहा।

नालंदा स्कूल में विजेता बन बच्चों ने जीते इनाम

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस छावनी परिषद में राष्ट्रीय खेल दिवस खेलों का आयोजन किया गया। प्राइमरी वर्ग में लेमन-स्पून रेस, बुक रेस, मैथमेटिकल रेस तथा जूनियर वर्ग में स्लो साइकिलिंग रेस, शॉट पुट और माध्यमिक वर्ग में कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने स्कूल स्टाफ के साथ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर खेलों का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापिका श्रद्धा सैनी ने खेलों और ध्यान चंद के जीवन पर पर प्रकाश डाला। लेमन स्पून रेस में नीर, अग्रिम राज, अरीब, वैष्णवी कश्यप, सुमन, वैष्णवी सिंह विजयी रहे। बुक रेस में प्रियांशु, हिमांशु, दीप, आरुषि, काजल, सुनहरा, मैथमेटिकल रेस में आदित्य, दिव्यम वर्मा, अनुराग कश्यप, राशि, रितु, वर्षा, स्लो साइकिलिंग रेस में प्रियांशी, अनन्या वर्मा, आलिया, शॉट पुट में सूर्य, निहाल तथा राहुल विजेता घोषित किए गए। कबड्डी में कक्षा 10 की टीम और खो-खो में कक्षा 9 टीम विजयी रही। अमित आर्य, अभिषेक वर्मा, शोभना गुप्ता, सचिन कुमार, सीमा श्रीवस्तव, प्रत्युषा प्रियदर्शी, भारती सिंह, प्रतिभा कश्यप, इब्तेशाम खान, संध्या सक्सेना, सुरेश कुमार, नीरज पाल का सहयोग रहा।

सार-संक्षेप

गोला फेंक में शिखा, आदित्य और दौड़ में आस्था ने मारी बाजी

सिंधौली, अमृत विचार : मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल में गुरुवार को मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कई खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की शिखा यादव ने प्रथम, वर्तिका यादव ने द्वितीय, मानवी देवी एवं नाजिश मंसूरी ने बराबर गोला फेंक कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की गोला फेंक में आदित्य कुमार त्रिवेदी ने प्रथम, नितिन पाल ने द्वितीय, अंकुर राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आस्था मिश्रा ने प्रथम, अंशिका सिंह ने द्वितीय, शीतल सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बारे में बच्चों को बताया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नीतेश कुमार त्रिवेदी, बृजेश कुमार, जैद मंसूरी, इरम मंसूरी रहीं। इस मौके पर सचिन शर्मा, जितेंद्र कुशवाहा, अब्दुल रहमान, सोनम मिश्रा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

हॉकी के क्षेत्र में स्वर्णिम नाम हैं मेजर ध्यानचंद

जलालाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय खेल दिवस पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मालूपुर में गुरुवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इससे पूर्व विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद हॉकी के क्षेत्र में एक स्वर्णिम नाम है।1936 के बर्लिन ओलंपिक में भारतीय टीम जब हॉकी खेल रही थी, तो हिटलर ध्यानचंद के खेलने के तरीके से प्रसन्न हो गया और विभिन्न तरह के प्रलोभन दिए लेकिन देश के सम्मान के साथ गद्दारी नहीं की। उन्होंने देश के लिए हॉकी के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए। गोष्ठी के बाद वॉलीबॉल का मैच महाराणा प्रताप व भगत सिंह हाउस के बीच खेला गया, जिसमें महाराणा प्रताप हाउस विजेता बना। कबड्डी का मैच लक्ष्मीबाई हाउस और सावित्रीबाई फुले हाउस के बीच खेला गया, जिसमें लक्ष्मीबाई हाउस विजेता बना। कबड्डी बालक वर्ग में सुभाष हाउस और आजाद हाउस के बीच मैच खेला गया, जिसमें आजाद हाउस विजेता बना। इसके अलावा गोला फेंक, चक्का फेंक, खो-खो, लंबी कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया। अंत में अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन विपिन अग्निहोत्री ने किया।

संत कबीर स्कूल को हरा विजेता बना जीआईसी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिला खेल कार्यालय की ओर से परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हाकी प्रतियोगिता कराई गई। आरंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं केक काटकर किया गया। गुरुवार को हुई जिला स्तरीय 14 वर्षीय बालक वर्ग हाकी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला राजकीय इंटर कॉलेज और संत कबीर पब्लिक स्कूल के बीच हुआ, जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज की टीम ने 5-3 से शानदार जीत दर्ज की। इससे पहले प्रतियोगिता का प्रारंभ ओलंपिक संघ के जिला सचिव नरेंद्र त्यागी, विशिष्ट अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र सिंह ने किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया की देखरेख में हुए आयोजन में विजेता और उपविजेता का पुरस्कृत किया गया। विनय गुप्ता, राहुल तोमर, आशुतोष शुक्ला, मोहित कुमार, रत्नेश शुक्ला, रामकुमार, राम प्रसाद, रवि कुमार, मंयक भदौरिया, मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, आनंद सिंह, पंकज, राजन राज आदि विशिष्टजन मौजूद रहे।

दो भाइयों को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार: रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी अरविंद दीक्षित ने बताया कि मंगलवार की रात एक बजे उसका भाई विवेक दीक्षित घर आ रहा था।

मोहल्ले के गुरुदेव ने उसके भाई को रास्ते में रोक लिया। आरोपी उसके भाई को गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया। उसके भाई ने शोर मचाया तो वह मौके पर पहुंचा। आरोपी उसे और उसके भाई को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

खेल महाकुंभ में जुटे 12 जनपदों के 307 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में शुरू हुए तीन दिवसीय प्रांत स्तरीय खेल
- खो-खो और शतरंज में मेजबान और मेहमान खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार : संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का प्रारंभ हो गया। बुधवार देर शाम शुरू हुए प्रांत स्तरीय शतरंज एवं खो खो के तीन दिवसीय महाकुंभ में कई टीमें शामिल हो रही हैं। उद्घाटन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गुरुवार से विधिवत खेलकूद शुरू हो गए।

महाकुंभ में प्रदेश के 12 जिलों के कुल 307 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। गुरुवार को आयोजि शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में मथुरा- वृंदावन व बरेली के बीच मैच हुआ, जिसमें वृंदावन मथुरा की टीम विजयी रही। अंडर-17 में बीसलपुर और अलीगढ़ के बीच मैच में अलीगढ़, श्रीजी मथुरा और अलीगढ़ के मैच में श्रीजी मथुरा, अलीगढ़ और बरेली के मैच में अलीगढ़ एवं कृष्ण चंद्र गांधी मथुरा ने गंज डुडवारा को पराजित कर विजयश्री प्राप्त की।

अंडर-19 में बीसलपुर ने शाहजहांपुर को, मथुरा ने बीसलपुर को, मथुरा ने शाहजहांपुर को तथा मथुरा ने एटा को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसी तरह खो-खो के अंडर-14 में छाता मथुरा ने शाहजहांपुर को, मदन मोहन मालवीय मथुरा ने शाहजहांपुर को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। छाता मथुरा ने वृंदावन को हराकर से फाइनल में जगह बनाई।

इसी तरह अंडर-17 छाता मथुरा ने छर्रा अलीगढ़ को, पीलीभीत ने छर्रा अलीगढ़ को, पीलीभीत ने बरेली को, बरेली ने धानुका देवी वृंदावन को व पीलीभीत ने धानुका देवी वृंदावन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर-19 में संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शाहजहांपुर ने विद्या मंदिर नवाबगंज बरेली को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले मुख्य अतिथि एसएस लॉ कालेज के प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा और विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का एक अंग है। प्रत्येक खिलाड़ी को इसे स्वीकार कर खेल भावना का सम्मान करना चाहिए।

इस मौके पर क्षेत्रीय खेल संयोजक होडिल सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग, प्रबंधक राकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य सौरव वार्ष्णेय ने आभार व्यक्त किया।

प्रांत स्तरीय खेलकूद में शतरंज खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कबड्डी: विजेता बने जीआईसी कांट, कंपोजिट हथौड़ा

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीआईओएस हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

कबड्डी प्रतियोगिता में एक-एक अंक के लिए जूझते एसपी कॉलेज और स्वामी धर्मानंद कॉलेज के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एनटीआई में हुई माध्यमिक कॉलेजों की जिला स्तरीय बालक कबड्डी
- जिले की सीनियर और सब जूनियर वर्ग की कुल 25 टीमों ने किया प्रतिभाग

अमृत विचार : माध्यमिक कॉलेजों की जनपद स्तरीय बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नेव टेक्निकल इंस्टीट्यूट में किया गया। प्रतियोगिता में सीनियर अंडर-19 और सब जूनियर अंडर-14 की कुल 25 टीमों ने प्रतिभाग किया।

गुरुवार को प्रतियोगिता का प्रारंभ मुख्य अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने एनटीआई के डायरेक्टर अंशुमान कुमार मैसी और प्रधानाचार्य बबिता मान के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर डीआईओएस ने कहा कि खिलाड़ी आपस में खेल भावना से खेलकर प्रतिभा का प्रदर्शन करें। जिला स्तर पर जीत कर मंडल और प्रदेश स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। प्रतियोगिता के सीनियर अंडर-19 वर्ग में जीआईसी कांट विजेता और एसपी कालेज उपविजेता बनी। जबकि सब जूनियर अंडर-14 वर्ग में कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग विजेता और पुवायां इंटर कालेज की टीम उपविजेता बनी। निर्णायक मंडल में गंगाराम प्रेमी, मो. वसीम, मेजर अनिल मालवीय, रत्नेश शुक्ला, राहुल कुमार, सचिन प्रेमी, राम निरंजन वर्मा, सुमित कुमार, हरिंदर सिंह आदि शामिल रहे।

जिला स्तरीय टीम का गठन

क्रीड़ा सचिव कैप्टन रामकुमार की देखरेख में मंडलीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय टीम का गठन भी किया गया। चयनित खिलाड़ियों में अंडर-14 में उमेश यादव, इंद्रभान, गौरव, कासिब अंसारी, आदित्य कुमार, बाजिब हुसैन, विजय, आयुष, अंकित, आसिफ, अनज खां और मो. अनस अलतमस तथा अंडर-19 में आमिर, मो. अजर, अस्मत, पवन राजपूत, सईद अहमद, अमित यादव, मो. फैज, आनंद, सलीम रजा, अंकुश, अभिजीत, विनय कुमार, अभय मिश्रा, रंजीत, मयंक, विवेक, दीपक और शोएब शामिल हैं।



पॉलिथीन जब्त करने गई पालिका की टीम ने फल विक्रेता को पीटा

- व्यापारियों ने कहा अभियान ठीक पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी मारपीट
- कहा- पुलिस को साथ लेकर पॉलिथीन जब्त करे नगर पालिका टीम

फल विक्रेता के समर्थन में कोतवाली पहुंचे व्यापारियों की ईओ से नोकझोंक

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार : पॉलिथीन जब्त करने के लिए निकली नगर पालिका की टीम का राजीव चौक पर फल विक्रेता से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पालिका की टीम ने फल विक्रेता को पीट दिया। जिसके बाद पालिका कर्मियों की ओर से ईओ और फल विक्रेता की ओर से व्यापार मंडल के पदाधिकारी कोतवाली पहुंच गए। वार्ता के दौरान व्यापारी और ईओ में काफी नोकझोंक हुई। व्यापारियों ने कहा कि मारपीट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुरुवार को नगर पालिका के कर्मचारी पालीथीन जब्त करने का अभियान चला रहे थे। इसी दौरान राजीव चौक पर फल का ठेला लगाए मोहल्ला कुरगंजा निवासी राधेश्याम फल बेच रहे थे। नगर पालिका टीम के एक संविदा कर्मी ने जब पालीथीन ठेले से उठाई तो फल विक्रेता की पालिका कर्मियों से नोकझोंक होने लगी। इसके बाद कई नगर पालिका कर्मी आए और फल विक्रेता को जमकर पीटा।

वहीं राजीव चौक पर पुलिस की ड्यूटी लगी होने के कारण वहां पर मौजूद सिपाही निर्दोष ने बमुश्किल फल विक्रेता राधेश्याम को नगरपालिका कर्मचारियों से बचाया। इसके बाद नगर पालिका कर्मचारी ईओ सत्येंद्र प्रकाश के साथ कोतवाली में तहरीर देने गए। मौके पर मौजूद सिपाही ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारियों ने फल विक्रेता को बहुत पीटा है। इसके बाद दरोगा सकतावत सिंह ने फल विक्रेता को पीटने वाले लगभग बीस कर्मचारियों को एक लाइन में लगाना शुरू किया तो उसमें से एक कर्मचारी दरोगा से भी उलझ गया, जिसके बाद सिपाहियों ने उसका दिमाग ठिकाने लगाया। फल विक्रेता की पिटाई की जानकारी होने पर व्यापार मंडल के नेता केके लील, कपिल गुप्ता, राजा नंदा, अविनाश शर्मा सहित दर्जनों व्यापारी भी कोतवाली पहुंच गए और ईओ से बातचीत के दौरान व्यापारियों ने कहा कि पालीथीन जब्तीकरण के अभियान में पुलिस साथ में लेकर चले। अगर कोई पॉलिथीन बेचता है तो जब्तीकरण अभियान चलाएं, लेकिन मारपीट कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मारपीट के बाद कोतवाली में मौजूद दोनों पक्षों के लोग। ● अमृत विचार

व्यापारी वार्ता कर रहे थे ईओ उठकर चले गए

कोतवाली में व्यापार मंडल के नेता और ईओ सत्येंद्र प्रकाश के बीच में वार्ता चल रही थी। इसी बीच ईओ अपनी तहरीर देकर कोतवाली से चले गए। इसके बाद व्यापार मंडल के नेताओं ने कहा अगर व्यापारी के खिलाफ तहरीर दी जाएगी तो हम लोग मारपीट के मामले में ईओ सत्येंद्र प्रकाश के खिलाफ भी तहरीर देंगे। वहीं अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चल रहा था। इसी दौरान टीम के एक कर्मचारी का गिरेबान फल विक्रेता ने पकड़ लिया। इसी को लेकर दोनों के बीच मारपीट हो गई।

शराब की दुकान से शराब और लैपटॉप चोरी

सिंधौली, अमृत विचार : बिलंदपुर गद्दीपुर में चोरों ने रात में देशी शराब की दुकान का ताला तोड़ दिया। चोर हजारों रुपये की देशी शराब, लैपटाप, इनवर्टर, कैमरा चोरी करके ले गए। सेल्समैन को चोरी की जानकारी सुबह हुई।

थाना क्षेत्र के गांव सुहेली निवासी रमेंद्र कुमार ने बताया कि गांव बिलन्दपुर गद्दीपुर में पेट्रोल पंर के निकट देशी शराब की दुकान का ठेका है। वह शराब की दुकान पर सेल्समैन है। 27 अगस्त की रात में नौ बजे उसने शराब की दुकान बंद करके घर चला गया। रात में चोरों ने दुकान पर लगे ताले तोड़ दिए।

सेल्समैन ने बताया कि चोर देशी शराब के 3860 पौवा, लैपटॉप, कैमरा चोरी कर लिया है। सेल्समैन को अगले दिन सुबह जानकारी मिली कि दुकान में चोरी हो गयी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोरों की सुरागरसी में लगी हुई है। वहीं, क्षेत्र के लोगों का कहना है बेखौफ चोर आए दिन घरों और दुकानों को निशाना बना रहे है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहा है।

दुकान से 45 हजार की नगदी ले गए बाइक सवार दो युवक

संवाददाता, खुटार

- गल्ला व्यापारी को लगाई चपत पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : बंडा रोड पर गल्ला व्यापारी की दुकान से एक बाइक पर सवार दो युवक दिनदहाड़े 45 हजार रुपयों से भरा छोटा बक्सा उठा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले रिपोर्ट दर्ज कर ली है लेकिन फरार बाइक सवारों का कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस उक्त लोगों की तलाश कर रही है।

क्षेत्र के गांव रजमना निवासी आशीष कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह खुटार-बंडा रोड पर स्थित गांव पिपरिया भागवंत मोड़ के समीप गल्ला खरीद और बिल्डिंग मटेरियल की दुकान करता है। 28 अगस्त को दोपहर बाद करीब तीन बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। उसी समय सड़क पर गाय भगाने के लिए गया था। तभी पीछे से लाल बाइक पर बंडा रोड की तरफ से दो अज्ञात लोग आए और गल्ले का बक्सा लेकर चले गए। बक्सा में करीब 45 हजार रुपये की नगदी रखी हुई थी। उक्त बाइक सवार खुटार की ओर निकल गए। घटना के समय शोर मचाया लेकिन बाइक सवार काफी दूर जा चुके थे। इसके बाद आशीष कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गुरुवार शाम पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने इसमें जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से अभी तक बाइक सवारों का पता नहीं चल सका है।

पिकअप से स्टपनी चोरी, दी तहरीर

खुटार, अमृत विचार : नगर के बंडा चौराहा पर रहने वाले मोहम्मद ताहिर ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पिकअप बंडा चौराहे से कुछ दूर चंद्रावती मार्केट के पास खड़ी करता है। 22 अगस्त की रात को किसी ने गाड़ी के पीछे लगी स्टपनी चोरी कर ली। अगले दिन जानकारी हो पाई। पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन उक्त लोगों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

एक नजर

खेत पर करंट से किसान की मौत

सिंधौली, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव महाऊ दुर्ग निवासी हेमराज(40) गुरुवार दोपहर गांव के पूरब दिशा में स्थित अपने खेत में धान की फसल में समरसेबल बोरिंग से पानी चला रहे थे। मोटर में लगा विद्युत केबल शॉर्ट हो जाने के कारण उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। आसपास के खेतों पर मौजूद किसानों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में पत्नी रामगुनी व चार पुत्रों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भैंस की मौत के मामले में केस दर्ज

तिलहर, अमृत विचार : ग्रामीण की ओर से कटिया के लिए डाली गई नंगी तार से चिपक कर भैंस की मौत होने के मामले में एक युवक ने मुकदमा दर्ज कराया है। थानांतर्गत ग्राम बख्तियारपुर देवासी रोहिताश ने कोतवाली में तारीख देकर मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि उसके मकान के पास बृजेश कुमार का अस्थाई ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उस ट्रांसफार्मर से गांव के चंद्रसेन ने कटिया लगा रखी है। उस बिजली के तार में चिपक जाने से उसकी भैंस की मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

मजदूरी के रुपये मांगने पर चाचा-भतीजे को पीटा

कलान, अमृत विचार : ग्राम पंचायत गढ़िया छवि के अंतर्गत मजरा महमदियापुर निवासी तेजराम ने तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोगों पर उसके मजदूरी के रुपये आ रहे थे। उसने रुपये मांगे तो आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। भतीजा धर्मेंद्र बचाने आया तो उसे भी ईंट, पत्थर और लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घायलों को पुलिस ने अस्पताल भेज कर मेडिकल कराया। मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

वांछित गिरफ्तार

शाहजहांपुर। कलान थाना के उपनिरीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त अरबाज निवासी मऊ थाना अल्हागंज के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियुक्त फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने अभियुक्त को पिलुआ मिलकिया तिराहे से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

वारंटी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। खुदागंज थाना के उप निरीक्षक गौरव कुमार ने बताया कि अभियुक्त शानू कुरैशी निवासी दीपपुर थाना खुदागंज के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी था। गुरुवार को पुलिस ने घर के बाहर से उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

त्वचा रोग विशेषज्ञ पर महिला से अश्लीलता करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डॉक्टर ने कहा, रुपये के लिए ब्लैकमेल कर रहे दंपती

अमृत विचार: पुवायां क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने 28 अगस्त को एसपी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 अगस्त की शाम पत्नी को शहर में एक त्वचा रोग विशेषज्ञ की क्लीनिक पर दवा दिलाने गया था। डॉक्टर ने महिला स्टाफ के साथ पत्नी को निजी वार्ड में भेज दिया।

आरोप है कि बाद में स्टाफ बाहर आ गया और डॉक्टर ने उसकी पत्नी के साथ अश्लील हरकतें की। बाहर आने के बाद पीड़िता ने पति को जानकारी दी। उनके विरोध करने पर डॉक्टर ने साथियों को बुलाकर मामला शांत करने को कहा। शांत न रहने पर डॉक्टर ने धमकी दी कि उसकी काफी जान पहचान है और उसका कोई कुछ नहीं कर पाएगा। वह डरकर आ गया और चौक कोतवाली पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक को घटना बताई। वहीं, डॉक्टर ने बताया कि महिला स्टाफ साथ रहता है। सीसीटीवी कैमरे में सब कुछ कैद है। मरीज ने षड्यंत्र रचकर आरोप लगाया है, जो निराधार है। दंपती उन्हें ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठना चाहता है। उन्होंने कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र मिला है। सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया और महिला स्टाफ से पूछताछ की गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

ससुराल से लौटे अनुदेशक की तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, खुटार

- खुटार के मोहल्ला बगियानाथ का निवासी था राजकुमार परिजनों ने दी तहरीर
- गुरुवार सुबह फोन कर पत्नी ने बुलाया था शाहजहांपुर, देर रात लौटा था

अमृत विचार : ससुराल से घर लौटे युवक की तबीयत खराब हो गई और इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मृतक की पत्नी को मौत का जिम्मेदार ठहराया है और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेज दिया है।

मृतक राजकुमार।

नगर के मोहल्ला बगियानाथ निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसके बड़े भाई राजकुमार(45) पिपरिया भागवंत में स्थित प्राथमिक विद्यालय में अनुदेशक (अध्यापक) के पद पर कार्यरत थे। 10 मार्च 2016 को भाई राजकुमार की शादी शाहजहांपुर के मोहल्ला बहादुरगंज की रहने वाली प्रियंका अंचल से हुई थी। बेटी काव्या का जन्म हुआ, जो अब एक वर्ष की है। प्रदीप कुमार ने बताया कि दो माह पहले भाई और भाभी के बीच किसी बात को लेकर घर में विवाद हो गया था। इसके बाद वह मायके चली गई थी। नौ अगस्त को काव्या का जन्मदिन था। भाभी ने भाई को फोन कर ससुराल बुलाया था। लेकिन वह किसी कारणवश नहीं जा पाए थे। आरोप है कि गुरुवार सुबह भाभी ने भाई राजकुमार को फोन कर ससुराल बुलाया था। वह बस से शाहजहांपुर स्थित ससुराल गए हुए थे। इसके बाद दस बजे घर लौटे तो उनकी तबीयत खराब थी। परिजनों ने खुटार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। उधर, राजकुमार के पिता सोहनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजकुमार की माता रामदेवी, भाई अशोक, प्रदीप, बहन सीमा, रीना, किरण का रो-रोकर बुरा हाल है।

गुमसुम बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

परिवार वाले पत्नी को मान रहे जिम्मेदार

परिजनों ने आशंका जताई है कि ससुराल में कोई विवाद हो जाने की स्थिति में या तो राजकुमार को कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया गया है, अथवा खुद खा लिया है, दोनों ही स्थितियों में बेटे की मौत की जिम्मेदार उसकी पत्नी प्रियंका है। इसलिए शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के साथ ही मामले की जांच होनी चाहिए, ताकि मौत की असली वजह पता लग सके।

परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार्रवाई के लिए अभी तहरीर नही मिली है। तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- संजय कुमार, थानाध्यक्ष, खुटार

आरोप: डॉक्टर व स्टाफ की लापरवाही से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पहले 17 हजार जमा कराए, बाद में 50 हजार रुपये और मांगे

अमृत विचार : शहर में एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव पीड़ा के बाद गर्भवती को भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने पहले 17 हजार रुपये जमा करा लिए और बाद में 50 हजार रुपये की और मांग की। ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

हरदोई के थाना मझिला के गांव जमुरा निवासी काशिम ने बताया कि प्रसव पीड़ा होने पर वह पत्नी को 20 अगस्त की रात नौ बजे चौक कोतवाली क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। दस हजार रुपये नगद और सात हजार रुपये ऑनलाइन जमा किए थे। फिर डॉक्टर ने कहा कि ऑपरेशन होगा और पचास हजार रुपये और मांगे। डॉक्टर ने आश्वासन दिया कि आपकी पत्नी को सही करना हमारी जिम्मेदारी है। डॉक्टर ने उससे कहा कि रुपये जमा कराओ और मरीज सही सलामत सौपेंगे। वह रुपये की व्यवस्था करने चले गया।

कुछ देर बाद रुपये लेकर लौटा तो देखा कि उसकी पत्नी का ऑपरेशन हो चुका था, लेकिन उसकी सांसे नहीं चल रही थी। उन्होंने डॉक्टर से पूछा कि पत्नी को क्या हो गया है। डॉक्टर और स्टाफ ने कहा कि रुपये जमा करवाकर यहां से चले जाओ। डॉक्टर व स्टाफ ने उसकी पत्नी के शव को अस्पताल से खींच कर बाहर निकाल दिया। आरोप है कि डॉक्टर व स्टाफ की लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की मौत हो गई है। उसने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि तहरीर मिली है और जांच की जा रही है।

प्रसव के बाद बिगड़ी हालत, महिला की मौत

संवाददाता, मिर्जापुर

- अस्पताल कर्मियों के अनुसार प्रसव के बाद किया था रेफर
- परिजन ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

अमृत विचार : मिर्जापुर पीएचसी पर मंगलवार को प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार महिला को प्रसव के बाद रेफर किया गया था। वहीं परिजनों ने अस्पताल परिसर में ही पीड़िता की मौत की बात कहीं है।

मृतक हरजुन्निशा।

मिर्जापुर के थरिया निवासी इसरार अली की पत्नी हरजुन्निशा को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन कस्बा स्थित पीएचसी पर 26 अगस्त रात आठ बजे लाए थे। करीब 11 बजे उसने बच्ची को जन्म दिया। देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई और रक्तस्राव होने लगा। परिजनों के अनुसार ड्यूटी पर तैनात एएनएम ने रक्तस्राव रोकने के लिए इंजेक्शन लगाए गए, जिससे रक्त स्राव बंद हो गया। बाद में सुबह करीब तीन बजे प्रसव पीड़िता की हालत खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया। परिजन स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। वहीं जरिनपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. आदेश रस्तोगी का कहना है कि महिला प्रसव के लिए मिर्जापुर पीएचसी पर आई थी। बच्चा फंसा था इसलिए एएनएम ने डिलीवरी कराकर महिला को रेफर कर दिया गया था। महिला के साथ कोई भी पुरुष नहीं था। जिसके चलते महिलाएं प्रसव पीड़िता को बाहर नहीं ले जा रही थी।

ट्रेन के बाथरूम में यात्री बेहोश दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जनता एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद हो गया। यात्री से दरवाजा नहीं खुल रहा था। टीटीई ने कंट्रोल को सूचना दी। कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को प्लेटफार्म पर लिया गया। कैरिज एंड वैगन विभाग के कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़कर यात्री को अचेतावस्था में बाहर निकाला। ट्रेन करीब 25 मिनट खड़ी रही।

रायबरेली निवासी हरचंद्र का अप लाइन की जनता एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में रायबरेली से देहरादून के लिए रिजर्वेशन था। ट्रेन में सफर के दौरान वह हरदोई रेलवे स्टेशन से बाथरूम में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। यात्रियों ने हरदोई से यहां तक दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला यात्रियों ने टीटीई को बताया कि बाथरूम का दरवाजा नहीं खुल रहा है। टीटीई ने कंट्रोल को सूचना दी। कंट्रोल के आदेश पर जनता एक्सप्रेस को शाम सात बजकर 25 मिनट पर प्लेटफार्म चार लिया गया। आरपीएफ, जीआरपी और कैरिज विभाग के कर्मचारी कोच में पहुंचे और दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। वह अचेतावस्था में था। उसके चेहरे पर पानी डालकर उसे होश में लाया गया।

उसने बताया कि घबराहट में उसे चक्कर आ गया था। ट्रेन 25 मिनट बाद बरेली के लिए रवाना हुई। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि एक यात्री बाथरूम गया था और उसे चक्कर आने पर बेहोश हो गया था इसलिए दरवाजा खुल नहीं रहा था। होश में आने के बाद वह देहरादून के लिए चला गया।

दिक्कत गंगा के उस पार खेत होने की वजह से किसानों का होता है दिन रात आना-जाना

टीन की नाव से रामगंगा पार करने को मजबूर हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- किसान बोले, इतना रुपया नहीं कि चंदा करके एक मजबूत नाव खरीद लें
- ग्रामीणों ने प्रशासन से की लकड़ी की मजबूत नाव की व्यवस्था कराए जाने की मांग

अमृत विचार: परौर के मजरा मोहनपुर बिजपुरी बाजार के पास रामगंगा के उस पार जाने के लिए ग्रामीणों के पास टीन की नाव का ही सहारा है। इसी नाव के सहारे वह काफी समय से नदी पार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से लकड़ी की मजबूत नाव की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि उनकी खेती रामगंगा के उस पार पड़ती है। ग्रामीण रामगंगा के कटान से तबाह हैं। उनके पास इतना रुपया नहीं हो पता है कि चंदा करके एक मजबूत नाव खरीद लें। सब मिलकर टीन की एक नाव बना लेते हैं। इसी नाव के सहारे रात-दिन गंगा के इस पार से उस पार जाते हैं क्योंकि किसानों की गाय, भैंस रामगंगा के उस पार रहती हैं। साथ ही रामगंगा द्वारा काटी गई जमीन भी रामगंगा के उस पार हो जाने के कारण जानवरों के लिए चारा रामगंगा के उस पार से लाना पड़ता है। इन मजरे के ग्रामीणों को रात दिन में कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। गांव के राजीव प्रजापति, राजीव सिंह चौहान, बाबूराम , अर्पित कुशवाहा, मदनपाल सिंह, राम शरण सिंह, सत्यपाल सिंह ने रामगंगा में नाव की व्यवस्था कराए जाने की मांग तहसील प्रशासन से की है।

इसी टीन की नाव के सहारे रामगंगा पार करते हैं ग्रामीण। ● अमृत विचार

गंगा की बाढ़ थमी मुश्किलें बरकरार

मिर्जापुर, अमृत विचार : मिर्जापुर में गंगा के तटवर्ती गांवों में गंगा का जलस्तर कम होने के बाद भी मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। बाढ़ का पानी जलालाबाद शमशाबाद स्टेट हाइवे पर अभी भी चल रहा है। वहीं पैलानी, नगला बसोला गांव जाने वाले संपर्क मार्गों पर भी पानी चलने से आवागमन में दिक्कत आ रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। सड़कों पर बाढ़ का पानी चलने से बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहनों के आवागमन में दिक्कत आ रही है। आजाद नगर के बाशिंदों का कहना है कि जानवरों के चारे की बहुत समस्या के बाद गांव में बुरी तरह से बुखार फैला हुआ है। फसलें जलमग्न हैं।

पेट्रोल कम देने का भ्रामक वीडियो बनाया, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोप, सेल्समैन को धमकी देकर बिना भुगतान किए डलवा लिया पेट्रोल

अमृत विचार : पंप पर कम पेट्रोल देने का एक व्यक्ति ने भ्रामक वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

जलालाबाद क्षेत्र के मोहन फिलिंग स्टेशन स्वामी राम मोहन गुप्ता ने बताया कि 19 अगस्त को शाम छह बजे अनुज सिंह निवासी उईला थाथर मई थाना जलालाबाद बाइक लेकर पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए आया। उसने दो सौ रुपये का पेट्रोल मांगा। सेल्समैन ने मशीन में दो सौ रुपये का पेट्रोल फीड किया। ग्राहक के कहने पर नोजल ग्राहक को दे दिया, जिससे वह स्वयं पेट्रोल बाइक में डाल ले क्योंकि ग्राहक पूर्व में भी कई बार परेशान कर चुका है।

ग्राहक ने स्वयं नोजल लेकर बाइक में पेट्रोल डाल लिया। उसने नोजल झाड़ते हुए सेल्समैन को दे दिया। आरोप है कि आरोपी सेल्समैन से बहस करते हुए गलत बात करने लगा। उसने सेल्समैन से कहा कि टंकी में पेट्रोल कम पड़ा है। उसका आरोप है कि 30 रुपये का पेट्रोल कम निकला। सेल्समैन ने उससे कहा कि कुछ पेट्रोल बाइक की टंकी और फिल्टर में रह जाता है। पेट्रोल कम नहीं है।

आरोपी धमकी देते हुए वीडियो बनाने लगा। आरोपी 35 रुपये 95 पैसे का पेट्रोल टंकी में डलवाकर बिना पैसे दिए चला गया। उसने भ्रामक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। भ्रामक वीडियो से उसकी व्यावसायिक और मानसिक क्षति हुई है।

उसने मांग की है कि भ्रामक वीडियो बनाकर वायरल करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि आरोपी अनुज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बाइक हटाने पर कार मालिक को पीटा

शाहजहांपुर, अमृत विचार: जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला प्रतापनगर निवासी सोनू यादव ने बताया कि मंगलवार की शाम चार पहिया वाहन से अपने घर आया। गली में रिंकू की बाइक खड़ी थी। उसने बाइक को किनारे करने के लिए कार का हॉर्न बजाया। लेकिन किसी ने बाइक नहीं हटाई। वह कार से स्वयं उतरा और बाइक को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और अपनी कार निकालने लगा। निकालते समय कार बाइक से टकराती हुई चली गई। इस दौरान रिंकू व उसके भाई सोनू ने उसे बाहर घसीट लिया। आरोपियों ने उससे कहा कि अंधे होकर कार चलाता है और उसे पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE : 9760701234
गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग

डॉ. सौरभ गुप्ता
एम.डी., डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रान्सप्लान्ट विशेषज्ञ
ओपीडी का समय
प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक
- यूरिया/क्रिएटिनिन का अधिक बढ़ जाना।
- शरीर पर सूजन/ सूजी हुई आँखें।
- अनियमित ब्लड प्रेशर की शिकायत
- किडनी की बीमारी
- गुर्दे की बीमारी के साथ मधुमेह की शिकायत होना।
- किडनी में सिस्ट का होना।
- गम्भीर गुर्दे की बीमारी
- गुर्दे में इन्फेक्शन

उपलब्ध सुविधायें
- ए.वी. फिस्टुला बनना
- रक्त प्लाज्मा को निकालना
- किडनी बायोप्सी
- डायलिसिस सुविधा
- पर्मकैथ की सुविधा

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website : www.khushlokhospital.com
Email : khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE
SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे

अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी

लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

एडवांस आई.सी.यू.

एडवांस एन.आई.सी.यू.

मॉडयूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

जल जीवन मिशन के कार्यों से असंतुष्ट दिखे प्रभारी मंत्री

अधिशासी अभियंता को दिए कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। जल जीवन मिशन अंतर्गत डाली गयी पाइपलाइन का कार्य संतोषजक न होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। इसी कड़ी में उन्होंने विकास भवन स्थित जिला उद्यान कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं जिला विकास अभिकरण विभाग सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण भी किया।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति में खराब श्रेणी सी, डी एवं ई इंडिकेटर में रहने वाले विभाग आगामी माह में ए प्लस या कम से कम ए श्रेणी में लाने का पूरा प्रयास करें। उन्होंने विद्युत अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार करते हुए शासन के मंशानुरूप आपूर्ति सुनिश्चित

- **विभागवार समीक्षा के बाद कई विभागीय कार्यालयों का किया निरीक्षण**

की जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के फोन प्राथमिकता पर उठाकर कार्रवाई की जाए। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में मुख्य विकास अधिकारी सचिवों के साथ बैठकर पात्रता का सत्यापन करा लें। जल जीवन मिशन अंतर्गत डाली गयी पाइपलाइन का कार्य संतोषजक न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि हर घर जल पहुंचाए तथा रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता पर गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने 15वें वित्त आयोग में रैंकिंग में सुधार लाने तथा कार्य में गति बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर मिलावटी, ओवर रेटिंग, नकली, कच्ची एवं अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाई जाए। जीएसटी विभाग प्रवर्तन कार्यों में वाहनों की चेकिंग करें तथा राजस्व संग्रह में एनफोर्समेंट की कार्रवाई कर गति बढ़ाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि बदलते मौसम में बीमार हो रहे लोगों को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। कहाः जिन विभागों के पास राजस्व संग्रह की जिम्मेदारी है, वह संग्रह सीमा को बढ़ाएं तथा लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत हासिल करें। मंत्री कश्यप ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया जाए तथा योजनाओं को धरातल पर उतारा जाए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पुवायां विधायक चेतराम, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, एसपी अशोक कुमार मीणा, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, एडीएम न्यायिक राशिद अली, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, सीएमओ डॉ. आरके गौतम, डीडीओ पवन कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए अवधेश राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने इन विभागों की समीक्षा में दिखाई रुचि

प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यूपी नेडा द्वारा लगाई गई सोलर लाइटों की स्थिति, शासन की मंशानुरूप विद्युत आपूर्ति की स्थिति, खराब ट्रांसफार्मर के बदलने की स्थिति, लाइन लॉस के प्रकरण, उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान करने की शिकायतों की समीक्षा की। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की। राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए आबकारी, विद्युत, परिवहन, स्टांप एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं की भी समीक्षा की।

दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचारः पुवायां थाना क्षेत्र के गांव पसिया खेड़ा निवासी यासमीन ने बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति के अनुसार एक जुलाई 20 को आरिफ अली निवासी करनैयापुर थाना सिंधौली के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से दो लाख रुपये व एक बाइक मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले बाइक व दो लाख रुपये नहीं दे पाएगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और पांच मई को घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति समेत दो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में प्रभारी मंत्री ने जाना मरीजों का हाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप का स्वागत करते चांसलर डॉ. अशोक अग्रवाल। ● अमृत विचार

पौधरोपण करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप, डॉ. अशोक अग्रवाल और डॉ. किरन अग्रवाल।

अमृत विचार : राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने वरुण अर्जुन विवि के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज का गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल के इमरजेंसी विभाग, आईसीयू रेडियोलॉजी विभाग ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर एवं वार्डों का भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना। विवि के चांसलर डॉ. अशोक अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ. किरन अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने रोहिलखंड हॉस्पिटल में हो रहे सस्ते उपचार की बहुत ही प्रशंसा की। उन्हें कहा कि वैश्विक स्तर पर डॉक्टर को ही भगवान की संज्ञा दी गई है। छात्र-छात्राओं को मेडिकल क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि अभी प्रदेश के 56 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, प्रत्येक जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज की सुविधा देने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजना है, जिससे प्रदेश के जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य का लाभ दिया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने हर्बल गार्डन में पौधरोपण कर

- **सुविधाएं देख की सस्ते उपचार की प्रशंसा, कहा- वैश्विक स्तर पर डॉक्टर को दी गई है भगवान की संज्ञा**

छात्र-छात्रों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, भाजपा के जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता के अलावा मेडिकल कॉलेज के डीन एवं प्राचार्य डॉ. केजी पॉल, सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी ललित चौहान आदि उपस्थित रहे।

वाइस चांसलर ने मंत्री को दीं सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी

डॉ. अशोक अग्रवाल ने प्रभारी मंत्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और डॉ. किरन अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए रोहिलखंड हॉस्पिटल की ओर से दी जा रही सस्ती सुविधा की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और इस उद्देश्य से इस क्षेत्र में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की स्थापना की है।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
वी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आधार कार्ड बनवाने को सुबह ही लग जाती है लाइन

आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए डाकघर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद लोग।

संवाददाता, कलान

- **पूरा दिन लाइन में लगने के बाद भी कई का नहीं हो पाता काम**

अमृत विचार : डाकघर पर इन दिनों आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने वालों की लंबी लाइन सुबह से ही लग जाती है। इनमें से कई ऐसे लोग भी होते हैं, जिन्हें पूरा दिन लाइन में लगने के बाद भी बिना काम हुए लौटना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस मामले में कुछ लोगों पर रुपये वसूली का आरोप लगाया है।

मिर्जापुर शिक्षा विभाग के बीआरसी केंद्र पर आधार बनाने वाले बच्चों की फिंगरप्रिंट अपडेट करने का जिम्मा है लेकिन बीआरसी केंद्र पर तैनात ऑपरेटर उन बच्चों के आधार बनाते हैं या फिंगरप्रिंट अपडेट करते हैं जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आरोप लगाया कि यहां पर मात्र पांच ही आधार बनाते हैं या फिंगरप्रिंट अपडेट किए जाते हैं। परेशान ग्रामीणों ने बताया है कि संबंधित विभाग को चाहिए कि डाकघर में संख्या बढ़ाकर 50 बच्चों के फिंगरप्रिंट अपडेट किए जाएं और साथ ही बीआरसी केंद्र पर भी समुचित आधार एवं बच्चों के फिंगरप्रिंट अपडेट करने की मुहिम चलाई जाए। साथ ही जन सेवा केंद्र द्वारा आधार संशोधन एवं बच्चों के फिंगरप्रिंट अपडेट करने की नाम पर धन उगाई रोकी जाए।

राजीनामा नहीं करने पर महिला को पीटा

खुटार, अमृत विचारः भूमि विवाद को लेकर तीन लोगों ने घर में घुसकर महिला से पिटाई कर दी। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव रामपुर कलां निवासी बबलू की पत्नी मधु देवी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह करीब नौ बजे गांव के ही तीन लोग घर में आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पिटाई कर दी। धमकी दी कि अगर एक सप्ताह में घर खाली नहीं किया तो परिवार को जान से मार देंगे। जबकि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहती है। आरोप है कि उसके ससुर का उक्त लोगों से भूमि मुकदमा चल रहा है। इसके अलावा उक्त लोग आये दिन उसके परिवार को रास्ते में धमकाते हैं और कई फर्जी मुकदमें दर्ज करा चुके हैं। साथ ही धमकी दी कि मुकदमे में राजीनामा नहीं लिया तो फर्जी मुकदमे में फंसा देंगे। पीड़ित मधु देवी ने बताया कि उक्त लोग दबंग किस्म के हैं, वह उनके उत्पीड़न से काफी परेशान हैं। गुरुवार को मधु देवी ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सार-संक्षेप

पांच बाल श्रमिकों को कराया मुक्त, संचालकों को नोटिस

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशन में गुरुवार को हथौडा चौराहा एवं जिला अस्पताल क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम उन्मूलन, मानव तस्करी एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत दुकानदारों, होटलो, ढाबों, कैफे आदि को चेक किया गया। जिसमें दुकानों पर कुल 5 बच्चे बाल श्रम करते मिले। टीम द्वारा संचालकों के चालान व नोटिस मौके पर किए गए, बालकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। सेवायोजकों को हिदायत दी गई कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों (नाबालिग बच्चों) से बाल श्रम कराने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी एवं नाबालिग बच्चों से बाल मजदूरी न कराने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जन जागरुकता अभियान भी चलाया गया साथ ही इमरजेंसी सहायता के लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098, 102, 108, 112, 1090, 1076 आदि की जानकारी दी गई। अभियान में थाना एएचटी प्रभारी महेश सिंह, कांस्टेबल विवेक कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश सिंह, ओपी सिंह, शिव सागर, चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर दिवाकर मिश्रा व योगेंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे।

रोज़ा पावर की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन



शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोज़ा पावर की ओर से परियोजना संचालित गांवों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए सतत प्रयत्न किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय जैनुद्दीननगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रोजा पावर के कुमार अवनीश, सीएचसी के डॉ. गौरव रस्तोगी और ग्राम प्रधान जैनुद्दीन ने फ़ीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। डॉ. रस्तोगी ने विभिन्न चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को साफ़-सफ़ाई से रहने एवं मौसमी बीमारियों से बचने व उनसे होने वाले खतरों के बारे में बताया। शिविर में जैनुद्दीन नगर और उसके आस पास के 359 ग्रामवासियों ने विभिन्न प्रकार की सामान्य बीमारियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श लिया एवं औषधियां प्राप्त की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा के प्रभारी डॉ. राजीव, आशीष सिंह, श्रवण कुमार, उषा देवी एवं अन्य सहायक, रोज़ा पावर से श्री राजीव कुमार सिंह, विनोबा सेवा आश्रम से श्री मोहित कुमार, अंकित मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, राहुल वर्मा, किरणलता, बेबी शबा, वरुण कुमार, सुमित सिंह, विजय वर्मा, सुवाशिनी, किशन एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

मुठभेड़ में युवक गिरफ्तार, तमंचा बरामद

शाहजहांपुर, अमृत विचार : खुदागंज प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह को गुरुवार की सुबह चार बजे सूचना मिली कि खुदागंज रोड पर राजीव की आढ़त के सामने एक संदिग्ध युवक खड़ा है। पुलिस टीम के टोकने पर उसने टीम पर फायर कर दिया। टीम ने आत्मरक्षा के लिए फायर किए और घेराबंदी कर अभियुक्त को पकड़ लिया। पकड़ा गया अभियुक्त छोटे लल्ला निवासी कंधरापुर नवदिया थाना खुदागंज है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व दो कारतूस बरामद किए है। अभियुक्त पर पहले से विभिन्न धाराओं के सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। वहीं, रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने गुरुवार की सुबह अटसलिया रेलवे फाटक के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी लेने पर तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त जीशान निवासी हथौड़ा बुजुर्ग थाना रोजा है। आरोपीपर पहले से विभिन्न धाराओं के आठ मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां बरामद

खुटार, अमृत विचार : मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन युवती बरामद कर ली हैं। हालांकि आरोपी चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 25 जून को उसकी पुत्री घर में मौजूद नहीं थी। आसपड़ोस में तलाश की तो पता चला कि गांव खमरिया गदियाना के ईंट भट्ठे पर तांगे से ईंट ढोने वाला सूरज उसकी पुत्री को लेकर चला गया था। आरोपी पीलीभीत के मोहल्ला मानपुर पनिया का रहने वाला है। गुरुवार को पुलिस ने गोला बाईपास रोड से युवती बरामद कर ली है।

- पुलिस के हाथ नहीं लगे आरोपी
- तलाश में जुटी पुलिस

उधर, मैलानी रोड पर स्थित एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया था कि 23 जून को उसकी पुत्री को गांव कढ़ेया का रहने वाला आरोपी कुलविंदर बहला फुसलाकर लेकर चला गया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पूरनपुर रोड पर यात्री टीन शेड के पास युवती को बरामद कर लिया।

एक गांव के व्यक्ति ने बताया था कि उसने अपनी पुत्री की शादी कस्बा बंडा के गांव अहलदादपुर निवासी अजय से की थी। 25 अगस्त को दामाद अजय उसकी छोटी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। गुरुवार को पुलिस ने मैलानी रोड पर बाबा चौराहा के पास युवती बरामद कर ली। तीनों मामलों में युवतियों से थाने पर पूछताछ कर परिजनों को जानकारी दी। लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं चढ़ सके। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि फरार युवतियों को बरामद किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

...काम के बोझ से नौकरी छोड़ रहे डॉक्टर

सीएचसी और पीएचसी पर 184 चिकित्सकों की जरूरत, तैनात हैं मात्र 70

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दस संविदा डॉक्टरों ने नौकरी से दिया त्यागपत्र
- सात दिन ड्यूटी के अलावा करनी पड़ती है वीआईपी ड्यूटी

अमृत विचार: सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलें लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों की संख्या बढ़ने के बजाय कम होती जा रही है। डॉक्टरों की संख्या कम होने का कारण सात दिन ड्यूटी के अलावा वीआईपी ड्यूटी करनी पड़ती है। मरीजों के तीमारदार से आए दिन नोकझोंक को लेकर भी डॉक्टर टेंशन में रहते है। इस साल 19 संविदा डॉक्टर आए थे और दस नौकरी से इस्तीफा देकर चले गए। बता दें, अब संविदा पर ही नई भर्तियां होती हैं।

जिले में 39 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमानुसार 184 डॉक्टर की तैनाती होनी चाहिए। वर्तमान समय में 70 डॉक्टर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञों की कमी है। विशेषज्ञ न होने के कारण मरीज सरकारी अस्पताल के बजाए निजी अस्पताल में जाते है। डॉक्टरों की संख्या बढ़ने के बजाय दिन पर दिन घटती जा रही है। डॉक्टरों की कमी होने का कारण काम का बोझ अधिक होता है। डॉक्टर सात दिन तक लगातार ड्यूटी करते है और इमरजेंसी में कभी-कभी लगातार ड्यूटी करनी पड़ती है। इसके अलावा डॉक्टरों को वीआईपी ड्यूटी, स्वास्थ्य शिविर, पोस्टमार्टम आदि में भी ड्यूटी करनी पड़ती है। सामुदायिक अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण इन्हें जरा सी फुर्सत नहीं मिलती है, थोड़ा सा आराम कर लें। सुबह आठ बजे से दो बजे तक बराबर मरीज देखते हैं। आए दिन मरीज के तीमारदारों से नोकझोंक हो जाती है। पर्याप्त संख्या व स्टाफ न होने के कारण डॉक्टरों पर काम का बोझ अधिक होने के कारण उन्हें नौकरी रास नहीं आ रही है। इस साल लखनऊ मुख्यालय से 19 संविदा पर डॉक्टर मिले थे। उसमें से दस डॉक्टरों ने त्यागपत्र दे दिया। कुल मिलाकर सीएचसी व पीएचसी क्षमता के अनुसार डॉक्टर व स्टाफ नहीं है।

नाक, कान और नेत्र रोग के विशेषज्ञ ही नहीं

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। नाक, कान, गला और नेत्र रोग के विशेषज्ञ नहीं है। इस तरह के मरीजों को मेडिकल कॉलेज की दौड़ लगानी पड़ती है। पुवायां सीएचसी पर एक बाल रोग विशेषज्ञ है। एक महिला रोग विशेषज्ञ है। विशेषज्ञों की कमी को लेकर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मानसिक तनाव में रहते हैं डॉक्टर

डॉक्टरों ने बताया कि ड्यूटी के समय मानसिक तनाव में रहते है। कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ और आठ बजे से दोपहर दो बजे तक लगातार ड्यूटी करने से तनावग्रस्त हो जाते है। सबसे खास बात है कि आए दिन डॉक्टरों की मरीज के तीमारदारों से कहासुनी होती है। कभी-कभी तीमारदार झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है। इससे और डॉक्टर तनाव में आ जाते है।

> इस साल 19 संविदा डॉक्टरों की नियुक्ति हुई थी, जिसमें 10 डॉक्टरों ने त्यागपत्र देकर नौकरी छोड़ दी है। डॉक्टर और स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए मुख्यालय से डिमांड की गई है।
>
> – डॉ. आरके गौतम, सीएमओ

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में मॉडल देखते अतिथि।

संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों का जलवा

पूरनपुर, अमृत विचार : नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को संकुल स्तरीय विज्ञान मेला प्रतियोगिता में 14 विद्यालयों के 214 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने विज्ञान से संबंधित उपकरण और प्रयोग के मॉडल प्रस्तुत किए। निर्णायकों ने बच्चों के मॉडल देखे और उनकी सराहना की। प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा संकुल प्रमुख चंद्रभान शर्मा ने की विजेता बच्चों को ट्राफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की कार्यकारिणी ने निर्णायक, अतिथि और प्रधानाचार्यों को स्मृति चिन्ह दिए। विभाग संघ चालक ओमप्रकाश गंगवार, प्रचारक कृष्णपाल, दुष्यंत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, गुरभाग सिंह, एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, सीओ विशाल चौधरी, चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, हर्ष प्रधान, संजय गुप्ता, प्रबंध हरि बल्लभ गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, प्रधानाचार्य संजय मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

बीमा कराने वाले किसानों की संख्या लगभग तीन गुना हुई

जागरुकता

- बीते वर्ष 4509 किसानों ने कराया था फसल बीमा, इस वर्ष संख्या पहुंची 14589

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जिले में बीमा कराने को लेकर किसानों में लगातार जागरुकता आ रही है। बीते वर्ष की अपेक्षा इस बार तीन गुना से भी ज्यादा किसानों ने बीमा कराया है। बीते वर्ष जहां 4509 किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया था, वहीं इस बार 14589 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल का बीमा कराया है।

उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह।

उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया साल 2021 में 5321, 2022 में 5313, 2023 में 4509 किसानों ने बीमा कराया था। जिसे कम माना जा रहा था। जबकि इस साल आंकड़ा लगभग तीन गुना है। यह किसानों के साथ-साथ कृषि विभाग के लिए भी अच्छी बात है। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल 2024 में ऋण लेने वाले 13513 किसानों ने बीमा कराया है। जबकि 1076 गैर ऋणी किसानों ने बीमा कराया है। कुल 3700 हेक्टेयर जमीन का फसल बीमा कराया गया है।

किसानों को घाटे से बचाती है योजना

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य फसल खराब होने पर किसानों को घाटे से बचाना है। बारिश या अन्य किसी प्राकृतिक कारण की वजह से फसल को नुकसान पहुंचता है, तो इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार लाभार्थियों की मदद करती है। आवेदन करने के बाद अगर आपकी फसल खराब हो जाती है तो आप इस योजना के तहत क्लेम करके बीमा का लाभ सकते हैं।

मुख्यमंत्री से शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम

मझोला, अमृत विचार : बीते दिनों मुख्यमंत्री से एक शिकायत की थी। जिसमें एक व्यक्ति पर अवैध शराब बनाने, जमीन कब्जा करने समेत कई संगीन आरोप लगाए गए थे। एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह ने इसकी जांच कराने के लिए संयुक्त टीम बनाई। गुरुवार को आबकारी विभाग, यूपी सीडा, पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारी जांच करने के लनिए भरा पचपेड़ा जांच करने के लिए पहुंचे। आरोपी व्यक्ति के घीर की तलाशी की गई लेकिन अवैध शराब के साक्ष्य नहीं मिले। परिजन ने बताया कि यह मकान जहां बना है वह यूपी सीड़ा को स्थानांतरित की जा चुकी है। जिस पर आरोप लगाए गए थे उसने मकान करीब 35 वर्ष पुराना बना होने की जानकारी दी। इधर, यूपीसीडा के कर्मचारियों ने बताया कि ग्राम भरा पचपेड़ा की जमीन पर निवास कर रहे परिवारों को स्थानांतरण करने के लिए कार्रवाई चल रही है। आरोपी का क्षेत्र में भय व्याप्त होने की भी पुष्टि नहीं हुई। टीम ने संपर्क किया लेकिन शिकायतकर्ता नहीं आया। जिसके बाद टीम लौट गई।

महोत्सवः बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से बिखेरी सतरंगी छटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के बैनर तले गुरुवार से चार दिवसीय शाहजहांपुर महोत्सव शुरू हो गया। पहले दिन स्कूलों की टीमों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। शाम को भजन और गजल संध्या का आयोजन किया गया।

महोत्सव का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर एवं विशिष्ट अतिथि सचिन बाथम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद लीड कांवेंट स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कत्थक नेशनल अवॉर्ड विनर प्रज्ञांशी पाठक ने मनमोहक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। इंटर कॉलेज डांस चैंपियनशिप के अंतर्गत विभिन्न स्कूल-कॉलेजों की टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में शशि गुप्ता, दीपमाला रस्तोगी, अंशिका गुप्ता एवं गगन खन्ना शामिल रहे। प्रतिभागी टीमों को शील्ड भेंटकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन में अखिल गुप्ता, नवल किशोर. वसीम उस्मान सिद्दीकी, देवा किशोर आदि का सहयोग रहा।उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी महेंद्र दुबे, इरफान ह्यूमन, अशोक गुप्ता, राजीव गुप्ता, विक्रांत बखिया, अनूप सेठ, रीमा सेठ आदि मौजूद रहे। संचालन नरेंद्र सक्सेना ने किया।

शाहजहांपुर महोत्सव में प्रस्तुति के बाद आयोजकों के साथ प्रसन्नचित्त मुद्रा में प्रतिभागी। ● अमृत विचार

आज होने वाले कार्यक्रमों की बानगी

ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे से डांस मेनिया, अपरान्ह तीन बजे संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के कलाकारों के द्वारा सूफी एवं शास्त्रीय गायन, शाम 6.30 बजे किशोर अवॉर्ड विनर्स नाइट, सात बजे से म्यूजिकल नाइट एक शाम आपके नाम एवं रात आठ बजे समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों को समाज सेवा सम्मान प्रदान किया जाएगा।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

	NEW FIRM OFFER	
1-	PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY.	999/-
2-	(ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY.	999/-
3-	GST RETURN MONTHLY FEES.	499/-
	OLD FIRM OFFER	
4-	OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY.	1499/-
5-	ITR FILE ONLY.	499/-

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

सार-संक्षेप

नौ दिवसीय रामकथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पीलीभीत, अमृत विचार : शहर के अशोक कॉलोनी स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में नौ दिवसीय रामकथा के पहले दिन श्रीधाम वृंदावन से आए कथा व्यास गौरव कृष्ण महाराज ने कथा सुनाई। कथा में अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द, पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक ओमप्रकाश रहे। अतिथियों ने आरती की और भजन गाए। अंबरीश मिश्र, जीवन ज्योति भसीन, दुर्गा प्रसाद गंगवार, कुरेन्द्र पाल सिंह, अभिमन्यु गंगवार, अभिषेक गंगवार, सुरेश चंद्र शर्मा रहे। श्रवण जैसवार, मंगली प्रसाद वर्मा, तोताराम, लोकशंकर, रमेश लोधी, विनय वाला, दिलीप विश्वास आदि मौजूद रहे। श्रीराम कथा का सीधा प्रसारण राष्ट्रांगन टीवी पर किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर हुई खुली बैठक

गजरौला, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के संबंध में गुरुवार को जूनियर हाई स्कूल परिसर में खुली बैठक हुई। जिसमें बताया कि पात्रता सूची के नियमों में बदलाव किया गया है। नई आवास नीति के अनुसार अब फ्रिज, बाइक और 15 हजार रुपये तक प्रतिमाह कमाने वालों को भी योजना का लाभ मिल सकेगा। अभी तक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को पात्र माना जाता था। वीडीओ मेवालाल ने बताया कि योजना में 2011 के सामाजिक व आर्थिक सर्वे और 2019 के आवास प्लस की सर्वे सूची में नाम होने के बाद भी लाभ पाने से वंचित रह गए लोग भी लाभान्वित किए जाएंगे। एडीओ पंचायत मेहरबान सिंह राणा, प्रधान जसोदा देवी, महेन्द्र पाल, मानसिंह ,नेमचंद वर्मा एडवोकेट, मतलूम आदि मौजूद रहे।

बच्चों ने उत्साह के साथ खेले खेल

पीलीभीत, अमृत विचार : चौधरी निहाल सिंह पब्लिक स्कूल ऐमी में मेजर ध्यानचंद की जयंती के मौके पर गुरुवार को खेल दिवस के रूप में मनाते हुए प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यालय अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। 50 मीटर, बाधा दौड़, मेंढक दौड़, नींबू- चम्मच दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानाचार्य स्वप्निल जैन ने खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने प्रधानों के सम्मान में की संगोष्ठी

संगोष्ठी को संबोधित करते विधायक अरविंद सिंह, मंचासीन डॉ. अशोक अग्रवाल और डॉ. किरन अग्रवाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल का भ्रमण कर मरीजों का हाल जाना

अमृत विचार : वरुण अर्जुन विवि एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा ने गुरुवार को ददरौल क्षेत्र के प्रधानों के सम्मान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें प्रधानों ने मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कर मरीजों का हालजाना।

कार्यक्रम में ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहे, जिनका स्वागत वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व उपाध्यक्ष डॉ. किरन अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया। संगोष्ठी आरंभ करते हुए अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की ओर से दी जा रही सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। विधायक अरविंद कुमार सिंह ने सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह शाहजहांपुर क्षेत्र में एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहां प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति अपना इलाज करा सकता है। उन्होंने सभी से क्षेत्र से मरीजों को सस्ता और निः शुल्क उपचार कराने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि जनसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। विधायक ने कोविड के समय में हॉस्पिटल द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान तिलहर क्षेत्र के प्रधानों ने मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल से अनुरोध भी किया कि वह आने वाले समय में उनके क्षेत्र में मुफ्त शिविर लगाते रहें। कार्यक्रम के अंत में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ. केजी पॉल ने सभी का आभार व्यक्त किया। विधायक ने अपने सभी ग्राम प्रधानों के साथ मेडिकल कॉलेज और कैंपस का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. केजी पॉल, कम्यूनिटी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद, प्रशासनिक अधिकारी ललित सिंह चौहान एवं पीआरओ रईसउद्दीन, विपिन शर्मा, मोहित थापा व अतुल गंगवार आदि उपस्थित रहे।

प्रणवीर संयुक्त मंत्री और संजय बने आईटी सेल प्रभारी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पुवायां की मासिक बैठक गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय पुवायां प्रथम में हुई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव त्रिपाठी ने प्रणवीर क्रांति को संयुक्त मंत्री एवं संजय कुमार को आईटी सेल प्रभारी का दायित्व सर्वसम्मति से सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने दोनों पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त दोनों पदाधिकारी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेंगे, ऐसा उन्हें विश्वास है। ब्लाक उपाध्यक्ष और जिला मीडिया प्रभारी श्रेयश चंद्र सक्सेना ने शिक्षकों का आह्वान किया कि वह विद्यालयों में छात्रों कि उपस्थिति बढ़ाने का हर संभव प्रयास करें। ब्लॉक महामंत्री अरविंद शर्मा ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए न्याय पंचायत स्तर पर मासिक बैठक के आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस मौके पर संगठन मंत्री अरविंद शुक्ला, अवनि कुमार दीक्षित, विनोद कुमार राठौर, रविकांत पटेल, विनोद कश्यप, रीनू, रिया श्रीवास्तव, दिग्विजय सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

106 वाँ उर्स-ए-रज़वी मुबारक हो
उर्स में तशरीफ लाये हुए सभी ज़ायरीन का हम तहेदिल से इस्तक़बाल करते हैं

जनरल एवं मेडिसिन विभाग
डॉ. सैय्यद हारुन इकबाल
(एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. मेडिसिन)
जनरल फिजीशियन

विशेषज्ञ : ♦ फेफड़े सम्बन्धी सभी बीमारियों का इलाज। ♦ जहर खाये मरीजों तथा सांप काटे गंभीर मरीजों का इलाज। ♦ सांस का मर्ज। ♦ मुंह से खून आना। ♦ खून सम्बन्धित बीमारियों जैसे प्लैटलैट्स कम होना खून का कम होना इत्यादि। ♦ पीलिया, जिगर सम्बन्धी बीमारियां। ♦ डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया के समस्त बुखार का इलाज। ♦ पीएफटी (फेफड़े) की जांच की सुविधा। ♦ ब्लड प्रेशर, सांस, बुखार आदि सम्बन्धित मरीजों का इलाज। ♦ शुगर से परेशान मरीजों का इलाज। ♦ थायराइड सम्बन्धित रोगों का सफल इलाज।

मेडिविन क्लीनिक
निकट दूल्हा मियां का मज़ार, किला, बरेली। मो. 9897802786
मिलने का समय : प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक
शाम 8:00 से 9:00 बजे तक
24 घण्टे-क्रिटिकल केयर एम्बुलेंस सुविधा | खुशलोक पागरानी हॉस्पिटल मिलने का समय : प्रात 11:00 से सायं 4:00 बजे तक | Ph.: 0581-2530800 Helpline No.: 8923083768

सही परामर्श सही इलाज

डा.कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
• मर्दाना कमजोरी
• शुक्राणु की कमी
• शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

• जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
• क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय प्रातः 10 से 5 बजे तक

गुप्त रोगी मिलें

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरूषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
• भूख न लगना • अपच • कब्ज • गैस बनना • खाने के बाद शौचालय जाना • बच्चों का शारीरिक विकास न होना • पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना • बच्चों का बिस्तर गीला करना • मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना • कील- मुंहासे • झाइयां • सफेद दागो व सावलापन हटाना • सुन्दर दिखाना • बालों का समय से पहले झड़ना • टूटना • सफेद होना एवं गंजापन होना • खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
• स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
• हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
• इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
• वीर्य में शुक्राणु का कम होना
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
• यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

12 बैंक खाते सीज, सभी को रिकवरी का नोटिस भेजा

जमीन पर भवन दिखाकर करोड़ों का मुआवजा हड़पने का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

बरेली-सितारगंज प्रोजेक्ट

- **जांच में खुलासा होने पर भूमि आध्यपित अधिकारी ने की कार्रवाई**

अमृत विचार: भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के निर्माणाधीन बरेली-सितारगंज प्रोजेक्ट के भूमि अधिग्रहण में धांधली की जांच चल रही है। वहीं, पीलीभीत में 12 ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं जिनके बैंक खातों में करोड़ों रुपये की रकम अधिक भेज दी गई। नियमों को ताक पर रख जारी किए गए मुआवजे का पता चलने पर रिकवरी के लिए भूमि आध्यपित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट ने खाते सीज कराने के साथ ही सभी को रिकवरी के लिए नोटिस जारी किए हैं।

बता दें, बरेली सितारगंज हाईवे के भूमि अधिग्रहण के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा कर लिया गया है। मोटा मुआवजा लेने को किसानों से औने-पौने दामों में जमीन खरीदकर उस पर रातोंरात कच्चे पक्के भवन बनाकर खड़े कर दिए। खास बात यह है कि राशि का भुगतान होने के बाद इन भवनों को वहां से गायब कर दिया गया। वास्तविक भू स्वामियों को मुआवजा देने में देरी की गई है, जबकि सिर्फ अधिक मुआवजा हथियाने के लिए उस भूमि पर भवन बनाने वाले लोगों के दावों को आनन-फानन में स्वीकार कर लिया गया। छह प्रकरण पीलीभीत के सामने आए हैं जिनमें मोटा मुआवजा दिया गया।

> कुछ मुआवजा लेने वालों के खातों में अधिक धनराशि पहुंचने का मामला संज्ञान में आया है। अभी तक करीब 12 ऐसे मामले संज्ञान में आए हैं। इन सभी के खातों को फ्रीज करवा दिया गया है। रिकवरी के लिए नोटिस भी भेजा गया है। जल्द ही इन सभी से रिकवरी की जाएगी। – **विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट /जिला आध्यपित अधिकारी

यह मुआवजा उस दौरान दिया गया, जब मुआवजे से जुड़ी समस्त प्रक्रिया विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी बरेली के माध्यम से चलाई जा रही है। जनवरी 23 से जनपद में जिला भूमि अध्यापित अधिकारी की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट को दी गई, तबसे मुआवजे संबंधी सभी प्रक्रिया जिला सिटी मजिस्ट्रेट के स्तर से चल रही है। इधर अधिग्रहण के नाम पर हुए घोटाला उजागर होने पर जिम्मेदारों ने मुआवजा संबंधी फाइलों को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। पूर्व में दिए गए मुआवजे संबंधी रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। इस बीच अब कुछ मुआवजा लेने वालों के बैंक खातों में अधिक धनराशि पहुंचने का मामला सामने आया है। इसमें लखनऊ के एक मुआवजा धारक को 24 लाख रुपये की धनराशि अधिक पहुंचने का पता चलने पर आध्यपित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने संबंधित बैंक से जानकारी की तो पता चला कि बैंक खाते में मात्र 12 लाख रुपये ही है। इस पर तत्काल बैंक खाता फ्रीज करवा दिया गया। साथ ही रिकवरी को नोटिस भेजा है। आध्यपित अधिकारी के मुताबिक करीब 12 मामले ऐसे पाए गए हैं जिनके खातों में अधिक धनराशि पहुंची है। सभी खातों को फ्रीज कराने के साथ ही रिकवारी का नोटिस भेजा है।

चार दिन में दो किशोरी और एक किशोर लापता

बीसलपुर, अमृत विचार: विभिन्न स्थानों से चार दिन के भीतर दो किशोरी और एक किशोर लापता हो गया। परिजन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर उनकी बरामदगी की गुहार लगाई है। नगर के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी 16 वर्षीय पुत्री को 25 अगस्त की रात मोहल्ला ग्यासपुर का कामिल खान फुसलाकर ले गया। इस दौरान आरोपी का सहयोग उसके पिता रियासत, मां शादाब और भाई आमिर ने किया।

पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे मामले में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को 28 अगस्त की सुबह 11 बजे कोई फुसलाकर ले गया। किशोरी घर से बैंक जाने के लिए निकली थी। काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। उधर, मोहल्ला ग्यारसपुर की पारो बेगम पत्नी शमशाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र आलम 28 अगस्त की सुबह सात बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित पर काम करने गया था। देर शाम तक वापस नहीं आया तो तलाश शुरू की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सुरागरसी में जुट गई है।

चित्रांश महासभा ने क्षितिज का किया सम्मान

पीलीभीत: अखिल भारतीय चित्रांश महासभा ने सुपरस्टार सिंगर सीजन थ्री में द्वितीय स्थान पर रहे शहर के क्षितिज सक्सेना का सम्मान समारोह बुधवार शाम मोहल्ला तखान स्थित परमठ मंदिर में किया। मुख्य अतिथि डॉ.पीएन सक्सेना, उनकी पत्नी डॉ.ममता सक्सेना ने कार्यक्रम शुरू किया। क्षितिज ने गीत गाकर समा बांध दिया। पूर्वी सक्सेना, संजीव सक्सेना, डॉ भरत कंचन, डॉ पीएन सक्सेना, संजीव पाराशरी आदि ने भी गाने गाए। संचालन अमित सक्सेना ने किया। संरक्षक विनय कुमार सक्सेना, करुणा शंकर सक्सेना, साकेत सक्सेना, रामजी नाथ, सुरभि सक्सेना, सरोज जौहरी आदि मौजूद रहे।

राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने सीएमओ को बताईं समस्याएं

मझोला: राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल सीएमओ डॉ.आलोक कुमार से मि और बताया कि अमरिया के ग्राम भूड़ा कैमोर में सीएचसी भवन उपयोग लायक नहीं बचा। जिस कारण क्षेत्र के कैमोर, भूड़ा, दियुरनिया भद्सरा, उडरा समेत कई गांवों की करीब दस हजार से अधिक आबादी प्रभावित है। उन्होंने भवन के जीर्णोद्धार की मांग की। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने मझोला के सरकारी अस्पताल में सप्ताह में मात्र दो तीन दिन एक डॉक्टर आने की बात कही और जरूरी सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं होने की बात कही हैं। सीएमओ ने दोनों ही मामलों का जल्द निस्तरण होने की बात कही।

डायमंड हाकी क्लब ने मनाई ध्यानचंद की जयंती

पूरनपुर: डायमंड हाकी क्लब ने गुरुवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती धूमधाम मनाई। इस दौरान क्लब और खिलाड़ियों ने मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष महेश आजाद ने बताया कि मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस दौरान पब्लिक इंटर कालेज और डायमंड क्लब के बीच मैच खेला गया। अंतिम क्षणों में डायमंड क्लब के युवराज ने फील्ड गोल कर जीत दिलाई। महेश आजाद, पूर्व चेयरमैन मुन्ने मिया अंजना, नवीन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, करमजीत सिंह, मुश्ताक अली, मनोज पासवान, प्रधानाचार्य पब्लिक इंटर कॉलेज राजेश गौतम, सौरभ सक्सेना सभासद, संजय सरकार खेल शिक्षक, घासीराम आजाद, सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मूलचंद धर्मशाला को हैरिटेज होटल के रूप में विकसित करने का भेजा जाएगा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **अखिल भारत हिंदू महासभा ने नगर पालिका चेयरमैन को ज्ञापन**

अमृत विचार: अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने जीर्णशीर्ण हालत में स्थित मूलचंद धर्मशाला की स्थिति में सुधार के लिए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल को ज्ञापन दिया है। पालिकाध्यक्ष ने भी इसे हेरीटेज होटल के रूप में विकसित कराने का प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

हिंदू महासभा के कार्यकर्ता गुरुवार को जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा की अगुवाई में एकत्र हुए और नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि रेलवे-स्टेशन के पास मोहल्ला सिविल लाइन साउथ में बल्लभनगर कॉलोनी मोड़ पर करीब 100 साल से अधिक पुरानी मूलचंद धर्मशाला है। अंग्रेजों के समय बनी यह बिल्डिंग बहुत मजबूत है। इस धर्मशाला को अयोध्या एवं हरिद्वार आदि स्थलों पर बनी धर्मशालाओं की तर्ज पर विकसित करया जाए ताकि बाहर से घूमने व इलाज आदि के लिए शहर में आने वाले लोगों को कम मूल्य में रहने के लिए स्थान प्राप्त हो सके।

वर्तमान में राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नगर पालिका के माध्यम से शहर मे जगह जगह सेल्फी प्वाइंट और सौन्दर्यीकरण कराया भी जा रहा है। इसी तर्ज पर इस पुरानी धरोहर को संरक्षण में लेकर कायाकल्प किया जाए तो जनहित में रहेगा। चेयरमैन डा. आस्था अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि मूलचंद धर्मशाला को हैरिटेज होटल के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर टूरिज्म विभाग को भेजा जाएगा। जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा विंग जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, सुनील कश्यप, अमन संजोग, सर्वेश कश्यप, चेतन श्रीवास्तव, अक्षत गुप्ता, सुभाष बाबू, लवी सिंह, राजेंद्र वर्मा, अमित अवस्थी, भगवानदास वर्मा, अंकुर सिंह भदौरिया, धर्मेंद्र, सुरेंद्र, बिंदु सिंह, कविता वंशवाल आदि मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री के ज्ञापन का डीएम ने लिया संज्ञान, टीमें गठित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ज्ञापन के प्रत्येक बिंदु की जांच के लिए अफसरों को अलग-अलग सौंपी गई जिम्मेदारी

अमृत विचार: भाजपा के बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा के पिता पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा द्वारा दो दिन पूर्व जन समस्याओं को लेकर धरना दिया था। इस दौरान उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा था। इधर डीएम ने पूर्व मंत्री के ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए सभी बिंदुओं की जांच के लिए अलग-अलग टीम गठित कर दी है।

भाजपा विधायक के पिता एवं पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने 27 अगस्त को बीसलपुर स्थित मंडी परिसर में जनसमस्याओं को लेकर समर्थकों संग धरना दिया था। इस दौरान हुई सभा में उन्होंने मुख्यमंत्री के कामकाज की कड़ी आलोचना की थी। शाम को धरना स्थल पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सात सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा गया।

ज्ञापन में छुट्टा की समुचित व्यवस्था कराते सार्वजिनक जमीनों पर अस्थाई गोशालाएं बनाने, नगर क्षेत्रों से गृहकर जलकर मौलिक निर्धारण करदाताओं की आपेक्षित सुनवाई का अवसर प्रदान करने, नगर पालिका परिषद बीसलपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार की सीबीआई से जांच कराने, बीसलपुर में तोड़ी गई 65 दुकानों का पुनः निर्माण कराने, बीसलपुर में रेलवे का कोयला डिपो बंद कराने, बाढ़-वर्षा से प्रभावित किसानों को हुई क्षति का मुआवजा देने, बजाज शुगर मिल बरखेड़ा एवं मकसूदापुर से किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाने की मांग की गई। इधर पूर्व मंत्री के ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए डीएम संजय कुमार सिंह ने सभी बिंदुओं की जांच के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया है। इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बताया कि ज्ञापन के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया था। जिलाधिकारी की ओर से जांच के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है।

भाजपा विधायक के पिता के धरना देने के बाद ही प्रशासन पर कोई असर नहीं

सड़कों से छुट्टा पशु नहीं हटा सकते तो यही बता दीजिए हादसों में मौतों की जिम्मेदारी कौन लेगा

असम हाईवे पर छुट्टा पशुओं के झुंड हुए जानलेवा, लगातार हादसों के बाद भी अफसर कर रहे हैं अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः दो दिन पहले ही बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा के पिता पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने समर्थकों के साथ मंडी समिति में धरना देकर छुट्टा पशुओं की समस्या के समाधान की मांग उठाई थी। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इन सबके बीच अफसरों ने पूर्व मंत्री को आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया गया है, लेकिन धरातल पर हालात जस के तस है। प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं है।

असम हाईवे की बात करें तो फर्राटा भरते वाहनों के बीच घूमता छुट्टा पशुओं का झुंड एक दो स्थानों पर नहीं, बल्कि पूरनपुर से पीलीभीत के बीच 10 से अधिक स्थानों पर देखे जा सकते हैं। इन छुट्टा पशुओं का हाईवे से गुजरने वाले वाहनों के लिए जहां मुसीबत का सबब बना है। वहीं, हाईवे पर कभी वाहनों से टकराकर गोवंश तो कभी गोवंश के टकराकर वाहन चालकों के घायल होने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। पिछले पखवाड़ा भर में कुछ गोवंशों की तो मौत भी हो चुकी है। बावजूद जिम्मेदार महज तमाशबीन की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं गोरक्षा का दंभ भरने वाले भी गोवंशों की दुर्दशा पर पूरीतरह से चुप्पी साधे बैठे हैं।

मंडी समिति के बाहर मुख्य मार्ग पर जमा पशु। ● अमृत विचार

असम हाईवे पर बस के पास से गुजरता छुट्टा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

> गोवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छुट्टा पशुओ को पकड़ने के लिए अभियान चलाए जाते हैं, मगर बारिश के चलते अभी अभियान नहीं चल रहा है। सड़कों पर घूम रहे पशुओं को लेकर संबंधित खंड विकास अधिकारियों से कहा गया कि वे अपने क्षेत्र में अस्थाई गोशाला का प्रबंध कर पशुओं को उसमें रखवाएं, ताकि सड़कों पर दुर्घटनाएं न हो।
> – **डॉ. अरविंद कुमार**, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

असम हाईवे से गुजर रहे हैं तो आंखें खुली रखिए

जनपद की सड़कों पर इन दिनों अगर कहीं सबसे ज्यादा छुट्टा पशु देखे जा रहे हैं तो उसमें असम हाईवे पहले नंबर है। पीलीभीत से पूरनपुर के बीच महज 40 किमी में दस से अधिक स्थानों पर रोजाना ही छुट्टा पशुओं के झुंड की मौजूदगी बनी हुई है। यह झुंड दिन में तो हाईवे पर फर्राटा भरे वाहनों के बीच घूमते देखे जाते हैं, मगर रात में यह हाईवे पर ही बैठ जाते हैं। दिन में तो रोशनी के चलते वाहन चालक झुंड को देख जैसे-तैसे वाहन निकाल ले जाते हैं, लेकिन रात में हाईवे पर डेरा जमाए बैठे झुंडों से अक्सर रोजाना हादसे हो रहे हैं। जरा सी लापरवाही में या तो इन बेजुबानों की जानें जा रही है या फिर वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं।

वृद्धाश्रम के समीप घूमता छुट्टा पशुओं का झुंड।

बढ़ रही गोशालाएं, फिर भी जगह न होने का रोना

पशुपालन विभाग के मुताबिक जनपद में 58 गोशालाएं हैं। इसमें स्थायी और अस्थाई गोशालाएं दोनों शामिल हैं। लगातार गोशालाओं की संख्या भी बढ़ रही है। इन 58 गोशालाओं में करीब छह हजार गोवंश संरक्षित है। इन सबके बावजूद जब भी छुट्टा गोवंशों का मामला आता है तो जिम्मेदार गोशालाओं में जगह न होने का रोना रोकर मामले को टालते आ रहे हैं। असम हाईवे पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को लेकर भी जिम्मेदार रटा-रटाया जवाब देकर मामले को टालते दिख रहे हैं।

बिठौराकलां के पास असम हाईवे पर बैठा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

मंडी रोड पर भी कई बार हो चुके हैं हादसे

हाईवे पर छुटा पशुओं की वजह से लगातार हादसे दर हादसे होने के बावजूद जिम्मेदार चुप है। कमोवेश यही हाल शहर के मंडी रोड का भी है, अंधेरा होते ही छुट्टा पशुओं के झुंड रोड पर ही डेरा जमाए बैठे देख जा रहे हैं। नौगवां ओवरब्रिज पर भी छुट्टा पशुओं का जमावड़ा रहता है। हाईवे को छोड़कर शहर के भीतर के मुख्य मार्गों पर भी इनकी भरमार है। रेलवे स्टेशन रोड, मुख्य बाजार, गांधी स्टेडियम मार्ग पर रात के वक्त पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है।

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

बच्चों के बीच हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट के बाद पथराव, कई घायल

पूरनपुर, अमृत विचार : एक दिन पहले बच्चों में हुए विवाद को लेकर दो पक्षों मे झगड़ा हो गया। गाली गलौज का विरोध करने पर कुछ लोगों ने पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान हुए पथराव में एक युवक घायल हो गया। दो समुदायों के बीच झगड़े की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मामले की जानकारी की घटना नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा की है। बताते हैं कि मंगलवार को बच्चों में मामूली विवाद हो गया था। इसको लेकर एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर के सामने गाली गलौज करने लगे। पड़ोसी हारुन ने घर के बाहर गाली गलौज करने से मना किया। आरोप है कि इस पर उनके घर में घुसकर हारुन और उनके बेटे आरिफ की पिटाई लगा दी। ईंट पत्थर भी चले। पथराव के समय उधर से गुजर रहे दीपेश मिश्रा सिर में ईंट लगने से घायल हो गए। पथराव के बाद अफरा तफरी मच गई। दोनों के अलग समुदाय से होने पर सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। झगड़ा करने वाले तब तक भाग चुके थे। घायल हारुन और दीपेश को सीएचसी ले जाया गया। बाद में कोतवाली पहुंचकर कुछ लोगों ने मामले को साम्प्रादायिक बताते हुए आरोप लगाना शुरू कर दिया। घायलों ने पुलिस को तहरीर दी। कस्बा चौकी प्रभारी प्रद्युमन कुमार ने बताया कि बच्चों के बीच एक दिन पहले झगड़ा हो गया था। इसको लेकर बुधवार रात विवाद हुआ। इस दौरान दो लोग घायल हुए हैं। मामले में समझौते के प्रयास चल रहे हैं।

किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को तीन साल कैद जुर्माना

पीलीभीत, अमृत विचार: किशोरी से छेड़छाड़ करने के आठ साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट डॉ.शिवा पांडेय ने आरोपी को दोषी पाते हुए तीन साल कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। मामला अमरिया थाना क्षेत्र का है। एक किशोरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पांच मई 2016 को शाम साढ़े सात बजे वह अपने मकान की छत पर गई थी। इस बीच पड़ोसी भूपेंद्र छत पर आ गया और छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर रिश्तेदार आ गए और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट डॉ.शिवा पांडेय की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने भूपेंद्र कुमार को दोषी पाते हुए तीन साल कैद और चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की धनराशि बतौर प्रतिकर पीड़िता को अदा करने के भी आदेश किए गए।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना
मेरे सगे भाई बलकार सिंह की मृत्यु के समय एक पुत्र मन्दीप सिंह व दूसरा पुत्र उपकार सिंह उर्फ रिंकू तथा उनकी पत्नी सरजीत कौर थे। मंदीप सिंह मेरी पत्नी एवं मेरे बच्चों को प्रतिदिन प्रताड़ित करता है उसके कृत्यों से काफी तंग आ कर मैंने मंदीप सिंह से हमेशा के लिए अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **गुरदास सिंह पुत्र श्री बुआ सिंह निवासी ग्राम पिपरिया भजा थाना गजरौला, जिला पीलीभीत**

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

सूचना
मेरा पुत्र परख कौशिक उम्र 22 वर्ष पुत्र श्री अभिषेक शर्मा जो कि गलत संगत में पड़ गया है उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण बेहद परेशान हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **श्रीमती माला शर्मा पुत्री श्री महेश चन्द्र शर्मा पत्नी अभिषेक शर्मा निवासी- हनुवन सिटी, फेस-02, वीर सावरकर नगर, इज्जतनगर, जिला बरेली (उ.प्र.)**

सूचना
मैं अपने पति अभिषेक शर्मा से उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **श्रीमती माला शर्मा पुत्री श्री महेश चन्द्र शर्मा पत्नी अभिषेक शर्मा निवासी- हनुवन सिटी, फेस-02, वीर सावरकर नगर, इज्जतनगर, जिला बरेली (उ.प्र.)**

सूचना
मै. मदार राइस इंडस्ट्रीज शेरपुर कलां, पूरनपुर पीलीभीत के साझेदारों में से मदार खां पुत्र श्री अब्दुल्ला खान निवासी मोहल्ला- बमनपुरी पूरनपुर जिला पीलीभीत की साझेदारी समाप्त हो गई है। मदार खां पुत्र श्री अब्दुल्ला खान निवासी मोहल्ला- वमनपुरी पूरनपुर जिला पीलीभीत के स्थान पर इजहार अहमद खां पुत्र श्री इकबाल अहमद खान व इशराक खान पुत्र श्री इजहार अहमद खां निवासी ग्राम शेरपुर कलां पूरनपुर पीलीभीत को मै. मदार राइस इंडस्ट्रीज शेरपुर कलां पूरनपुर पीलीभीत में बतौर साझेदार शामिल किया जाता है।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available

Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
BAREILLY Excellence towards profession
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309

फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक

कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज

कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज

शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज

प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी

ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट

निः शुल्क परामर्श

उपलब्ध सुविधाये :-
❖ X-RAY, ❖ ULTRASOUND, ❖ BLOOD TEST, ❖ ECG

एक नजर

युवक को सांप ने डसा

पूरनपुर : कोतवाली क्षेत्र के गांव नजीरगंज के रहने वाले मोहम्मद शाह पुत्र मौला शाह गुरुवार को खेत में घास काटने गए थे। इस दौरान घास में छिपे सांप ने उसे डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी लाए। हालत गंभीर होने पर युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

मीरपुर वाहनपुर में चेहल्लुम मेला शुरू

बीसलपुर : गांव मीरपुर वाहनपुर में पांच दिवसीय चेहल्लुम मेला शुरू हो गया। जिसमें भीड़ उमड़ने लगी है। मेले में दुकानें, झूला, जादूई सर्कस, मौत का कुआं आदि खेल तमाशा लगाए गए हैं। सुरक्षा को लेकर पुलिस बंदोबस्त नहीं हो सका है, न ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त है। एसडीएम महिपाल सिंह का कहना है कि व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

नाकामी छिपाने को स्वास्थ्य विभाग जारी नहीं कर रोग से पीड़ित बच्चों का डाटा , सीएमओ बोले-जिन क्षेत्रों में मरीज मिल रहे वहां भेजी जा रहीं टीमें

जिले में डिप्थीरिया का प्रकोप, दो बच्चों की मौत, कईंयों में मिले लक्षण

कार्यालय संवाददाता पीलीभीत

अमृत विचार. जनपद में डिप्थीरिया (गलाघोंटू) के लक्षण तेजी से पांव पसार रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग अपनी नाकामियां छिपाने के लिए डाटा जारी नहीं कर रहा है। वहीं, अब तक जनपद में डिप्थीरिया संदिग्ध करीब एक दर्जन बच्चे सामने आ चुके हैं, जिसमें से दो बच्चों की मौत भी हो चुकी है। पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग ने चुप्पी साध रखी है। फिलहाल अब टीम मृतक बच्चों के गांवों में निगरानी करने के साथ ही गांवों में बच्चों का टीकाकरण करने में जुटी है। इसके साथ ही बच्चों में बीमारी की पुष्टि के लिए सैंपल लिए गए। बीमार बच्चों का इलाज किया गया।

बता दें जिले में पिछले एक माह से डिप्थीरिया के संदिग्ध केस सामने आ रहे हैं। बीते 8 अगस्त को बरखेड़ा के खमरिया में नौ वर्षीय दो जुड़वां भाइयों उमर व फरमान में डिप्थीरिया के लक्षण पाए गए थे। जानकारी मिलने पर दोनों को जनपद मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने लापरवाही दिखाते हुए दोनों बच्चों को लखनऊ रेफर कर दिया गया था। इसके अगले ही दिन पूरनपुर क्षेत्र के दो भाई-बहन कशिश व अमन में डिप्थीरिया के लक्षण देखने को मिले थे। इन मरीजों में भी डिप्थीरिया के पाया गया था। हालांकि रिपोर्ट नहीं आई थी। 15 दिन पहले बीसलपुर के गा11रपुर वाहनपुर निवासी अफजल पुत्र नवी और बरखेड़ा के गांव पचपेड़ा निवासी पंकज पुत्र सुरेंद्र सिंह में डिप्थीरिया के लक्षण पाए गए थे। इस पर अफजल के परिवार वालों ने बरेली के मिशन हॉस्पिटल व बरखेड़ा के पचपेड़ा निवासी पंकज पुत्र सुरेंद्र सिंह को लखनऊ में भर्ती कराया था। जहां सात दिन पहले दोनों बच्चो की मौत हो गई।

पहले स्वास्थ्य विभाग मामले को दबाने के लगा रहा, लेकिन मामला वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अफसर एक बच्चे को संदिग्ध और दूसरे को पॉजिटिव डिप्थीरिया बता रहे हैं। परिवार वालो ने दोनो बच्चों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। एव स्वास्थ्य विभाग की टीम में दोनों गांव में अन्य मरीजों की निगरानी करने में जुटी हुई है। फिलहाल जिले में डिप्थीरिया से दो बच्चों की मौत का मामला पहले सामने आया है। जिससे अन्य लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

नहीं आई जांच रिपोर्ट, सर्विलांस फेल

डिप्थीरिया संदिग्ध बच्चों का सैंपल लेकर जांच के लिए नई दिल्ली भेजा गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ. विपिन मिश्रा के मुताबिक संदिग्ध बच्चों के सैंपल राजधानी स्थित राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) भेजे गए। हालांकि अभी तक किसी रिपोर्ट के आने की सूचना जिम्मेदारों की ओर से नहीं दी गई है। इसके साथ ही बच्चों में फैल रहे गलाघोंटू के लक्षणों को लेकर सर्विलांस भी फेल होता नजर आ रहा है। बंद कमरों में चाय पर चर्चा कर आला अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

> डिप्थीरिया संदिग्ध एक बच्चे की मौत हुई है। जिन क्षेत्रों में मरीज मिल रहे हैं वहां टीमों को भेजकर सर्विलांस कराया जा रहा है। टीकाकरण से छूटे बच्चों का विशेष शिविर लगाकर टीकाकरण करा रहे हैं। साथ ही अन्य गांव में निगरानी कर रहे हैं। – डॉ. **आलोक कुमार**, सीएमओ

- गांवों में शिविर लगाकर बच्चों का टीकाकरण कराने का किया दावा

इन लक्षणों पर हो जाएं सावधान

- टॉन्सिल और गले पर एक मोटी भूरे रंग की कोटिंग
- बेचैनी
- ठंड लगना
- बुखार
- तेज खांसी
- गर्दन में सूजी हुई ग्रंथियां
- गले में खराश
- सांस लेने और निगलने में कठिनाई

प्रसूता से मांगा तीन हजार रुपये सुविधा शुल्क

पूरनपुर, अमृत विचार : महिला अस्पताल में प्रसव के बाद स्टाफ ने प्रसूता से तीन हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगा। मना करने पर प्रसूता को प्रताड़ित किया गया। प्रसूता की सास ने एमओआईसी को पत्र देकर शिकायत की है। जिसमें बताया कि मोहल्ला हबीबगंज गौटिया की गर्भवती रितु को परिजनों ने महिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया। गुरुवार सुबह बेटी का जन्म हुआ। आरोप है कि प्रसव के बाद स्टाफ ने प्रसूता से नार कटाई के 500 और 2500 रुपये सुविधा शुल्क मांगा। प्रसूता और उसके परिजनों ने जब रुपए देने से मना कर दिया तो उन्हें प्रताड़ित किया गया। महिला अस्पताल के स्टाफ के इस व्यवहार से परेशान प्रसूता की सास अनीता देवी ने एमओआईसी को पत्र देकर शिकायत की। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आलमगीर ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

परिवार के पलायन के बाद दौड़ी पुलिस, दो आरोपी गिरफ्तार

दुष्कर्म पीड़िता के परिवार की पुलिस नहीं जुटा सकी जानकारी

संवाददाता, बिलसंडा

- प्रधान की मदद से मकान बिक्री का लगा पोस्टर हटवाया

अमृत विचार: दबंगों से परेशान दुष्कर्म पीड़िता के परिवार के पलायन करने के 36 घंटे बाद पुलिस हरकत में आई और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गांव से पलायन करने वाले पीड़ित परिवार के बारे में पुलिस अभी जानकारी नहीं जुटा सकी है। उधर, बुधवार की रात गांव पहुंचे कुछ जिम्मेदारों ने प्रधान की मदद से पीड़ित के मकान बिक्री से संबंधित पोस्टर दीवार से हटवा दिया । करेली थाना क्षेत्र की एक किशोरी से दुष्कर्म के आरोप लगाते हुए परिवार ने पुलिस से शिकायत की थी।

आरोप था कि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने में हीलाहवाली की।आरोपी ने दोबारा पीड़िता के घर में घुसकर उसे अगवा कर लिया और बचाने दौड़े भाई को पीट कर लहूलुहान कर दिया। आरोप था कि पुलिस ने तहरीर बदलवाकर सिर्फ मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन उसके बाद भी

दबंगों के डर से दुष्कर्म पीड़िता के परिवार ने गांव से किया पलायन
बिलसंडा के करेली क्षेत्र का मामला, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

आरोपियों को गिरफ्तार करने की जहमत नहीं उठाई। आरोपी की धमकी से घबराकर पीड़ित परिवार गांव से पलायन कर गया।

बुधवार की दोपहर परिवार के पलायन की जानकारी हुई। मकान के बाहर मकान बिकाऊ है का पोस्टर भी लगा दिया। इसके 36 घंटे गुजरने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस अभी तक यह जानकारी नहीं जुटा पाई ,कि पीड़ित परिवार गांव से पलायन करने के बाद कहां गया। बताते हैं कि गांव से पलायन करने से पहले पीड़ित परिवार ने अपने मकान पर पोस्टर भी चस्पा किया था, जिसमें दबंग से परेशान होकर मकान बेचने और गांव से पलायन करने का जिक्र किया था। उधर बुधवार की रात गांव पहुंचे जिम्मेदारों ने प्रधान को बुलाकर मकान पर चस्पा पोस्टर हटवा दिया।

19 दिन बाद भी किशोरी का सुराग नहीं

बिलसंडा, अमृत विचार : नामजद रिपोर्ट दर्ज करने के 19 दिन गुजरने के बाद भी पुलिस न तो किशोरी को बरामद ही कर सकी है न ही आरोपी पकड़ा जा सका है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर गुहार लगाई है। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने 11 अगस्त को पांच लोगों के खिलाफ किशोरी को फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि 10 अगस्त की रात को आरोपी किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। 19 दिन बाद भी पुलिस ने किशोरी को बरामद नहीं किया है। पिता ने आहत होकर अब मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है।

खेल शिक्षक प्रखर मिश्र को मिला सम्मान

पुरस्कृत किए जाते प्रखर मिश्र।

पीलीभीत: राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर पीटीआई प्रखर मिश्र को मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र अशोक ध्यानचंद राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया। बता दें कि प्रखर मिश्र बेसिक शिक्षा विभाग में पीटीआई के पद पर कार्यरत हैं।

खेलों में विशेष रूचि रखते हैं। अपने विद्यालय के बच्चों को भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराते हैं। इससे पूर्व भी विभिन्न प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर वह सम्मानित हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2009 के योग चैंपियन भी रह चुके हैं। विभिन्न खेल संस्थाओं में भी वर्तमान में जुड़े हुए हैं। बता दें कि मुरादाबाद के बिलारी इलाके में एक निजी संस्थान में राज्य स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था।

बाउंड्री वॉल का अता-पता नहीं, डकार गए 3.59 लाख

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बीडीओ की जांच में ग्राम प्रधान और-सचिव गठजोड़ का सामने आया
- पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत दयालपुर का मामला

अमृत विचार: श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल का निर्माण कागजों में दर्शाते हुए लाखों रुपए की रकम डकार ली। शिकायत के बाद जांच में इसका खुलासा हुआ है। जांच अधिकारी को मौके पर बाउंड्रीवॉल तो दूर बाउंड्रीवॉल के नाम पर एक धेला भी लगा नहीं मिला। जांच अधिकारी ने प्रथम दृष्टया ग्राम प्रधान को दोषी पाते हुए जांच रिपोर्ट डीपीआरओ को सौंपी है। ऐसे में अब फर्जीवाड़ा करने वालों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

मामला पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत दयालपुर का है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करते हुए ग्राम प्रधान और सचिव राहुल भारती पर श्मशान घाट की बाउंड्री निर्माण कार्य में लाखों रुपए गबन करने का आरोप लगाया था। कहा गया कि मौके पर श्मशान घाट की भूमि पर काई बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं कराया गया है। शिकायत के बाद उपायुक्त श्रम रोजगार वंदना सिंह की ओर से मामले की जांच कराई गई। जांच अधिकारी/ खंड विकास अधिकारी पूरनपुर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान मौके पर कोई बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं पाया गया। जबकि अभिलेखों में श्मशान की पूर्व दिशा में बाउंड्री वॉल के नाम पर 39,976 रुपये, उत्तर दिशा में 76,465 रुपये, दक्षिण दिशा में 1,70732 रुपये और पश्चिम दिशा में बाउंड्री वॉल के नाम पर 72,002 रुपये खर्च होना दर्शाया गया।

जांच अधिकारी ने ग्राम प्रधान मंदोदरी देवी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए रिपोर्ट उपायुक्त श्रम रोजगार को सौंप दी। उपायुक्त श्रम रोजगार ने जांच रिपोर्ट डीपीआरओ को भेजकर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ऐसे में अब ग्राम प्रधान और संबंधित सचिव के खिलाफ कार्रवाई तय होना माना जा रहा है।

> पूरनपुर ब्लाक की एक ग्राम पंचायत में श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल को लेकर शिकायत की गई थी। इसको लेकर जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। जल्द ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। – **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

सार-संक्षेप

खेल दिवस पर कराए गए इंडोर और आउटडोर गेम्स

पीलीभीत : गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में खेल दिवस पर इंडोर और आउटडोर गेम्स में कक्षा प्रथम से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक निशांत गोस्वामी, प्रधानाचार्या सोनिया गोस्वामी, नीलोफर अंसारी ने हरी झंडी दिखाई। फाइनल राउंड गुरुवार को हुआ। कक्षा एक के मसल स्ट्रेंथ रेस में प्रथम अर्जुन सिंह, द्वितीय जयास, तृतीय मंचित रहे। ऑब्सटेकल रेस में आरव गंगवार, अर्जुन सिंह, आकर्ष गुप्ता, सैग रेस में जायस, अनिरुद्ध, निश्चय क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पर रहे। जबकि शूज हर्डल रेस में मंचित ने प्रथम और आरव ने द्वितीय स्थान पाया। लेमन रेस में दर्श गुप्ता, रिंग जंप रेस में अनिरुद्ध प्रथम रहे। बॉल बैलेंस में परी शर्मा, अर्पित और अध्या, क्रैब वॉक रेस में सिद्धार्थ, प्रिंस और अर्जित ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

ज्ञान में कराई गई इंटरहाउस क्रिकेट प्रतियोगिता

पीलीभीत, अमृत विचार : ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। पहले मैच में ग्लोरियस हाउस को हराकर एंबिशियस टीम विजेता रही। दूसरे में नोबेल को हराकर यूथ हाउस विजेता रहा। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एंबिशियस हाउस ने 10 ओवर में 96 रन का स्कोर बनाया। यूथ हाउस की ओर से आदित्य पाठक और मोहम्मद तैमूर ने टीम को जीत दिलाई। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा और प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मैन ऑफ द मैच यूथ हाउस के आदित्य पाठक को दिया गया। मैच अंपायरिंग शिक्षक दीपक पाठक ने की। मैच खेल शिक्षक रेनू पालीवाल और वैभव तिवारी के संरक्षण में हुआ।

छात्र-छात्राओं ने ग्रहण की सपा की सदस्यता

बिलसंडा : सपा के सदस्यता अभियान को लेकर विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने टीम संग राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को संगठन से जोड़ा। छात्र,नौजवान,पीडीए जागरूता अभियान के तहत शिविर लगाया गया। समाजवादी छात्र सभा जिलाध्यक्ष अभिषेक गंगवार ,हरपाल सिंह एडवोकेट, केदारनाथ गौतम, रोहित मिश्रा, अंसार मंसूरी, परवेज खान, हारुन खान, अमन यादव, श्रीकृष्ण वर्मा, अमित गौतम, जीशान खान, अवनीश कुमार, रिजवान आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सखियों को बैठक कर किया जागरूक

मझोला, अमृत विचार : ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूह से चयनित स्वास्थ्य सखियों की बैठक का आयोजन किया गया। जनपद से आए जिला मिशन प्रबंधक प्रदीप कुमार गौतम ने जानकारी दी। कहा कि स्वास्थ्य सखियों की ओर से विकासखण्ड से संबंधित ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं स्वच्छता संबंधी जानकारियों को प्रसारित किया जा रहा है। गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक एवं पोषण संबंधी जानकारी से प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ संजय कुमार यादव, बीएमएम कुशाग्र अग्निहोत्री, रमनजीत, जागेश कुमार, मंजू सरोज आदि मौजूद रहे।

गुलेश्वर नाथ मंदिर के निर्माण को मिले दो करोड़

बीसलपुर : प्रोजेक्ट वंदन के तहत चयनित नगर के प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर के नवनिर्माण के लिए शासन से दो करोड़ रुपये की धनराशि मिली है। इसके बाद गुरुवार से निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। यह मंदिर नगर की संस्कृति पौराणिक और धार्मिक विरासत के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल ने इसके लिए प्रयास किए थे। जिसमें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का खासा सहयोग रहा। शासन से दो करोड़ रुपये की धनराशि मिलते ही चेयरमैन के निर्देश पर गुरुवार से काम शुरू करा दिया गया। जेसीबी मशीन से पुराने कमरों को ध्वस्त किया गया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की ने बताया कि निर्माण कार्य जारी रहेगा।

परवेज खान सछास के नगराध्यक्ष मनोनीत

बिलसंडा, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष के अनुमोदन पर जिला अध्यक्ष पीलीभीत अभिषेक गंगवार ने नगर के परवेज खान को नगर अध्यक्ष बनाया गया। उनके मनोनयन पर विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा ,प्रदेश सचिव जीसान खान, हरिपाल सिंह लोधी, आदित्य यादव, अंसार मंसूरी, नन्हे चौधरी, रेहान फरीदी ,रिजवान खान ,रोहित मिश्रा, हारुन खान, तोसिम समेत लोगों ने बधाई दी।

शौच करने गए ग्रामीण की तालाब में डूबकर मौत

संवाददाता, अमरिया

- गांव जिठनियां का मामला, दूसरे दिन उतराता मिला शव

अमृत विचार: शौच करने गए ग्रामीण की तालाब में डूबकर मौत हो गई। उसका शव दूसरे दिन तालाब में उतराता मिला। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव जिठनियां के घासी राम (43) पुत्र श्यामलाल बुधवार रात करीब आठ बजे गांव के बाहर तालाब के पास शौच करने गए थे। अचानक पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गए और डूब गए। काफी देर बाद भी जब वह वापस नहीं आए तो परिवार वाले तलाश करने में जुट गए। आसपास के ग्रामीणों से भी जानकारी की। रात भर जंगल में तलाश की जाती रही। दूसरे दिन गुरुवार सुबह तालाब में उतराता शव मिला। ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी आ गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी की। मृतक के दो पुत्र व दो पुत्री हैं। मृतक मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद पत्नी भगवान देई का रोकर बुरा हाल रहा। एसओ बृजवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

50 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सड़क निर्माण, सिंचाई, विद्युत देय, पंचायत भवन निर्माण, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, आजीविका मिशन, कौशल विकास मिशन, लघु सिंचाई आदि की विभागवार समीक्षा की गई।

डीएम ने 50 लाख से अधिक लागत की भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा की। ड्रग वेयरहाउस निर्माण को लेकर बताया गया कि 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। राजकीय आईटीआई बरखेडा के निर्माण कार्य पूरा होने पर डीएम ने शीघ्र ही हैंडओवर करने के निर्देश दिए। ललित हरि पीजी एवं 50 बेडेड छात्रावास निर्माण के समीक्षा के दौरान बताया गया कि कार्य पूरा किया जा चुका है, शीघ्र की हैंडओवर की कार्यवाही की जाएगी।

श्री शंकर जी महाराज विराजमान मंदिर नूरानपुर मुडिया बरखेडा में यूपी सिडको को अवशेष कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिए। मां गोमती उदगम स्थल पर पर्यटन संबंधी निर्माण पूरा होने पर कार्यदायी संस्था को हैंडओवर करने, राजकीय हाईस्कूल मुरैना पूरनपुर में पेयजल शौचालय एवं मल्टीपरपज हाल के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। वृहद गो संरक्षण केंद्र मूसेपुर के निर्माण कार्यों की समीक्षा में 56 प्रतिशत कार्य होने की जानकारी दी गई। सहकारी बैंक के मुख्य भवन का निर्माण में अवशेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था ने बताया कि मिट्टी एवं बाउंड्रीवाल का कार्य शीघ्र पूरा करा लिया जाएगा।

शारदा नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त मार्ग का निर्माण कराने को कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया। बैठक में सीडीओ केके सिंह, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण राजेश चौधरी, अधिशासी अभियंता जल निगम मनीष कुमार, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी वीके शुक्ला, बीएसए अमित कुमार, समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई आदि मौजूद रहे।

गांधी सभागार में समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीएम। ● अमृत विचार

अवैध कब्जे की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

बरखेड़ा, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव दौलापुर के प्रसादीलाल ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ लोगों ने खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। लेखपाल ने घरौनी में दर्ज कर विक्रय कर दिया। वर्तमान में जब लेखपाल जांच करने जाते हैं तो उक्त भूमि को घरौनी में दर्ज बताकर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इससे पूर्व भी कई बार प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर आठ दिसंबर 2020 को शिकायत की गई थी। लेकिन इस तरह खतौनी में घरौनी का उल्लेख करते हुए शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। पुराने नक्शा में ग्राम आबादी व ग्राम समाज की भूमि दर्ज है। मामले की जिला स्तरीय अधिकारी से जांच कराने की मांग की है।

रुक्मिणी-श्रीकृष्ण विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता, बिलसंडा

अमृत विचार: नगर के रामजानकी सत्संग भवन में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथावाचक रामश्याम तिवारी ने कथा में भगवान श्री कृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया गया। श्रीकृष्ण रुकमणी की सुंदर झांकियों पर भक्तों ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। कथा वाचक ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है, कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी होकर कहने लगी हे.. कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था, तो हम से प्रेम क्यों किया,यह देखकर भक्त भावुक हो गए। आरती के बाद प्रसाद वितरित हुआ। व्यवस्था में कमलेश शुक्ला, नरेश जायसवाल, रामसेवक शुक्ला, केके मिश्रा, रामदास जायसवाल,गौरव अवस्थी, सुरेश जायसवाल का सहयोग रहा। उधर, कस्बा बमरौली में श्रीराधा रसिक बिहारी मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा में वृंदावन से पधारे कथा व्यास जगदीश शरण महाराज ने कृष्ण की लीलाओं का बखान किया। पूर्व प्रधान अंजली मिश्रा, संजय शर्मा, अनूप मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

अरे कोई तिरछी नजरिया ना मारो लाल मेरा सुघर सलोना है

घुंघचिहाई, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा मंदिर में कथावाचक अजय शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कहा जब नंद बाबा और यशोदा को स्वप्न में जो भगवान कृष्ण की बाल रूपी छवि दिखाई दी थी। प्रगट में भी बाल रूप में उनके पुत्र बनकर भगवान श्री कृष्ण ही आए। जिसको लेकर मां यशोदा और नंद बाबा की खुशियों का ठिकाना ना रहा। बाल रूप श्री कृष्ण के स्वरूप का दर्शन करने के लिए चौरासी कोस के समस्त ब्रजवासियों की नंद बाबा के आंगन में भीड़ लग गई। इस दौरान ब्रज से आई गोपिया श्री कृष्ण के मनमोहक बाल स्वरूप को टकटकी लगाकर देख रही थी। तब नंद बाबा के घर में रह रही एक बूढी.दासी ने कहा कि कोई तिरछी नजरिया ना मारो लाल मेरा सुघर सलोना है..। भागवताचार्य ने श्री कृष्ण के बाल स्वरूप की बधाई गाई। जिसको सुनकर समस्त श्रोतागण भाव विभोर हो गए। इसके बाद पूतना वध की कथा सुनाई गई।

बमरौली में भागवत कथा के दौरान सजाई की राधा कृष्ण की झांकी। ● अमृत विचार

श्रद्धालुओं ने लिया कंस वध लीला का आनंद

बीसलपुर : मोहल्ला दुबे स्थित तालाब स्थल पर कंस वध लीला का मंचन हुआ। जिसमें दिखाया गया कि कृष्ण के जन्म की सूचना मिलते ही कंस चिंतित हो उठता है। इसके बाद वह भगवान कृष्ण के वध करने के लिए पूतना नाम की राक्षसी को भेजता है, जो कृष्ण को घर में अकेला देखकर उनके पास आ जाती है और उन्हें उठा कर ले जाने का प्रयास करती है। मगर, भगवान कृष्ण अंत में उसका वध कर देते हैं। इसके पश्चात कंस अकासुर व बकासुर नाम के दो राक्षसों को भगवान कृष्ण की हत्या करने के लिए भेजता है। वह हत्या करने का प्रयास करता है लेकिन बाल रूप कृष्ण के हाथों दोनों राक्षस मारे जाते हैं। कमेटी अध्यक्ष मुकेश सक्सेना, गोपेश्वर, आयुष, अभय कुमार, मोहित, सुधीर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

हिंदू-मुसलमानों में नफरत पैदा करने वाली राजनीति बर्दाश्त नहीं

उर्स-ए-रजवी के आगाज के बाद मुसलमानों के प्रमुख मुद्दों पर एजेंडा जारी

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : हिंदू-मुसलमानों के बीच नफरत फैलाने वाली राजनीति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। भारत की राजनीति बेहद खराब हो चुकी है। मुसलमानों ने अगर इससे दूरी न बनाई तो नुकसान उठाना पड़ेगा। बृहस्पतिवार को उर्स-ए-रजवी के आगाज के बाद आल इंडिया मुस्लिम जमात की ओर से मुस्लिम एजेंडा जारी करते हुए यह बात उलमा ने कही।

जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी की अगुवाई में उलमा और आलिमों ने भारतीय राजनीति, मुसलमानों की तरक्की, शिक्षा, वक्फ संशोधन बिल और समान नागरिक संहिता समेत कई बिंदुओं पर एजेंडा जारी किया। मौलाना शहाबुद्दीन ने लड़कियों के लिए अलग स्कूल-कॉलेज खोलने पर जोर देते हुए कहा कि मुसलमानों को शिक्षा, कारोबार और परिवार पर ध्यान देने की जरूरत है, उन्हें समाज में फैल रही बुराइयों की रोकथाम के लिए भी आगे आना चाहिए।

उलमा ने मुस्लिम लड़कियों के धर्मांतरण पर भी नाराजगी जताई। बांग्लादेश में तख्ता पलट के दौरान हिंदुओं के मकानों और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई। कहा गया कि राजनीतिक पार्टियां मुसलमानों का इस्तेमाल करती हैं और सरकार बनाने के बाद उन्हें भूल जाती हैं। जो पार्टी मुसलमानों के लिए काम करेगी, मुसलमान उसी का साथ देगा। हाफिज नूर अहमद, मुफ्ती सादिक सकाफी, सूफी अब्दुल रहमान, सूफी पीर मोहम्मद हनफी, मौलाना मजहर इमाम, अब्दुस्सलाम रजवी, मौलाना रिजवानुल हक, मुफ्ती शाकिरुल कादरी समेत कई उलमा मौजूद थे।

एक होटल में मुस्लिम एजेंडा पेश करती ऑल इंडिया मुस्लिम जमात।

मुसलमानों को दीं ये हिदायतें

- अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा तालीम दिलाने की करें कोशिश।
- मालदार मुसलमान गरीब बच्चों की फीस का खर्च उठाएं।
- मदरसों में अरबी उर्दू के साथ हिंदी, अंग्रेजी व कंप्यूटर की भी शिक्षा दें।
- मां-बाप विरासत में लड़कियों को भी हिस्सा दें।
- मुसलमान जकात का पैसा गरीबों पर खर्च करें।
- कानून के दायरे में रहें, उत्पीड़न होने पर अधिकारियों से करें शिकायत।
- वोटर आईडी और आधार समझदारी से बनवाएं, बढ़चढ़कर मतदान करें।

खराब हो रहा देश का माहौल

उलमा ने कहा कि वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की ईदगाह, बदायूं की जामा मस्जिद, दिल्ली की कुव्वतुल इस्लाम मस्जिद, कर्नाटक में ईदगाह के साथ ताजमहल और कुतुबमीनार के केस कोर्ट में विचाराधीन हैं। इससे पूरे देश का माहौल खराब हो रहा है। प्रधानमंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए।

समान नागरिक संहिता का विरोध

उलमा ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि वक्फ संपत्ति का रखरखाव और उसकी आमदनी गरीब मुसलमानों पर खर्च होनी चाहिए। समान नागरिक संहिता और ऐसे दूसरे कानून जो शरियत में दखल करते हैं, उन्हें भारत का मुसलमान स्वीकार नहीं करेगा।

मुसलमानों को किया जा रहा परेशान

कहा गया कि लव जिहाद, मॉब-लिंचिंग, धर्मांतरण, टेरर फंडिंग और आतंकवाद के नाम पर मुसलमानों को भयभीत किया जा रहा है। इस पर रोक लगनी चाहिए। अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए लाई गई योजनाओं का मुसलमानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है।

उर्स-ए-रजवी का आगाज

● पहले ही दिन उमड़ पड़ा जायरीन का सैलाब

इस्लामिया मैदान के गेट पर परचम कुशाई की रस्म अदा कर उर्स-ए-रजवी का किया आगाज।

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : इस्लामिया ग्राउंड में 106 वें उर्स-ए-रजवी का बृहस्पतिवार को जोशोखरोश के साथ आगाज हुआ। रजा-रजा के नारों की गूंज के बीच दरगाह आला हजरत के प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खां सुब्हानी मियां ने परचम कुशाई की रस्म अदा की।

सुब्हानी मियां ने इस्लामिया ग्राउंड के मेन गेट पर रात 9 बजे दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां, सैयद आसिफ मियां और देश-विदेश से आए उलमा की मौजूदगी में रजवी परचम लहराया। इससे पहले आजम नगर में हाजी अल्लाह बख्श के निवास पर फातेहा की गई। यहीं से सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की कयादत में शुरू हुआ परचमी जुलूस कुमार दरगाह आला हजरत पर पहुंचा। यहां सलामी देने के बाद जुलूस सुब्हानी मियां की कयादत में इस्लामिया ग्राउंड पहुंचा जहां परचम कुशाई की रस्म अदा कर उर्स का आगाज किया गया।

परचम कुशाई होते ही इस्लामिया ग्राउंड से लेकर दरगाह आला हजरत और मथुरापुर के जामियतुर्रजा मदरसे तक भीड़ नजर आने लगी। देर रात तक आला हजरत के नारों के साथ जायरीन इस्लामिया ग्राउंड पहुंचते रहे। दरगाह आला हजरत पर भी हाजिरी का सिलसिला शुरू हो गया।उर्स में नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, यूके, श्रीलंका के अलावा पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, केरल, असम से जायरीन पहुंचे हैं।

खेल दिवस पर गन्ना कालेज में हुई प्रतियोगिताएं

पूरनपुर : गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को मेजर ध्यानचंद की जयंती पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि खेल सामाजिक बंधनों को मजबूत बनाता है। खेल एकता को बढ़ाता है। एनएनओ डा. अर्निका दीक्षित, कार्यक्रम अधिकारी शाहिद खान ने कहा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। डा. रेखा सिंह, डा. अरविंद कुमार दीक्षित, शोभना मिश्रा, अनूप कुमार शुक्ला, आशीष कंचन आदि मौजूद रहे।

परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर सम्मानित

पूरनपुर : तहसील सभागार में गुरुवार को परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर महेंद्र मिश्रा, मुरारी श्रीवास्तव, आरती देवी, पवन यादव, ऋतुराज, सुनील वर्मा सम्मानित किए गए। एसडीएम राजेश शुक्ला, सीओ विशाल चौधरी ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। काउंसलरों को बेहतर काम के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इस दौरान प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के महामंत्री संजय पांडे ने भी काउंसलरों की सराहना करते हुए सितंबर महीने में उन्हें सम्मानित करने की बात कही।

खोखो और म्यूजिकल चेयर में दिखाई प्रतिभा

पीलीभीत : स्प्रिंगडेल कॉलेज में कक्षा तीन व चार के विद्यार्थियों ने खो - खो व म्यूजिकल चेयर खेल खेला। जिसमें टीम ए के विद्यार्थियों अमान , प्रांजल , मोहसिन , सुमैल , अजहान , अंश , दक्ष , अंकुर ने अच्छा प्रदर्शन किया। कक्षा पांच की गुरसीरत कौर ने मेजर ध्यानचंद के जीवन विषय में विस्तार से बताया। कक्षा पांच की हिरा नूर ने शारीरिक लाभ के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य प्रिया आनंद ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

लिटिल एंजेल्स के तैराकों ने झटके गोल्ड मेडल

पीलीभीत : लिटिल एंजेल्स स्कूल की टीम ने डीपीएस बरेली में दसवें इंटर स्कूल स्विमिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल जीते। शतरंज में नैतिक जैसवाल, शौर्य पांडे, अर्नव विजेता, सुगंध गंगवार, तनवीर चन्द्रा, प्रथम पांडेय उपविजेता रहे। प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, अंजू सक्सेना, नीना मेहरोत्रा, मौजूद रहे। इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रज्जवल कुमार, अंश गंगवार, अविका, परी सिंह, वैष्णवी, लावन्या वैश्य आदि को सम्मानित किया गया।

डीएम ने दो परिषदीय स्कूलों का किया निरीक्षण

पीलीभीत, अमृत विचार: डीएम संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को मरौरी ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय देशनगर अलीगंज एवं प्राथमिक विद्यालय टंडोला का औचक निरीक्षण किया।

कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण में पांच शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौके पर उपस्थित पाए गए। दो शिक्षक आकस्मिक अवकाश पर होने की जानकारी दी गई। प्राथमिक विद्यालय टंडोला के निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षकाएं उपस्थित मिले। पंजीकृत 84 बच्चों के सापेक्ष 62 बच्चे उपस्थित पाए गए। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, बच्चों की हाजिरी रजिस्टर, मिड डे मिल रजिस्टर को चेक किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं शिक्षा में और सुधार लाने के निर्देश दिए।

सार्वजनिक सूचना

जिनसे भी संबंधित हो सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पछकार आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड बदायूं के निर्देश पर नोटिस दिया जाता है कि ऋणी पुष्पा देवी ने अपनी एक संपत्ति स्थित मोहल्ला लोची नगला गली नंबर 5 बदायूं में स्थित है जिसको बंधक रख ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का मुआदबय सुशील कुमार व राकेश कुमार पुत्रगण तोताराम सागर के पक्ष में निष्पादित किया था जो की रजिस्ट्रार बदायूं के कार्यालय में वही नंबर 1 जिल्द नंबर 2121 ट्रस्ट संख्या 236 से 237 क्रम संख्या 3181 दिनांक 8.11.84 को पंजीकृत है उक्त विक्रय पत्र कही गिरकर खो गया है बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिला है। जिसकी सूचना थाने में दी जा चुकी है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था / बैंक को कोई क्लेम या आपत्ती उक्त संपत्ति का आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड बदायूं द्वारा बंधक किए जाने पर आपत्ति या एतराज है तो वह इस विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिन के अंदर एडवोकेट उपेंद्र कुमार सक्सेना के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय और बंधक के संबंध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दवा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड बदायूं उक्त संपत्ति को बंधक रखकर रेडी के हक में ऋण जारी कर देगी।

उपेंद्र कुमार सक्सेना (एडवोकेट)
चैम्बर नं. 12, कम्पाउंड नम्बर 4, बदायूं

अदालती नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं0–19, लखनऊ
मिस्लीनियस सिविल केस संख्या–819/2022
ता0पेशी–02.09.2024

अनुज भार्गव आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र स्व0 अशोक भार्गव निवासी–एम–3/14, सेक्टर–जी, जानकीपुरम, जिला–लखनऊ –अपीलार्थी

बनाम

1–जायदाद स्व0 अनुराग भार्गव (अविवाहित) पुत्र स्व0 अशोक भार्गव निवासी– सी–13, महानगर विस्तार, सेक्टर–सी, जे0 रोड, मंदिर मार्ग, महानगर, जिला–लखनऊ (मृतक)
4–आशा भार्गव (कथित/कल्पित पत्नी) स्व0 अनुराग भार्गव द्वारा सीनियर मैनेजर एच0आर0 जूवीलैण्ड लाईफ सांइसेज लि0 भारतीय ग्राम्य जिला ज्योतिबाफुले नगर, गजरौला व सी–13, महानगर विस्तार, सेक्टर–सी, जे0 रोड, मंदिर मार्ग, महानगर, जिला–लखनऊ
5–अंकित भार्गव (कथित/कल्पित पुत्र) अनुराग भार्गव द्वारा संरक्षिका आशा भार्गव द्वारा सीनियर मैनेजर एच0आर0 जूवीलैण्ड लाईफ सांइसेज लि0 भारतीय ग्राम्य जिला ज्योतिबाफुले नगर, गजरौला व सी–13, महानगर विस्तार, सेक्टर–सी, जे0 रोड, मंदिर मार्ग, महानगर, जिला–लखनऊ – विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित–अपीलार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–5 परिसीमा अधिनियम सम्बन्धित अपील अंतर्गत धारा–384 (1) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925 हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 02.09.2024 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वांन्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 03.08.2024 के दिवस को दिखायी गयी। दस्तखत हाकिम–मोहर अदालत

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पीलीभीत
जिला अस्पताल के पास, टनकपुर रोड, पीलीभीत (उ.प्र.)
E-mail: kvpilibhit2008@gmail.com | Phone : 05882-253319
Website: https://pilibhit.kvs.ac.in

बालवाटिका- 3 (2024-25) में केवल अनुसूचित जनजाति (ST) के रिक्त स्थान हेतु

पंजीकरण सूचना:- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत में सत्र 2024-25 के लिए बालवाटिका- 3 में प्रवेश के लिए केवल अनुसूचित जनजाति (ST) के रिक्त स्थान हेतु अनुसूचित। जनजाति के इच्छुक अभिभावक दिनांक 31.08.2024 (शनिवार) प्रातः 11:00 बजे तक विद्यालय में ऑफलाइन माध्यम द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण फार्म विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु छात्र-छात्राओं की न्यूनतम आयु 31.03.2024 को 05 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। किन्तु 06 वर्ष से कम होनी चाहिए।

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:– **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** : EL-MWS-GKP-2024-25-06, पी०ओ०एच० ऑफ मेन पेन्ट्रीं कार इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। अनुमानित लागत : Rs. 26,73,182.73,बयाने की राशि : Rs. 53,500/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य: 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 12 महीना। ● आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 20.09.2024 समय 11.00 बजे तक। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/
मुजाधि/विद्युत- 117 पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

टेन्डर संख्या	84-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024	85-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024	86-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024	87-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024
कार्य का नाम	Elimination of level crossing no. 65/C and 66/C by providing LHS by pushing method on MB - GZB in the section of ADEN/HPU	Elimination of level crossing no. 457 and 458 by providing LHS by pushing method on MB - SRE in the section of ADEN/NBD	Elimination of level crossing no. 465 and 470/B by providing LHS by pushing method on MB - SRE in the section of ADEN/NBD	Elimination of level crossing no. 429 by providing LHS by pushing method on MB - SRE in the section of ADEN/NBD
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक	24.09.2024	24.09.2024	24.09.2024	24.09.2024
टेन्डर क्लोसिंग समय	16:00	16:00	16:00	16:00
अनुमानित लागत	8,22,55,608.83	7,86,27,318.38	8,22,55,608.83	4,06,39,162.69
धरोहर राशि	5,61,300.00	5,43,100.00	5,61,300.00	3,53,200.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	12 माह	12 माह	12 माह	12 माह
बिडिंग आरंभ तिथि	10.09.2024	10.09.2024	10.09.2024	10.09.2024

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक - 29.08.2024 2687/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहांपुर

पत्रांक: एस.एस.ए./जैम पोर्टल निविदा/3913-15 दिनांक: 29.08.2024

जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रण सूचना

राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-के.जी.बी.वी./ अनावर्तक / 1130/2024-25 दिनांक 09.05.2024 एवं जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला परियोजना शिक्षा समिति द्वारा प्रदत्त अनुमोदनोपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कलान, नगर क्षेत्र शाहजहांपुर बण्डा, भावलखेड़ा, तिलहर नगर, सिंधौली, जैतीपुर, पुवायां, कांट, निगोही, मिर्जापुर, कटरा, खुदागंज, खुटार, ददरौल तथा जलालाबाद) में नामांकित छात्राओं हेतु बेडिंग सामग्री (रजाई, गद्दा, चादर आदि) के क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित की गयी निविदा की संख्या GEM/2024/B/5341145 दिनांक 29.08.2024 है। निविदा निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न की जायेगी।

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
01.	फर्म के चयन हेतु जेम से टैण्डर अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि	29.09.2024 सायं 05:00 बजे से
02.	जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि	09.09.2024 सायं 05:00 बजे तक
03.	जेम पोर्टल से निविदा खोलने की तिथि	10.09.2024 अपरान्ह 12:00 बजे

दिव्या गुप्ता
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
शाहजहांपुर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 2682/12ए दिनांकः 22/08/2024

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई–निविदा दिनांक 04.09.2024 से दिनांक 19.09.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 19.09.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0)	बिड सिक्युरिटी (लाख रू0)	टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+जी	कार्य पूर्ण करने का समय	फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण
1	2	3	4	5	6	7
1	बसन्त बिहार कॉलोनी में सी0सी0 मार्ग एवं नाली निर्माण का कार्य।	9.25	0.93	रू0 944.00	02 माह	(ए,बी,सी,डी) मार्ग कार्य

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
शाहजहांपुर

UP – 218800 दिनांक 28.08.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in,
पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता–तृतीय
रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

पत्रांक :–112/स0अ0तृतीय/नीलाम/ दिनांक :– 17.08.2024

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण भवन परिसर भोजीपुरा पर खडे विभिन्न प्रजाति के वृक्षों का नीलाम दिनांक 04.09.2024 को समय अपराहन 12.00 बजे कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय, रूहेलखण्ड नहरखण्ड, 117–सिविल लाईन्स कैनाल कालोनी बरेली पर की जानी है। उक्त नीलामी अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा अनके नामित प्रतिनिधि द्वारा की जायेगी। नीलामी की शर्ते एवं वृक्षों की जानकारी कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय, रूहेलखण्ड नहरखण्ड, 117–सिविल लाईन्स कैनाल कालोनी बरेली से प्राप्त की जा सकती है एवं वृक्षों की स्थिति मौके पर देखी जा सकती है। प्रभागीय निदेशक सामाजिकी वानिकी प्रभाग, बरेली द्वारा उक्त पेडों का मूल्यांकन किया गया है। बोली बोलने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित प्रमाण पत्र बोली बोलने से पूर्व दिनांक 04.09.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे तक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा नीलाम की शर्तो को पूर्ण करना होगा।

क0 सं0	स्थल का नाम	वृक्षों की संख्या	प्रजाति	नीलाम का दिनांक	धरोहर धनराशि	नीलाम स्थल
01	सिचाई विभाग की नहर माइनर अटिरिया	02	सेंमल	04.09.2024	700/	सहायक अभियन्ता तृतीय, रूहेल खण्ड नहरखण्ड, 117–सिविल लाईन्स कैनाल कालोनी बरेली
02	सिचाई विभाग की 118 सिविल लाइन कालोनी बरेली में आवासीय परिसर	01	सेंमल	04.09.2024	500/	

नीलामी की शर्ते निम्नवत है:– 1–जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (2वर्ष के लिये) जिसकी अवधि नीलाम तिथि को वैध हो, की प्रति जमा करनी होगी। 2–जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र जो कम से कम 2,00,000/–रू0 (दो वर्ष के लिये) जिसकी अवधि नीलाम तिथि को वैध हो, की प्रति जमा करनी होगी। 3–बोलीदाता को नीलामी में सम्मिलित होने हेतु धरोहर धनराशि रूपये 700/ व 500/– डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जोकि अधिशासी अभियन्ता रूहेलखण्ड नहर खण्ड बरेली के पक्ष में जमा करनी आवश्यक होगी। 4–नीलाम स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता रूहेलखण्ड नहर खण्ड बरेली का होगा। नीलाम का नियमानुसार शुल्क नीलाम स्वीकृत पर नीलाम राशि के अतिरिक्त तत्काल जमा करना होगा। 5–बोली छूटने के पश्चात सर्वाधिक बोलीदाता को 1/4 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि नीलामी के एक सप्ताह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। 6–नीलामी की शेष धनराशि नियत अवधि में एक मुश्त जमा न करने पर ठेकेदार द्वारा जमा की गई धनराशि व 1/4 प्रतिशत धनराशि जब्त करते हुये ठेका निरस्त करते हुये पुनः नीलाम कर दिया जायेगा। 7–नीलाम स्वीकृत के उपरान्त अन्य व्यक्ति/संस्था को हस्तान्तरित नहीं किया जा सकता है। 8–नीलाम धनराशि के अतिरिक्त वृक्षों के निस्तारण से पूर्व नियमानुसार 100/–रू0 प्रति पेंड पातन अनुज्ञा शुल्क कुल 200 व 100–रू0 एवं 50/– रू0 प्रति वृक्ष मूल्यांकन शुल्क कुल 100 व 50 रू0 एवं घन पंजीकरण शुल्क (सम्पूर्ण) 100/–रू0, तथा छपान शुल्क प्रति वृक्ष 10/–रू0 कुल 20 व 10/–रू0 कुल योग रूपये 420/व 260–रू0 क्षेत्रीय वनाधिकारी, रेंज बरेली कार्यालय में जमा करने उपरान्त पातन अनुमति दी जायेगी। 9–वृक्ष काटने के दौरान किसी भी प्रकार से राजकीय सम्पत्ति को क्षति नहीं होनी चाहिए। राजकीय सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने की स्थिति में बोलीदाता की धरोहर धनराशि से समायोजित कर ली जायेगी। तत्पश्चात ही धरोहर धनराशि ही वापस की जायेगी। 10–वृक्ष प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे के बीच ही विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में काटे जा सकते है।

(वैभव वाजपेयी)
सहायक अभियन्ता–तृतीय

UP-218915 दिनांक 29.08.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय ग्राम पंचायत खरदाह-ई-कुंआडांडा, विकास खंड भुता, जिला बरेली

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	सामग्री
1	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन	(1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री।
2	तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट)	(1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.)	
3	मलीय अवशिष्ट प्रबंधन	(1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट।	

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 09.09.2024 अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान **सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत धीरपुर, विकास खंड भुता, जिला बरेली

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	सामग्री
1	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन	(1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री।
2	तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट)	(1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.)	
3	मलीय अवशिष्ट प्रबंधन	(1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट।	

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 09.09.2024 अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान **सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत महमूदापुर, विकास खंड भुता, जिला बरेली

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	सामग्री
1	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन	(1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री।
2	तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट)	(1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.)	
3	मलीय अवशिष्ट प्रबंधन	(1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट।	

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 10.09.2024 अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान **सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत गल्थुआ, विकास खंड भुता, जिला बरेली

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	सामग्री
1	ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन	(1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री।
2	तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट)	(1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.)	
3	मलीय अवशिष्ट प्रबंधन	(1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट।	

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 10.09.2024 अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन सायं 3 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान **सचिव**

आरोग्यमानृण्यमविप्रवास : सद्भिर्मनुष्यैस्सह संप्रयोग : ।
स्वप्रत्यया वृत्तिरभीतवास : षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

स्वस्थ रहना, उऋण रहना, परदेश में न रहना, सज्जनों के साथ मेल-जोल, स्वव्यवसाय द्वारा आजीविका चलाना तथा भयमुक्त जीवनयापन-ये छह बातें सांसारिक सुख प्रदान करती हैं।

संपादकीय

श्रम सुधार व रोजगार सृजन

भारत की आबादी में लगभग 90 प्रतिशत लोग श्रमिक वर्ग से हैं। श्रमिकों को सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी, और रोजगार के अवसरों को बनाए रखने के लिए श्रम सुधार जरूरी हैं। देश में वर्षों से श्रम क्षेत्र में सुधारों की मांग की जाती रही है, ये मांग न सिर्फ उद्योगों की ओर से बल्कि समय-समय पर श्रमिक संगठनों की ओर से भी की जाती रही है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए उद्योगों का विकास होना आवश्यक है, विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र में, जो अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक श्रमिक गहन होता है। यदि श्रम कानूनों में बाजार और श्रमिकों के जरूरी हितों का ध्यान नहीं रखा जाता है तो ऐसे उद्योगों का सीमित विकास ही हो पाता है। वास्तव में जनसांख्यिकीय लाभांश पाने व भविष्य के विकास को गति देने के लिए श्रम सुधार आवश्यक हैं। देश में व्यवसाय को सुगम बनाने तथा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भी श्रम सुधारों को जरूरी माना जाता है। भारत में अवस्थित बहुत से उद्योगों में श्रमिकों का वेतन भारत के अन्य प्रतिस्पर्द्धी देशों जैसे-चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया से भी कम है, फिर भी इन देशों के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत इन देशों से सबक लेकर अपने श्रम कानूनों में सुधार कर सकता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय शुक्रवार को बेंगलुरु में श्रम सुधारों और रोजगार सृजन को गति देने पर चर्चा करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बेंगलुरु में क्षेत्रीय बैठक आयोजित कर रहा है। श्रम सुधारों और रोजगार सृजन को गति देने को सरकार प्रतिबद्ध है। 44 केंद्रीय कानूनों और 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समेकित करके चार श्रम संहिताओं में शामिल किया गया है। सरकार द्वारा विस्तृत एवं विखंडित श्रम कानूनों को एक साथ पिरोने के प्रयास से लगभग 50 करोड़ श्रमिकों/कर्मचारियों के लाभान्वित होने की संभावना है। गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन और श्रम कल्याण को बढ़ावा देने में उद्योग की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों का स्वागत किया जाना चाहिए। इसके बावजूद अभी और प्रयास करने की आवश्यकता है, क्योंकि 2041 तक भारत में उपलब्ध कामकाजी आबादी का स्तर चरम पर पहुंच जाएगा। इतनी बड़ी आबादी के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना आसान तो नहीं, लेकिन आसान बनाया जा सकता है। इसके लिए कुछ उपाय करने होंगे।

गौरतलब है कि फिलहाल कुल रोजगार प्रदान करने में एमएसएमई की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत की है। अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 77 प्रतिशत तक है। 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का दावा करने के बावजूद, भारत 8 प्रतिशत (सीएमआईई) की चिंताजनक बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। यह विरोधाभास लगातार भयावह होता जा रहा है। यानी मजबूत विकास के बावजूद नौकरियों की स्थिति चिंताजनक है। सरकार को युद्ध स्तर पर इससे निपटना चाहिए।

आखिर कौन देगा महिलाओं को सुरक्षा

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। संविधान प्रदत्त 6 मूलाधिकार हैं बिना लिंग भेद के स्त्री-पुरुष हर किसी को शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति और नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित समान अधिकार देता है,लेकिन यथार्थ में इसका पालन नहीं होता।

लड़कियों के कपड़े,उनका आजाद स्वभाव हमेशा ही समाज की निगाहों में खटकता रहा है। आखिर क्यों? पाश्चात्य संस्कृति के अनुकरण की बात हम बाद में कर लेंगे,नैतिकता की दुहाई भी बाद में दे देंगे,लेकिन सबसे पहले सवाल यह होता है कि पुरुषों की तरह उन्हें क्यों नहीं आजादी है कि वह अपना मनपसंद पहन सकें, संवर सकें। स्त्री-पुरुषों को लेकर जो भी नियम हैं, सब पितृसत्तात्मक समाज के अपनी सुविधानुसार बनाए हुए नियम है। पितृसत्तात्मक समाज में शुरू से ही स्त्री को दबाने की कोशिश की जाती रही है,जिसमें परिवार की महिलाओं का भी योगदान रहा और बेटियां इस सांचे में ढलती गईं।

संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। संविधान प्रदत्त 6 मूलाधिकार हैं बिना लिंग भेद के स्त्री-पुरुष हर किसी को शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति और नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित समान अधिकार देता है,लेकिन यथार्थ में इसका पालन नहीं होता। आज भी शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं पिछड़ी हैं और पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा मांगने का मतलब मायके का छूट जाना है। रोज देश में न जाने कितने बलात्कार होते हैं, कितने कुकर्म होते हैं,जिनमें से अधिकांश का तो पता ही नहीं चलता। अधिकतर मामलों में लड़की को परिवार के द्वारा ही लोक-लाज का वास्ता देकर चुप कर दिया जाता है। हां, कहीं-कहीं माता-पिता जागरूक होकर अब रिपोर्ट दर्ज कराने लगे हैं। अपनों के द्वारा लड़कियों को जो दाग दिए जाते हैं,वे भी कभी बाहर नहीं आते।

आज किसी भी स्त्री के साथ बलात्कार या कुकर्म की घटना तब सामने आती है जब उसकी मौत हो जाती है और मृत शरीर लावारिस अवस्था में कहीं पड़ा रहता है। कुछ दिनों का हो हल्ला मचता है और फिर सब सामान्य हो जाता है। राजनीतिक गलियारों में हलचल जरूर होती है, लेकिन वहां भी जबरदस्त लॉबिंग होती है,अगर अपनी सरकार वाले प्रदेश में या गठबंधन सरकार द्वारा शासित प्रदेश में इस तरह की घटना होती हैं तो राजनीतिक दल द्वारा इसे पूरी तरह से दबाने की कोशिश की जाती है। राजनीतिक शोर केवल तब मचता है जब घटना किसी विरोधी पार्टी की सरकार वाले राज्य में हुई हो। एक-दूसरे पर दोष मढ़कर सब अपराध के राजनीतिकरण करने की कोशिश है। अपराध को खत्म करने और अपराधी को सजा देने की चिंता किसी को भी नहीं है। इस आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति का फायदा उठाकर अपराधी बच निकलता है। देश जिन्हें सर माथे पर बैठाता है, वे सारे राजनीतिज्ञ, कलाकार मुंह बंद करके बैठ जाते हैं। हां, आग में घी का काम करते हुए कुछ एक विवादित बयान जरूर दे देते हैं।

> कुछ सिरफिरे लोग तो महिलाओं को घर में बैठने की सलाह भी दे देते हैं। कई चैनल स्त्री रक्षा के उपाय भी दिखाते हैं। समझ में नहीं आता कि इन अतार्किक भरे कार्यक्रमों को कैसे स्वीकृति मिलती है? हर घर में, हर पार्टी में महिला मौजूद है, लेकिन किसी खास घटना पर ही आंदोलित होना समझ से परे है।

कुछ सिरफिरे लोग तो महिलाओं को घर में बैठने की सलाह भी दे देते हैं। कई चैनल स्त्री रक्षा के उपाय भी दिखाते हैं। समझ में नहीं आता कि इन अतार्किक भरे कार्यक्रमों को कैसे स्वीकृति मिलती है? हर घर में, हर पार्टी में महिला मौजूद है, लेकिन किसी खास घटना पर ही आंदोलित होना समझ से परे है। कठुआ और हाथरस की घटनाओं को विपक्ष ने खूब उछाला था, लेकिन आज वह भी चुप है। दुष्कर्म के मामलों में भारत आज दुनियाभर में रिकॉर्ड बना रहा है। हम मोमबत्ती जला लेते हैं, एक दिन के लिए भारत बंद भी कर लेते हैं,लेकिन भारत चलने से आगे बढ़ेगा,रुकने से नहीं। मगर हमारे कदम सही रास्ते पर तो हों। इसके लिए समाज की सबसे पहली और छोटी इकाई परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण समझी जाती है। कहा जाता है कि माता-पिता बच्चों को हमेशा अच्छे बनने की ही शिक्षा देते हैं। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को चोर उचक्के बनने की या बलात्कारी बनने की शिक्षा नहीं देगा। यह बात काफी हद तक सही है,लेकिन यह भी तो सही है कि कई बार बाप-बेटे या भाई-भाई भी साथ-साथ दुराचार की घटना में संलिप्त पाए गए हैं। एमपी के किसी गांव की न्यूज थी जहां चोर-उचक्के बनने की ट्रेनिंग दी जाती है और माता-पिता खुद अपने बच्चों को इन कक्षाओं में एडमिशन दिलाते हैं। ये छोटे-छोटे नाबालिक बच्चे कहीं भी होने वाले कार्यक्रम और शादियों में घुस जाते हैं और फिर मौका पाते ही नकदी और गहनों का बैग उठाकर भाग जाते हैं। बताया जा रहा था कि यहां के गांव के लोग इसी धंधे से करोड़पति हो गए हैं। पुलिस भी इन लोगों से कतराती है। इसे दुस्साहस की परिसीमा और इसे नैतिकता की असीम कमी ही कहा जाएगा।

धारा-99 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को आत्मरक्षा का अधिकार है। अकेले ड्यूटी पर आने-जाने वाली महिलाओं के लिए मिर्च स्प्रे,स्टन गन लिपस्टिक, गैर घातक हथियार और यहां तक कि असली हथियार रखने की भी बात की जाती है,लेकिन कई बार अपराधियों की संख्या अधिक होती है या महिला को आत्मरक्षा के तौर पर इन चीजों का इस्तेमाल करने का मौका ही नहीं मिलता है। राजनीतिक संरक्षण पैसा और लंबी अंतहीन अदालती कार्रवाई की वजह से अधिकतर अपराधी बच जाते हैं। बीते महीनों हुई मणिपुर की घटना, मुजफ्फरपुर, बदलापुर, अकोला, हाथरस, दिल्ली, उत्तराखंड या कोलकाता, सब जगह अनैतिक कृत्यों को लीपापोती कर ढक देने के प्रयास हुए हैं। कोलकाता की जो घटना सामने आई है उसमें कई राज छुपे होने के बावजूद भी आरोपी को बचाव के लिए लंबा समय दिया गया। राजनीतिक संरक्षण न मिले तो काफी हद तक अपराधों में लगाम लग सकती है।

अदालत अपराधी को अपने बचाव के पक्ष में बोलने का पूरा समय देती है। पहले गिरफ्तारी में देरी, जांच और बयान, फिर अदालती प्रक्रिया, इस तरह एक अंतहीन सिलसिला चल जाता है और तब तक बहुत सारे सबूत नष्ट किया जा चुके होते हैं और कानून की कमर टूट जाती है। सामान्य क्रिमिनल लॉ में भी कई पेंच हैं। निर्भया कांड के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट बने,लेकिन शर्मनाक दुस्साहसी घटनाओं का सिलसिला जारी रहा। हालांकि कानून तो 2014 से पहले भी बने थे, लेकिन बाद में नियमों को कुछ सख्त किया गया। भारतीय दंड संहिता 1860 से ही महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के विरुद्ध कई कानून बने हैं। घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 में ही बन गया था। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानून भी 2013 में बना।

इस तरह के मामलों में कठोर और त्वरित दंड व्यवस्था की जरूरत है और ऐसे संवेदनशील मुद्दों में पक्ष-विपक्ष न कर सभी राजनीतिक पार्टियों को एक मत होकर अपराधी को कड़ी सजा दिलाने के लिए वचनबद्ध होना होगा। कुछ राज्य और शहर महिलाओं के लिए सुरक्षित माने जाते हैं। हर जगह ऐसा क्यों नहीं हो सकता? कई लोग आवेश में आकर हथियार उठाने की बात करते हैं या आरोपी को भी उसी तरह प्रताड़ित करने की बात करते हैं,यकीनन तब ऐसी ही मनोदशा हो जाती है,लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली में आंख के बदले आंख वाला कानून नहीं है। न्याय व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त और कठोर करने की जरूरत है और परिवारों में भी नैतिक व्यवहार की।

यह एक ज्वलंत प्रश्न है कि कौन देगा महिलाओं को सुरक्षा? शासन-प्रशासन असमर्थ दिखाई देता है। कोई भी महिला जब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जाती है तो कई बार वहां भी उसके साथ दुराचार के मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट दर्ज करने में हीला-हवाली तो साधारण सी बात है। महिला से अनर्गल सवाल पूछे जाते हैं और मामला अदालत तक पहुंच जाए तो फिर न्यायप्रणाली का अंतिम सिलसिला और जब कपिल सिब्बल जैसे वरिष्ठ वकील आर जी कर मेडिकल कॉलेज की पीड़िता के खिलाफ टीएमसी सरकार की पैरवी करने लगें तो समझ लीजिए कि इंसाफ कैसे होगा और इंसाफ की चाह कितनों को है।

प्रसंगवश

अमृत के ठौर ठिकाने

हर मृत्यलोक वासी मरणधर्मा है। एक अमृत तत्व अवश्य ऐसा होता है, जिसके पान से प्राणी अमर हो जाता है। इसकी उपलब्धता कहां है? यह कैसे मिले? पौराणिक सागर मंथन अमृत पाने के लिए किया गया था। देव और दानवों ने यह कार्य किया था। उससे कुछ अन्य चीजों के साथ अमृत भी निकला था।

इसके लिए लंबा युद्ध चला,किंतु अंततः यह देवताओं को मिला और स्वर्ग की संपदा बना। उन्होंने इसे पान किया और अमर हुए। देवों को 'अमर' भी कहते हैं। महान वैद्य धन्वंतरि के नेत्रों में अमृत का वास था और वे दृष्टिपात करके ही निरोग और स्वस्थ करने की क्षमता रखते थे। चंद्रमा भी अमृत की खान मान्य है। वह वनस्पतियों और औषधियों का स्वामी होकर शंकर जी के शीश पर विराजमान है। इसे सुधाकर कहते भी हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक लोककथा के अनुसार आम,जिसका तत्सम 'आम्र' है, स्वर्ग का वृक्ष था,जिसमें अमृत द्रव भरा होता था और नाम भी आमृत ही था। एक बार देवराज इंद्र के डांटने पर वह रुष्ट होकर पृथ्वी पर आ गया तो इंद्र के होश उड़ गए कि अब तो यह पृथ्वीवासियों को अमर कर देगा। बहुत मनाने पर भी जब आम वापस जाने को नहीं तैयार हुआ तो देवराज ने कहा कि 'हम तुमसे कुछ मांगना चाहते हैं'। इसके लिए आम राजी हो गया तो इंद्र ने कहा,'तुम अपने नाम का आखिरी अक्षर मुझे दे दो'। आम वचन दे चुका था, अतः वह 'आमृत' से 'आम्र' ही रह गया और अब उसमें अमृत का 2/3 प्रभाव ही शेष रह गया।

पुराणों में श्रेष्ठ 'श्रीमद्भगवत' की कथा भी अमृत या उससे श्रेष्ठ कही गई है। कहा गया है,"निगमकल्पतरोर्गलितं फलं, शुक मुखादमृतद्रव संयुतम्। पिबत भागवतं रसमालयं, मुहरहो रसिकाः भुवि भावुकाः"।। कहते है जब शुकदेव जी परीक्षित को यह कथा सुना रहे थे तो ललचाये देवता अमृत से भरे घड़े लेकर आए और शुकदेव जी से कहा कि 'यह अमृत इन्हें पिला दो और कथा हमें सुना दो'। तब शुकदेव जी ने देवताओं को डांटकर भगा दिया और कहा,'कहां तुम्हारा मामूली कांच तुल्य अमृत और कहां यह अमूल्य रसवंती मणि तुल्य भागवत कथा'। कवियों ने सुंदरियों के कई जगह अमृत की छोज की। कुछ ने नेत्रों में कुछ ने पूरे मुख मंडल में और करीब-करीब सबने उनके अधरों में इसे पाया।

वास्तविकता का निर्माण करती है चेतना

बचपन की एक भोली-भाली बात याद आ रही है। मैं काफी छोटा था,न जाने क्या प्रसंग चल रहा था, बाऊजी बता रहे थे की "चांद पर हवा नहीं होती इसलिए वहां आदमी सांस नहीं ले सकता और मर जाता है। मैं सोचने लगा कि मैं चांद पर जाऊंगा तो अपने साथ हाथ वाला पंखा ले जाऊंगा, फिर मैं नहीं मरुंगा। ये बात जब बाऊजी को बताई तो वे हंसने लगे। उन्होंने बताया कि पंखा आसपास की हवा को समेटकर ही आपको देता है। ऐसे स्थान पर जहां हवा ही नहीं होगी तो पंखा कुछ नहीं कर सकेगा।

मुझे यह बात थोड़ी देर बाद समझ आ गई। फिर भी मैंने सोचना जारी रखा कि हवा को कैसे साथ ले जाया जाए? बाद में जब कुछ इधर-उधर से पढ़ा तो ज्ञान आया कि जिसे हवा या प्राणवायु कहते है वह ऑक्सीजन होती है। सिलेंडर में भरकर उसे कहीं भी ले जाया जा सकता है। कहने का अर्थ इतना ही है कि जब सवाल उठते हैं तो उनके उत्तर भी उन्हीं के साथ पैदा हो जाते हैं। उम्र के इस पड़ाव में अब तो ऐसे सवालों में मजा आने लग गया कि ये कैसे? और वो कैसे? ऐसा ही एक सवाल अब कचोटता है हम कौन हैं? जो हैं वह क्या सच में हैं? वास्तविकता क्या है?

रिएलिटी या वास्तविकता का सवाल फिलहाल तो समझ से बाहर है। पर ये यकीन है कि वास्तविकता जैसा भी कुछ होता है। वास्तविकता क्या है? हमें कोई भी वस्तु, दृश्य या अनुभव वास्तविक क्यों लगता है? क्या मानव चेतना ही इस वास्तविकता का निर्माण कर रही है? क्या भौतिक ब्रह्मांड हमसे स्वतंत्र है या यह हमारे दिमाग द्वारा बनाया गया है? एक वैज्ञानिक रॉबर्ट लैंजा ने इस बारे में एक सुझाव दिया है। उनके एक नए अध्ययन में दावा किया है कि भौतिक वास्तविकता का निर्धारण करने के लिए पर्यवेक्षकों का नेटवर्क जिम्मेदार है। लैंजा समेत कुछ वैज्ञानिकों का

डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में ऐसा अभूतपूर्व दावा किया गया है।

प्रस्ताव है कि पर्यवेक्षक समय और स्थान की संरचनाएं उत्पन्न करते हैं। उनका यह कथन ईश्वर समीकरण में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद कर सकता है, जो क्वांटम यांत्रिकी और सामान्य सापेक्षता को एकीकृत करने का प्रयास करता है। क्या ऐसी कोई भौतिक वास्तविकता है,जो हमसे स्वतंत्र है? क्या वस्तुनिष्ठ वास्तविकता बिल्कुल मौजूद है? या क्या समय और स्थान सहित हर चीज की संरचना,इसे देखने वालों की धारणाओं द्वारा बनाई गई है?

जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में ऐसा अभूतपूर्व दावा किया गया है। पेपर के लेखकों में स्टेम सेल और पुनर्योजी चिकित्सा विशेषज्ञ रॉबर्ट लैंजा शामिल हैं,जो बायोसेंट्रिज्म के सिद्धांत के लिए प्रसिद्ध हैं,वे तर्क देते हैं कि चेतना ब्रह्मांड के अस्तित्व के लिए प्रेरक शक्ति है। उनका मानना है कि जिस भौतिक दुनिया को हम देखते हैं वह हमसे अलग नहीं है, बल्कि हमारे दिमाग द्वारा बनाई गई है जैसा कि हम इसे देखते हैं। उनके बायोसेंट्रिक दृष्टिकोण के अनुसार, स्थान और समय हमारे सिर में "सूचना के चक्कर" का एक उपोत्पाद है,जो हमारे दिमाग द्वारा एक सुसंगत अनुभव में बुना जाता है। लैंजा और उनके सहयोगियों के अनुसार, पर्यवेक्षक सूक्ष्म और बड़े पैमाने पर स्थानिक पैमाने पर "अवलोकन योग्य मात्राओं के व्यवहार को नाटकीय रूप से प्रभावित कर सकते हैं। वास्तव में "हमारे सामान्य रोजमर्रा के विश्व दृष्टिकोण में गहरा बदलाव" आवश्यक है। लैंजा ने बिगथिंक नामक प्लेटफार्म के साथ एक साक्षात्कार में भी कहा है कि दुनिया कोई ऐसी चीज नहीं है,जो हमसे बाहर बनी है और बस अपने आप अस्तित्व में है। उन्होंने कहा, "पर्यवेक्षक अंततः भौतिक वास्तविकता की संरचना को ही परिभाषित करते हैं।

पर्यवेक्षक वास्तविकता कैसे बना सकते हैं? कैसे यह काम करता है? लैंजा का तर्क है कि पर्यवेक्षकों का एक नेटवर्क आवश्यक है और यह "वास्तविकता की संरचना में निहित है।" जैसा कि वे बताते हैं, पर्यवेक्षक आप, मैं और कोई भी- एक क्वांटम गुरुत्वाकर्षण ब्रह्मांड में रहते हैं और स्पेसटाइम के गुणों के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करके वास्तविकता के "विश्व स्तर पर सहमत संज्ञानात्मक मॉडल" के साथ आते हैं। क्योंकि, एक बार जब आप कुछ मापते हैं, पहले से ही जांच की गई भौतिक मात्रा के समान मूल्य को मापने की संभावना की लहर 'स्थानीयकृत' हो जाती है या बस "ढह" जाती है। इस तरह वास्तविकता हम सभी के लिए लगातार वास्तविक हो जाती है। एक बार जब आप किसी मात्रा को बार-बार मापते रहेंगे, तो पहले माप का परिणाम जानने के बाद, आप देखेंगे कि अगला परिणाम वही होगा। लैंजा कहते हैं, "प्रेक्षक पहला कारण है, महत्वपूर्ण शक्ति जो न केवल वर्तमान को ढहाती है,बल्कि स्थानिक अस्थायी घटनाओं के झरने को भी ढहाती है,जिसे हम अतीत कहते हैं। स्टीफन हॉकिंग सही थे जब उन्होंने कहा था, 'अतीत, भविष्य की तरह, अनिश्चित है और केवल संभावनाओं के एक स्पेक्ट्रम के रूप में मौजूद है।

सोशल फोरम

धरती का बोझ बढ़ा रही है सूचना

वजनदार सूचना एक प्रतीकात्मक बात है,जिस कागज पर सूचना दर्ज की जाती है उसका वजन नापा जा सकता है। जिस स्याही से लिखी जाती है उसमें भी कुछ वजन जरूर होगा,लेकिन डिजिटल युग में इतने मामूली वजन के लिए भी कोई जगह नहीं बची है। माध्यम को छोड़ दें तो खुद सूचना का भला क्या वजन?

> ब्रिटिश भौतिक शास्त्री मेल्विन वॉप्सन ने 2019 में इस बारे में एक शानदार काम शुरू किया और फिर इसे वहां तक ले गए, जिसकी कल्पना भी अभी मुश्किल लगती है।

ब्रिटिश भौतिक शास्त्री मेल्विन वॉप्सन ने 2019 में इस बारे में एक शानदार काम शुरू किया और फिर इसे वहां तक ले गए,जिसकी कल्पना भी अभी मुश्किल लगती है। डिजिटल सूचना को लेकर हमारी धारणा सिर्फ कॉन्फिगरेशन बदलने की है- जैसे क ख ग का ग क ख हो जाना।

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

सिर्फ डैश-डॉट के सिलसिलों का पैटर्न बदलता जाता है, लेकिन 1961 में जर्मन-अमेरिकन भौतिकशास्त्री रॉल्फ लैंडॉर ने बताया कि जब आप सूचना की सबसे छोटी इकाई, एक बिट को नष्ट करते हैं तो इस क्रम में थोड़ी ऊष्मा उत्पन्न होती है। उनकी इस प्रस्थापना से आज भी कई वैज्ञानिक सहमत नहीं हैं,लेकिन इसे खारिज करना उनके बूते से बाहर है। मेल्विन वॉप्सन ने पदार्थ को ऊर्जा में बदलने वाले आइंस्टाइन के फॉर्म्यूले ई बराबर एमसी स्क्वेयर को पलटकर जानना चाहा कि एक बिट सूचना के नष्ट होने पर अगर अमुक मात्रा में ऊष्मा निकलती है तो इस बिट का वजन क्या होगा? पता चला,यह एक इलेक्ट्रॉन के वजन के करोड़वें हिस्से के बराबर होना चाहिए।

2020 में इस खेल को आगे बढ़ाते हुए वॉप्सन एक विचित्र नतीजे तक पहुंचे। उन्होंने हिसाब लगाया कि अभी धरती पर मौजूद कुल कंप्यूटर सूचनाएं 100 अरब-अरब बिट हैं और हम सालाना औसतन 61 प्रतिशत की ग्रोथ रेट से इन्हें बढ़ाते जा रहे हैं। आगे यह दर घटकर 50 फीसद रह जाए तो भी सन 2245 तक सिर्फ सूचनाओं का वजन धरती का आधा हो जाएगा और इस नई आवक से हमारा ग्रह डेढ़ गुना भारी हो चुका होगा। **-फेसबुक वॉल से**

जयंती

'और पाप' श्वेतांक ने पूछा...

शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> लंबे समय तक चित्रलेखा उपन्यास को बेस्ट सेलर का दर्जा प्राप्त रहा। लखनऊ शहर का महानगर मोहल्ला जहां भगवती बाबू रहा करते थे उनके कृतित्व का गवाह है।

बहुआयामी साहित्यकार भगवती चरण वर्मा ने हिंदी की प्रत्येक विधा में लेखनी चलाई। कवि, समीक्षक, पत्रकार, नाटककार, फिल्म लेखक और उपन्यासकार सभी रूपों में उन्हें सराहा गया,लेकिन उनकी ख्याति उपन्यासकार के रूप में अधिक हुई। खासतौर पर उनके उपन्यास चित्रलेखा ने उन्हें अमर कर दिया। लंबे समय तक चित्रलेखा उपन्यास को बेस्ट सेलर का दर्जा प्राप्त रहा। लखनऊ शहर का महानगर मोहल्ला जहां भगवती बाबू रहा करते थे उनके कृतित्व का गवाह है। भारत सरकार ने 1971 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा। साहित्य अकादमी पुरस्कार भी उन्हें मिला। 30 अगस्त को भगवती बाबू की जयंती है। इस मौके पर उनकी पौत्री शिवानी (वर्मा) श्रीवास्तव से बातचीत हुई।

प्र. भगवती बाबू के साथ आप अपने रिश्ते के बारे में कुछ बताइए।

वो मेरे बाबा थे। उनके साथ मेरा रिश्ता बिल्कुल वैसा ही था जैसा सामान्यतः एक दादा-पोती का होता है। उनका प्यार, अनुशासन हमें हमेशा याद दिलाता रहता है कि पढ़ाई लिखाई में कोई समझौता नहीं। वह स्वयं समय के पाबंद थे तो उनकी अपेक्षा थी कि हम भी समय का मूल्य समझें।

प्र. उनकी लेखन प्रक्रिया के बारे में कुछ बताइए।

बाबा सुबह दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर 9-9:30 बजे तक घर के बरामदे में लिखने बैठ जाते थे। दोपहर भोजन और थोड़े आराम के बाद शाम 4:30 से 6 वो पुनः लिखते। वो हमेशा बरामदे में ही बैठकर लिखते थे। इस बीच मिलने जुलने वालों से भी वो वहीं मिलते।

प्र. भगवती बाबू समाज में एक विशिष्ट दर्जा रखते थे। इस बात का प्रभाव का घर में परिवारजनों के प्रति उनके स्वभाव में कहीं झलकता था?

एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होने के कारण वो थोड़ा व्यस्त ज़रूर रहते थे,लेकिन जब वो घर में हम लोगों के बीच होते तो सिर्फ और सिर्फ पति, पिता, ससुर और हमारे बाबा होते थे। वो ऊपर से थोड़ा सख्त अंदर से नरम थे। फिल्मी दुनिया और सेंसर बोर्ड से जुड़े रहने के कारण उनमें फिल्मों के प्रति अरुचि सी उत्पन्न हो गई थी। इसलिए जब हम लोगों को फिल्म देखनी होती तो उनकी अनुमति लेना बहुत कठिन काम होता था और यह काम अक्सर मुझे ही करना पड़ता था। मुझे याद है कि मुझे एक बार स्कूल की तरफ से आगरा जयपुर की ट्रिप में जाने का अवसर मिला, बाबा की अनुमति के बिना तो जाना असंभव था। मैं डरी हुई उनसे पूछने गई, लेकिन मेरी आशंकाओं के विपरीत उन्होंने न केवल एक बार में हां कर दी,बल्कि खर्च करने के लिए कुछ पैसे भी दिए।

प्र.- परिवार उनके लिए क्या मायने रखता था?

परिवार की जिम्मेदारियों के प्रति वह बेहद सजग रहते थे। परिवार के हर सदस्य की न केवल जरूरतों का,बल्कि शौक का भी बढ़-चढ़ कर ख्याल रखते थे। मुझे 1975 का एक वाकया याद आ रहा है। हम लोग छुट्टियों में अपने चाचा जी के घर दिल्ली गए थे,उनके यहां हमने पहली बार टीवी देखा, चित्रहार, फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन और रविवार को दिखाए जाने वाली फिल्म हम लोगों के लिए अजूबा ही था। सो हम लोग वहां कुछ अतिरिक्त दिनों के लिए रूक गए। बाबा ने जब फोन पर वापस न आने का कारण पूछा तो हम लोगों ने उन्हें बताया कि यहां पर टीवी है। हफ्ते भर बाद जब हम लोग लखनऊ पहुंचे तो दूर से ही घर के ऊपर लगा हुआ एंटेना दिखाई पड़ा। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बाबा ऐसे सरप्राइज बहुत देते थे।

प्र. आप उनके द्वारा स्थापित किस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहेंगी?

निस्संदेह उनके द्वारा स्थापित सबसे बड़ी परंपरा है लेखन की। ये परंपरा ईश्वर की कृपा से पहले हमारे पापा धीरेंद्र वर्मा ने संभाली और अब इस परंपरा का निर्वाह मैं और मेरे भाई बहन सब ही कर रहे हैं। मैं चाहूंगी कि यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहे।

प्र. बाबा ने कुछ फिल्में भी लिखी। क्या हुआ कि जल्दी ही लखनऊ वापस आ गए।

शुरुआती दिनों में वे मुंबई में देविका रानी की कंपनी बॉम्बे टॉकीज से जुड़े रहे, इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों की पटकथा लिखी,जिनमें दिलीप कुमार की पहली फिल्म ज्वार भाटा भी शामिल है। दरअसल बाबा को अपनी लेखनी में परिवर्तन पसंद नहीं था, फिल्मी पटकथाओं में उनके मूल भाव को तोड़-मरोड़ दिया जाता था, यही वजह रही कि बाबा ने स्वतंत्रत लेखन को पसंद किया और वो लखनऊ लौट आए।

प्र. उनके शौक क्या थे?

सुबह उठकर बरामदे में हमारी दादी के साथ टी-पॉट वाली चाय पीना उन्हें बेहद पसंद था। अपने अनुशासित और व्यवस्थित जीवन में शाम को लगभग रोज दोस्तों के साथ हजरत गंज स्थित कॉफी हाउस में बैठा करते थे,जहां राजनीति और साहित्य पर लंबी चर्चाएं हुआ करती थी। रात में सोने से पहले ताश का पेशेंस (अकेले खेला जाने वाला खेल) गेम खेला करते थे और हां बाबा पान खाने के बहुत शौकीन थे। इसी वजह से हमारे घर में पानदान हमेशा रहता था।

प्र. नई पीढ़ी को भगवती बाबू के जीवन से क्या शिक्षा लेनी चाहिए?

सरलता, सहजता वक्त और लोगों की कद्र करना।

लोक जीवन को देने के लिए

लोगों का कहना है कि संसार में नास्तिकों की संख्या भी बढ़ चुकी है। उनको बधाई! यदि वे लोग ऐसा मानते हैं कि नास्तिकता (अनीश्वरवाद) में ऐसी ऊर्जा है, जिससे क्रांति हो जाएगी और जिससे न्याय की स्थापना होगी तो वे अवश्य ऐसा कुछ करें। इससे तो सभी को प्रसन्नता ही होगी और हमें भी ऐसी नास्तिकता (अनीश्वरवाद) का सहर्ष अभिनंदन ही करना होगा, लेकिन यदि यह सब जबानी जमा खर्च है तो उनको राम-राम। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवियों की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं,पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख। वैज्ञानिक-समाजवाद कहें या जनवाद कह लें,नास्तिकता कह लें। यदि आपकी उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो-सहो,उसके दुख को अपना दुख मानो,उसके पक्ष में खड़े हो जाओ,उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोक जीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेडचाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था,परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। वैज्ञानिक वैज्ञानिक कहने से सनक वैज्ञानिक नहीं हो सकती।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कृत्रिम अंग व उपकरण की वित्तीय अनुदान राशि में बढ़ोत्तरी

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए वित्तीय अनुदान की राशि को 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दिया गया है। ये रुपये दिव्यांगों को विभाग द्वारा उपकरण खरीदने के लिए दिए जाएंगे। अनुदान राशि में हुई इस बढ़ोत्तरी से अब दिव्यांगजनों को महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जा सकेगा। दरअसल, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए वित्तीय अनुदान स्वीकृत करने की नियमावली के तहत अब तक 10 हजार के अनुदान की व्यवस्था थी। सरकार ने इस नियमावली में संशोधन कर इसे 15 हजार रुपये करने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार को सौंपा पत्र

राहुल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, प्रियंका ने किया कटाक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा वहीं, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने राज्य सरकार की नीति पर कटाक्ष किया है।

राहुल गांधी ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में अर्जुन पासी की हत्या का मामला उठाते हुए आरोपी विशाल सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है। जबकि प्रियंका ने उप्र. सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर तंज कसते हुए कहा कि जो तुमको पसंद हो वहीं बात करेंगे। यह भी कहा, यह नीति सच को दबाने का एक और तरीका है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में यह उम्मीद की है कि इस प्रकरण में राज्य सरकार जो भी कार्रवाई करे उन्हें भी जानकारी दी जाए। कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल गुरुवार को लखनऊ में अपर मुख्य सचिव गृह से मिला और उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित राहुल गांधी का पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, सांसद केएल. शर्मा, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और पूर्व सांसद पीएल पुनिया एवं महासचिव संघठन अनिल यादव शामिल रहे। राहुल के मुताबिक, हत्याकांड को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। 11 अगस्त को रायबरेली के अंतर्गत ग्राम पिछवरीया, थाना नसीराबाद के निवासी अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीते दिनों घटना का संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी मृतक के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मिले थे। परिजनों ने बताया था घटना में सात नामजद अभियुक्तों में से 6 की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

क्या कहा है प्रियंका गांधी ने

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने राज्य सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर अपनी एक्स पोस्ट में लिखा कि, जो तुमको हो पसंद, वही बात कहेंगे, तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे। इस कड़ी में उन्होंने आगे लिखा कि, उप्र सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी में न्याय मांग रही महिलाओं की आवाजें किस श्रेणी में आएँगी? 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले में उठने वाले सवाल किस श्रेणी में आएंगे? भाजपा नेताओं-विधायकों द्वारा भाजपा सरकार की पोल-पट्टी खोलना किस श्रेणी में आएगा? प्रियंका ने लिखा, तुम दिन को कहो रात, वरना हवालात।

महिलाओं के साथ घटनाओं पर न हो राजनीति

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि प्रदेश समेत देश में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर राजनीति न की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि देश में कभी पश्चिमी बंगाल, कभी महाराष्ट्र के बदलापुर, कभी बिहार तो कभी उत्तर प्रदेश के कन्नौज, आगरा, फर्रुखाबाद आदि जिलों में मासूम बच्चियों, नाबालिग व महिलाओं के साथ दुष्कर्म, हत्या व आत्महत्या आदि घटनाएं हो रही हैं। यह अतिदुखद व चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकारें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाएं। ऐसी घटनाएं जल्दी होना बंद हो। इन घटनाओं के नाम पर राजनीति न की जाए। यही समय की मांग है और महिलाओं के हित में है।

सार-संक्षेप

नाबालिग मरीज का यौन शोषण करने के आरोप में डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर,एजेंसी : पुलिस ने एक डॉक्टर के खिलाफ एक नाबालिग लड़की का इलाज के दौरान यौन शोषण करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापति ने गुरुवार को कहा कि हमने नई मंडी पुलिस थाना अंतर्गत एक निजी अस्पताल में 17 साल की लड़की का इलाज के दौरान कथित तौर पर यौन शोषण करने के लिए डाक्टर विकास पंवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस मामले में परिजनों द्वारा की गई शिकायत के मुताबिक, आरोपी डॉक्टर ने जब नाबालिग लड़की के कमरे में घुसकर उसका यौन शोषण किया। लड़की को सर्जरी के बाद उस कक्ष में भर्ती किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी डॉक्टर फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

सीतापुर में भेड़िये का हमला, वृद्धा की मौत, 6 घायल

सीतापुर, अमृत विचार : गांजरी क्षेत्र में बाढ़ और कटान के बाद अब भेड़िये की दहशत है। सदरपुर इलाके में भेड़िए ने एक वृद्धा पर हमला कर दिया, जिससे महिला की मौत हो गई। हमले गांव के 6 अन्य लोग भी घायल हुए हैं। सदरपुर थाना क्षेत्र के भरथरी गांव वासी 80 वर्षीय अतिवृद्धा सैफुल्ला घर से निकलकर शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान भेड़िये ने हमला कर दिया। जिससे सैफुल्ला की मौके पर ही मौत हो गई। इसी के बाद सिलसिलेवार हमले में कैसरजहां (50), मो. शफी (35), सरफराज (6), नाहिद (3), मंजीत (10) व कन्हैया (8) भी घायल हुए हैं। मृतका के दामाद शरीफ ने बताया है कि एक ही बेटी होने के कारण अतिवृद्धा अकेली ही रहती थीं। मृतका के गले पर पंजे के निशान थे। परिवार वालों ने वन विभाग व पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

उन्नाव में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, तीन झुलसे

उन्नाव, एजेंसी : जिले के बारासगवर थाना क्षेत्र के करनाईपुर गांव में गुरुवार को पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद एक महिला समेत तीन लोग आग में झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । दो मंजिला मकान में संचालित पटाखा फैक्टरी में हुआ यह विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरा मकान ढह गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने कहा कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। घटना में अभी तक किसी की मौत होने की कोई सूचना नहीं मिली ।ल घटनास्थल से मलबा हटाया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई उसमें दबा ना हो। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सहारनपुर में महिला से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर,एजेंसी : पुलिस ने सरसावा थानांतर्गत एक गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं और वे बुधवार को एक बारात में शामिल होने यहां आए थे। पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने कहा कि बुधवार की रात दोनों व्यक्ति गांव में एक मकान में घुसे और मानसिक रूप से अस्वस्थ 27 वर्षीया महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों की पहचान हरियाणा के यमुनानगर के सुरेंद्र और जनरैल सिंह के रूप में हुई है।

राम की पैड़ी पर बनेगी मुंबई के जुहू जैसी चौपाटी

अयोध्या, अमृत विचार : रामनगरी में जल्द ही मुंबई के जुहू चौपाटी की तर्ज पर सरयू नदी के किनारे राम की पैड़ी पर 'चौपाटी' बनेगी। उत्तर प्रदेश आवास विभाग ने अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही अब 4.65 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास के विजन के तहत रामनगरी में अवस्थापना, पर्यटन समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण सरयू नदी के किनार राम की पैड़ी के एक सेक्शन को शानदार चौपाटी में परिवर्तित करता चाहता है।

पीड़िता की उम्र 16 साल से कम तो आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं

दुराचार के मामलों में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच का अहम आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि दुराचार के उन मामलों में जहां पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कम है, अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 में वर्ष 2018 में जोड़ी गई नई उपधारा को उद्धत करते हुए, यह आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने छोटी नाम की अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका पर पारित किया। गोण्डा जनपद के नवाबगंज थाने के उक्त मामले में अभियुक्ता पर 16 वर्ष से कम की पीड़िता के साथ हुए दुराचार की साजिश में शामिल होने का आरोप है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने दलील दी कि अग्रिम जमानत की धारा 438 में वर्ष 2018 में उप धारा 4 जोड़ते हुए, आईपीसी की धारा 376(3), 376 एबी, 376 डीए और 376 डीबी में अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर कर दिया गया है लिहाजा उक्त अपराध के मामलों में अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए, माना कि उक्त आपराधिक मामलों में अग्रिम जमानत पर विचार नहीं किया जा सकता। उक्त सभी धाराएं 16 वर्ष व 12 वर्ष से कम की बच्चियों के साथ दुराचार व सामुहिक दुराचार के अपराध से सम्बन्धित हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट दे चुकी है इसके उलट निर्णय

हालांकि, इस आदेश के उलट 13 मई 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ ने इसी प्रश्न पर पारित अपने निर्णय में कहा है कि उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं में अग्रिम जमानत न दिये जाने का प्रावधान उत्तर प्रदेश में नहीं है। उक्त निर्णय में कहा गया है कि अग्रिम जमानत की धारा 438 को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2019 में लागू किया गया जिसमें यूएपीए, एनडीपीएस, ऑफिसियल सिक्रेट एक्ट, गैंगस्टर व मृत्यु की सजा से दंडित अपराधों को अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर रखा गया, न की उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं को। उक्त निर्णय के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 254 के प्रावधानों के तहत राज्य संशोधन सेंट्रल एक्ट पर प्रभावी होगा।

स्थानांतरण के लिए वरिष्ठता से कोई समझौता नहीं

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्थानांतरण से जुड़े एक मामले में कहा है कि कर्मचारियों को उसी पद पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए, जिस पर वे मूल रूप से कार्यरत थे। न्यायालय ने कहा है कि कर्मचारियों की वरिष्ठता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई कर्मचारी मुख्य अभियंता के कार्यालय में काम कर रहा है, तो उसे मुख्य अभियंता के कार्यालय में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इसी तरह अधीक्षक अभियंता या कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को केवल अधीक्षक अभियंता या कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। याची पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में कार्यरत थे, जो कि बिजली वितरण और आपूर्ति कंपनी है, जिसका मुख्यालय वाराणसी में है। याची ने उन्हें एक जोन से दूसरे जोन में स्थानांतरित करने के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में वर्तमान याचिका दाखिल की है।

आईआरएस अधिकारी को धमकी शाहजहांपुर का डॉक्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुप्रीम कोर्ट से जारी वारंट पर दी जेल जाने की धमकी, गोमतीनगर पुलिस ने शांतिभंग में भेजा जेल

अमृत विचार : महिला आईआरएस अधिकारी को फोन पर कॉल कर सुप्रीम कोर्ट से जारी वारंट पर जेल जाने की धमकी दी गई। हालांकि अधिकारी ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई लेकिन पुलिस ने इस मामले में शाहजहांपुर निवासी दंत चिकित्सक रचित मल्होत्रा को गिरफ्तार कर शांतिभंग में जेल भेज दिया। धमकी देने की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

घटना 18 अगस्त की है, गोमतीनगर क्षेत्र स्थित होटल रेनेसा में राजधानी में तैनात महिला आईआरएस अधिकारी ठहरी थीं। होटल के लैंड लाइन नंबर पर कॉलकर धमकी दी गई थी। होटल की सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को घटना की पुष्टि हुई। पुलिस के मुताबिक धमकी देने का कारण साफ नहीं हो सका है। महिला अधिकारी और आरोपी चिकित्सक के बीच कोई पहचान भी नहीं है। पुलिस आरोपी के मोबाइल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि राजभवन में भी कॉल कर धमकी दी गई थी। इसमें भी डॉक्टर का नाम सामने आया। बुधवार को राजभवन के लैंड लाइन नंबर पर कॉल किया। कॉल् रिसीव करने वाले को धमकाया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। मोबाइल नंबर को ट्रैक कर डॉ. रचित मल्होत्रा को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक डॉ. रचित अलग-अलग नंबरों से कॉल कर धमकी देता है। पुलिस की जांच में सामने आया कि राहगीरों से इमरजेंसी बताकर मोबाइल मांगता था। इसके बाद कॉल कर धमकी दे रहा था। पुलिस के मुताबिक पहले भी इस तरह के कॉल कर चुका है।

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा बनाएगी नया रिकार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश अध्यक्ष ने सभी प्रदेश व जिला प्रभारियों को धरातल पर डटने का दिया निर्देश

अमृत विचार : भाजपा 2 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान में इसबार नया रिकार्ड बनाएगी। इसके लिए सभी प्रदेश व जिला प्रभारियों को तीन दिन तक धरातल पर डटने का निर्देश दिया गया है।

यह बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कही। गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश पदाधिकारियों व जिला प्रभारियों की बैठक चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के सभी जिला प्रभारी 2, 3 व 4 सितम्बर को अपने-अपने जिलों में मंडल स्तर तक सदस्यता अभियान को लेकर प्रवास करेंगे। पूरे प्रदेश में 31 अगस्त को बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशालाएं आयोजित करने पर भी बैठक में चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान का प्रमुख उद्देश्य हर घर और, गांव, गली मोहल्लों तक पहुंचकर जन-जन को भाजपा की राष्ट्र निर्माण की भावना और विचारधारा तथा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की योजना से जोड़कर सदस्य बनाना और उन्हें संगठित करना है। उन्होंने विरोधी दलों पर भी हमला करते हुए उनकी तमाम नाकामियां गिनाई।

महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 सितंबर को भाजपा के सदस्यता की शुरूआत करेगें। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नव मतदाताओं सहित प्रबुद्ध वर्ग और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशेष रूप पार्टी का सदस्य बनाने के लिए कार्य करना है।

अयोध्या को जल्द मिलेगी आधुनिक चिकित्सा सुविधा : बृजेश पाठक

अयोध्या कार्यालय

एम्बुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : वैश्विक नगरी बन रही अयोध्या को जल्द ही आधुनिक चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। ये एलान उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को यहां किया। वह राममंदिर के मुख्य द्वार के पास एक ऑडिटोरियम में सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और चिकित्सा व्यवस्था में लाइफ सपोर्ट एडवांस मेडिकल एम्बुलेंस की सुविधा का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झंडी दिखाकर एंबुलेंस सेवा का उद्घाटन किया।

उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश वासियों को गुणवत्ता परक, उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। अयोध्या हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। जो भी आवश्यकता होगी, हमारी सरकार उसकी निगरानी करते हुए पूरा करेगी। बंगाल की घटना पर कहा कि इसका खामियाजा ममता बनर्जी को अवश्य ही भुगतना पड़ेगा। कहा कि प्रदेश के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी 10 सीटों पर विजय दर्ज करने जा रही है। इसके बाद रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन भी किया।

24 तीर्थ स्थलों पर होंगी लाइफ सपोर्ट मेडिकल एम्बुलेंस : उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भारत के 24 बड़े तीर्थ स्थानों पर सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के माध्यम से लाइफ सपोर्ट एडवांस मेडिकल एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसकी शुरुआत रामनगरी अयोध्या से की गई है। कार्यक्रम आयोजन सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के अध्यक्ष प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि अयोध्या से 24 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस को सनातन धर्म की तीर्थ यात्रा को समर्पित किया गया है।

वर्ग पहेली-176

बाएं से दाएं

1.1. समाप्त या पूरा करने की क्रिया 2.(वाणिज्य) किसी व्यापारिक संस्था या समूह आदि की देनदारी चुकाकर उसका संपूर्ण व्यवसाय समाप्त करना, ऋण आदि को चुका देना 3.(विधि) किसी कंपनी के व्यवसाय को बंद करने के लिए कंपनी अधिनियम के अनुसार की गई कार्रवाई।

5.1. कपटपूर्ण युक्ति 2. गलत ढंग से काटना।

7.1. मिलाना 2. युक्त करना।

10.1. विधाता, ईश्वर 2. ब्रह्मा

11.1. आस-पास का स्थान, पड़ोस 2. मार्ग, रास्ता।

ऊपर से नीचे

2.1. वह व्यक्ति जो प्राचीन काल में शासक की सवारी के आगे-आगे उसके वंश का यशगान करते हुए चलता था, भाट, चारण 2. वह व्यक्ति जो प्राचीन काल में राजदरबार के समय राजा से मिलने आने वालों की बारी आने पर आवाज़ देकर पुकारता था।



3.1. एक प्रकार का पौधा और उसकी फली से निकलने वाले दाने

4.1. गीली चीज़ पोतना, चुपड़ना 2. लीपना।

6.1. सूत का लच्छा 2. ऐसा सूत का लच्छा जो मांगलिक अवसरों पर कलाई पर बांधा जाता है 3. हाथी के गले में पड़ी रस्सी जिससे महावत हाथी को काबू में करता है 4. हाथी की गरदन।

8. बहुत दूर, दूरस्थ।

9. गंधवाली, गंधयुक्त।

वर्ग पहेली -175 का हल

1 पा					2 गो
व		3 रा	ज	4 हं	स
	5 का			सा	
6 सि	र	फु	टी	व	ल
	बो			र	
	नि		7 बूँ		
	8 क	शी	दा	का	री

सुडोकू-89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7	4		5		1		
	9				6			3
		3		8		5		
2		6	7	9	5			
	1						5	
			8	2	1	4		9
		9		3		6		
5			4				2	
		2		1		3	8	

सुडोकू -88 का हल

2	7	4	1	9	3	6	8	5
3	6	8	5	7	2	9	1	4
1	9	5	4	6	8	3	7	2
5	4	7	2	3	9	8	6	1
8	3	9	6	4	1	2	5	7
6	2	1	8	5	7	4	3	9
4	8	2	3	1	5	7	9	6
9	1	6	7	8	4	5	2	3
7	5	3	9	2	6	1	4	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अगस्त शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 31 अगस्त 02.25 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 17.56 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज पेट में दर्द और मरोड़ की शिकायत हो सकती है। सहकर्मियों से मतभेद बढ़ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र से जुड़े मामलों में थोड़ी परेशानी होगी। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है।

वृष — आज आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। गुरुतुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकते हैं। जीवन में अनुकूल परिस्थितियों का आनंद उठाएंगे। धैर्यवान होकर के सभी कार्यों को अंजाम देंगे।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें।

कर्क — आज उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। किसी पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा।

सिंह — आज खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी पर ज्यादा निर्भर रहना उचित नहीं है। आपको अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। किसी चूक के कारण आपको आर्थिक हानि भी हो सकती है। गैस और कब्ज जैसी समस्याओं के उभरने की संभावना है।

कन्या — आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रेमी जन का उत्तम सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्तोत्र प्राप्त होंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

तुला — आज बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। कटु शब्दों का ज्यादा प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज दोपहर के बाद कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का निवारण होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं।

धनु — आज अधिकारियों के साथ आपके वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे,लेकिन दोपहर के बाद कार्यक्षेत्र में कुछ अपसेट से हो सकते हैं।

मकर — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

कुंभ — आज बिजनेस को लेकर आपका आत्मविश्वास डगमगा सकता है। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। घर में अचानक रिश्तेदार आ सकते हैं। दूसरों के मामलों से स्वयं को दूर रखें।

मीन — आज काम के साथ आराम में भी ध्यान दें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। जीवनसाथी की बातों से थोड़े आहत हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	भीष्मा सुबह : 10.38	SONY PIX	एनाकोंडा सुबह : 11.08
	हो गया टोटल स्यापा रात : 07.42		मैड मैक्स रात : 09.00
&pictures	इंडियन सुबह : 10.41	ZEECINEMA	हीरो द बुलेट सुबह : 11.24
	हमारी अधूरी कहानी रात : 08.00		द कू रात : 08.00
colors CINEPLEX			साजन सुबह : 11.24
			अर्जुन रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल- यार, मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे हैं। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी- क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2135, राज श्री 1440, फ़ॉर्चून कि . 1760, रविन्द्रा 2010, फॉर्चुन ली . 1610, जय जवान 1540, सचिन 1585, सूरज 1565, अवसर 1670, राग गोल्ड 1685, गृहणी ली 1595, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1685, चक्र टिन 1950, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1950, स्वास्तिक 2105 । किराना- (प्रतिकु .) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10400, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी - डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100

ग्राहकों को मिलेगा 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मुफ्त

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एआई और क्लाउड प्ले खंड के विस्तार पर बोले

नई दिल्ली, एजेंसी

- फोटो, वीडियो दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा सुरक्षित होंगे स्टोर
- आरआईएल की 47वीं एजीएम में बोले अंबानी- जियो एआई-क्लाउड वेलकम दिवाली पर किया जाएगा जारी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी के एआई और क्लाउड प्ले खंड को विस्तार देते हुए गुरुवार को कहा कि रिलायंस जियो के ग्राहकों को 100 जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। जियो ग्राहक इस क्लाउड स्टोरेज में फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा सुरक्षित स्टोर कर पाएंगे।

अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कहा कि जियो एआई-क्लाउड वेलकम पेशकश को दिवाली पर जारी किया जाएगा। अंबानी ने कहा कि जियो ग्राहकों को 100 जीबी तक का मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा, जिससे वे अपने सभी फोटो, वीडियो, दस्तावेज, अन्य सभी डिजिटल कंटेंट और डेटा को सुरक्षित तरीके से स्टोर करने के अलावा उन तक पहुंच बना पाएंगे। इससे अधिक स्टोरेज की जरूरत वाले लोगों के लिए भी हमारे पास सबसे किफायती कीमतें होंगी। उन्होंने कहा कि जियो के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कुछ चुनिंदा लोगों के लिए आरक्षित विलासिता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई सेवाएं सभी उपकरणों, न कि केवल महंगे, उच्च-स्तरीय उपकरणों पर ही उपलब्ध होनी चाहिए।

रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि हमने जेनरेटिव एआई (रचनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर हेलो जियो को और भी स्मार्ट बनाया है। भाषा की समझ में सुधार किया गया है और इसे अधिक मानवीय अहसास देने की कोशिश की गई है। अब, जियो सेट-टॉप बॉक्स पर सामग्री ढूंढना और आसान है। आकाश ने जियोफोनकॉल एआई सेवा भी पेश की, जो उपयोगकर्ताओं को कोई भी कॉल जियो क्लाउड में रिकॉर्ड और स्टोर करने की सुविधा देती है। यह कॉल का सारांश दे सकती है और दूसरी भाषा में अनुवाद कर सकती है।

देश के लिए धन सृजन पर ध्यान

मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका तेल से लेकर दूरसंचार तक का कारोबार करने वाला समूह अल्पकालिक लाभ कमाने और संपत्ति जमा करने के कारोबार में नहीं है, बल्कि उसका ध्यान देश के लिए धन सृजन पर है। उन्होंने कहा कि रिलायंस के सभी कारोबार भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाले प्रमुख चालक बने हुए हैं और सफलता की गाथा बन गए हैं। रिलायंस का लक्ष्य देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए विश्व को अधिक स्वच्छ तथा हरित बनाना है।

शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा

अंबानी ने कहा कि कंपनी का निदेशक मंडल 5 सितंबर को 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करने के लिए बैठक करेगा। जब रिलायंस बढ़ता है, तो हम अपने शेयरधारकों को इनाम देते हैं। अंबानी ने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण को रणनीतिक रूप से अपनाने से रिलायंस निकट भविष्य में दुनिया की शीर्ष-30 कंपनियों में स्थान सुरक्षित कर लेगी। रिलायंस ने 2023-24 में शोध एवं विकास पर 3,643 करोड़ से अधिक खर्च किए, जिससे चार वर्षों में शोध पर हमारा खर्च 11,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

आईएफएससी में सूचीबद्ध होने के लिए न्यूनतम शेयरों की मात्रा हुई 10%

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम 1956 में वित्त मंत्रालय ने किया संशोधन

वित्त मंत्रालय ने गांधीनगर आईएफएससी में शेयर सूचकांकों में सूचीबद्ध होने के लिए कंपनियों को आकर्षित करने के प्रयास में कारोबार के लिए उपलब्ध शेयरों की आवश्यकता को 25 से घटाकर 10%कर दिया है। गांधीनगर स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 के तहत भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) है।

मंत्रालय के अनुसार आर्थिक मामलों के विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (आईएफएससी) में अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों में सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप सूचीबद्ध आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम (एससीआरआर), 1956 में संशोधन किया है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण उपकरण) 2019 और कंपनियां (अनुमेय क्षेत्राधिकार में शेयरों की सूचीबद्धता) नियम 2024 के तहत अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक योजना भारत में निगमित कंपनियों के शेयरों को प्रत्यक्ष सूचीबद्ध करने, कंपनियों को गिफ्ट-आईएफएससी में अनुमत अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों में सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाने के लिए नियामक ढांचा प्रदान करती है।

भारतीय कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक पहुंच होगी आसान

आईएफएससी में केवल अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक पर सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए प्रस्ताव के अनुसार जनता को न्यूनतम पेशकश व आवंटन के लिए निर्गम-पश्चात शेयर की जरूरत 10% होगी। ऐसी कंपनियों के लिए निरंतर सूचीबद्धता की जरूरत भी 10% तय की गई है, जैसा कि एससीआरआर के तहत रेखांकित है। एससीआरआर में संशोधन से उभरते व प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप तथा कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक पहुंच आसान होगी।

एफएंडओ पर 6,000 लोगों से सेबी को मिले सुझाव

मुंबई, एजेंसी

- सेबी ने जुलाई में जारी पत्र में सात उपायों का दिया था प्रस्ताव

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) कारोबार पर जारी परामर्श पत्र पर 6,000 सुझाव मिले हैं। सेबी ने जुलाई में जारी पत्र में सात उपायों का प्रस्ताव दिया था।

इनमें न्यूनतम अनुबंध आकार में वृद्धि व विकल्प प्रीमियम का अग्रिम संग्रह, स्थिति सीमाओं की इंट्रा-डे निगरानी, स्ट्राइक कीमतों का युक्तिकरण, अंतिम दिन (एक्सपायरी डे) पर कैलेंडर स्प्रेड लाभ को हटाना और अनुबंध समाप्ति मुनाफे में वृद्धि शामिल है। इनका उद्देश्य निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाना तथा डेरिवेटिव बाजारों में स्थिरता को बढ़ावा देना है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में बुच ने यह बात कही। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी. ने कहा था कि डेरिवेटिव कारोबार पर पाबंदियां लगाने के पीछे पूंजी बाजार नियामक का प्रथम उद्देश्य विकल्प कारोबार में अंतिम दिन होने वाली गहमागहमी को नियंत्रित करना है।

शेयर बाजार 82 हजार पार निफ्टी ने भी लगाई छलांग

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में लिवाली आने से गुरुवार को शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 349 अंक उछला जबकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त दर्ज की।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 349.05 अंक यानी 0.43% उछलकर 82,134.61 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। यह बढ़त का आठवां सत्र रहा। कारोबार के दौरान यह 500.27 अंक चढ़कर 82,285.83 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 11वें सत्र में बढ़त पर रहा। निफ्टी 99.60 अंक यानी 0.40% बढ़कर 25,151.95 के नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। यह 140.55 अंक चढ़कर 25,192.90 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स में शामिल टाटा मोटर्स के शेयरों में 4% की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त पर रहे।

भारत की रेटिंग स्थिर परिदृश्य से बीबीबी- पर बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

- वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच का खुलासा 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने गुरुवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा। इस तरह भारत की रेटिंग सबसे कम निवेश स्तर बीबीबी- पर बनी हुई है। यह अगस्त 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग है।

फिट रेटिंग्स ने कहा कि एजेंसी ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता चूक रेटिंग (आईडीआर) को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा है। भारत की रेटिंग को इसके मध्यम अवधि के मजबूत वृद्धि परिदृश्य से समर्थन हासिल है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के हिस्से के साथ इसकी ठोस बाहरी वित्त स्थिति और इसके कर्ज प्रोफाइल के संरचनात्मक पहलुओं में सुधार को आगे बढ़ाएगा। फिच ने कहा कि हाल ही में राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों की प्राप्ति, पारदर्शिता में बढ़ोतरी और राजस्व में उछाल से राजकोषीय विश्वसनीयता बढ़ी है। इससे इस बात की संभावना बढ़ी है कि मध्यम अवधि में भारत के सरकारी कर्ज में मामूली गिरावट आ सकती है। इसके बावजूद राजकोषीय आंकड़े भारत के ऋण परिदृश्य की कमजोरी बने हुए हैं। घाटा, ऋण और ऋण सेवा बोझ बीबीबी श्रेणी के अन्य देशों की तुलना में अधिक हैं। शासन संकेतक और प्रति व्यक्ति जीडीपी में कमी भी रेटिंग पर असर डालती है।

भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक

फिच ने भारत के वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक बने रहने की उम्मीदों पर कहा कि हम वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से थोड़ा कम है।

राष्ट्रीय

एक नजर

फोन वापस लेने से नाराज छात्र ने की आत्महत्या

नोएडा (उप्र)। नोएडा में परिजनों के फोन छीनने से नाराज छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार देर रात फेज-दो थाना क्षेत्र के भंगेल गांव की है और मृतक की पहचान अभिषेक (16) के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि अभिषेक पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रहा था, जिसकी वजह से परिजन ने उससे मोबाइल वापस ले लिया था। इस बात से नाराज अभिषेक ने कथित तौर पर घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच की जा रही है।

दर्शन को बेल्लारी जेल में किया गया स्थानांतरित

बेंगलुरु। कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार से बेल्लारी जेल भेज दिया गया। वह रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में हैं। दर्शन की एक तस्वीर रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बेंगलुरु के 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को दर्शन को बेल्लारी जेल में स्थानांतरित करने की अनुमति दी थी।

दुष्कर्म पीड़िता की आत्महत्या में आरोपी को उम्रकैद

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम न्यायालय संख्या (एक) ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता किशोरी द्वारा आत्महत्या कर लेने के मामले में आरोपी को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। विशिष्ट न्यायालय ने आरोपी युवक दीपक को किशोरी से दुष्कर्म करने और किशोरी द्वारा आत्महत्या करने का दोषी मानते हुये उस पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी किया।

आयोग ने दूसरे चरण के लिए अधिसूचना की जारी

श्रीनगर। निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। दूसरे चरण के तहत श्रीनगर, गंदेरबल, बडगाम, पुंछ, राजौरी और रियासी जिलों में फैले 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। नामांकन पांच सितंबर, अगले दिन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार नौ सितंबर तक नाम वापस ले सकते हैं। दूसरे चरण में श्रीनगर जिले की आठ सीटों पर मतदान होगा। 18 सितंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अर्धसैनिक बलों की 300 से अधिक अतिरिक्त कंपनियां तैनात की जाएंगी।

ममता बोलीं- डॉक्टर सही, आरोप गलत

ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को धमकी देने के आरोपों का किया खंडन

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता दुष्कर्म-हत्याकांड

- एक्स पर ममता ने किया पोस्ट लिखा- मैंने मेडिकल के छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा, ये दुष्प्रचार का हिस्सा

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के कनिष्ठ चिकित्सकों को कोई धमकी नहीं दी है। ये महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के विरोध में 21 दिन से हड़ताल पर हैं। बनर्जी ने कहा कि कुछ लोगों ने उन पर कनिष्ठ चिकित्सकों को धमकी देने का आरोप लगाया है, जो गलत है और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार का हिस्सा है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मैंने मेडिकल के छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का समर्थन करती हूं। उनका आंदोलन जायज है। मैंने उन्हें धमकी नहीं दी। धमकी देने का आरोप झूठा है। तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद की रैली में बनर्जी ने बुधवार को कनिष्ठ चिकित्सकों से तत्काल काम पर लौटने के लिए विचार करने का आग्रह किया था और कहा था कि वह हड़ताली चिकित्सकों के करियर को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकी दर्ज नहीं करना चाहतीं। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी को परोक्ष रूप से धमकी के तौर पर लिया और काम पर लौटने की अपील को ठुकरा दिया। बनर्जी ने कहा कि मैंने भाजपा के खिलाफ बोला है। मैंने उनके खिलाफ इसलिए बोला है क्योंकि भारत सरकार के समर्थन से वे हमारे राज्य में लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ आवाज उठाई है।

दुष्कर्म-रोधी विधेयक के लिए विस सत्र बुलाया

बंगाल सरकार ने विधानसभा का दो-दिवसीय विशेष सत्र दो सितम्बर से आहूत किया है, ताकि दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड के प्रावधान वाले विधेयक को पेश और पारित किया जा सके। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने दी। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि विधेयक को विशेष सत्र के दूसरे दिन (मंगलवार को) चर्चा और पारित करने के लिए पेश होगा। यह कदम ममता बनर्जी की उस घोषणा के एक दिन बाद उठाया गया जिसमें उन्होंने कहा था कि दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड देने को कानूनों में संशोधन संबंधी विधेयक विधानसभा में पारित किया जाएगा।

पूर्व प्राचार्य से सीबीआई ने की पूछताछ

कोलकाता। सीबीआई ने चिकित्सक से दरिंदगी मामले की जांच के सिलसिले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से पूछताछ गुरुवार को जारी रखी। घोष एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए 13वें दिन उपस्थित हुए। पूर्व प्राचार्य से सीबीआई पहले ही 130 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ कर चुकी है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने मामला हाथ में लिया है। सीबीआई ने घोष के कार्यकाल के दौरान अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की प्राथमिकी में पूर्व प्राचार्य का नाम शामिल किया है। ईडी ने भी घोष के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने प्रत्याशियों के नामों पर किया मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

पार्टी मुख्यालय में सीईसी की बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा।

- प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा सहित सीईसी के अन्य सदस्य बैठक में हुए शामिल

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने गुरुवार को आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) के अन्य सदस्य इस बैठक में शामिल हुए।

उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए सीईसी की बैठक में देर रात तक चर्चा होने की संभावना है। बैठक में हरियाणा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और सह-प्रभारी बिप्लव देब, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली और अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। इससे पहले, नड्डा के आवास पर कोर ग्रुप की बैठक हुई, जिसमें शाह के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री सैनी और बडौली भी थे। प्रधान ने अपने आवास पर हरियाणा भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। कोर समूह की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय टीम को राज्य के परिदृश्य से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि अब केंद्रीय चुनाव समिति अंतिम फैसला करेगी। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी। हरियाणा में वर्तमान में भाजपा की सरकार है।

महिला, उसके पोते की पिटाई पर जीआरपी के छह कर्मी निलंबित

भोपाल, एजेंसी

- विपक्षी कांग्रेस ने एक दिन पहले किया था वीडियो साझा, दावा था कि पीड़ित हैं दलित

मध्य प्रदेश सरकार ने कटनी जिले में महिला और उसके पोते की पिटाई के मामले में थाना प्रभारी सहित राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के छह कर्मचारियों को गुरुवार को निलंबित कर दिया। विपक्षी कांग्रेस ने एक दिन पहले घटना का वीडियो साझा किया था, जिसमें दावा किया गया था कि पीड़ित दलित हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर कहा कि जीआरपी कटनी पुलिस थाने के कर्मियों द्वारा पिटाई का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। मैंने संज्ञान के बाद उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रेल को जांच को कहा है। प्रारंभिक जांच में तत्कालीन जीआरपी पुलिस थाना प्रभारी, हेड कांस्टेबल और चार कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले दिन इस सिलसिले में पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर हुए थे। यह घटना पिछले वर्ष अक्टूबर की थी। एसपी (जीआरपी) सिमला प्रसाद ने बताया कि दीपक वंशकार पर 19 मामले हैं, वह फरार था। उसके परिजनों को पिछले साल अक्टूबर में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर है। महिला और नाबालिग के खिलाफ भी कटनी में मामले दर्ज हैं। वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है।

थरूर पर मानहानि कार्यवाही निरस्त करने से अदालत ने किया इनकार

शिवलिंग पर बिच्छू

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी के संदर्भ में की गई शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही को निरस्त करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली थरूर की याचिका रद कर दी। कोर्ट ने 16 अक्टूबर, 2020 को मानहानि शिकायत में थरूर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाई थी। इसने आज अपने अंतरिम आदेश को रद कर दिया और संबंधित पक्षों को 10 सितंबर को निचली अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाही निरस्त करने का कोई आधार नहीं बनता है।

गिरफ्तारी से संरक्षण पांच तक बढ़ा खेडकर ने आरोपों से किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दिया अंतरिम संरक्षण 5 सितंबर तक बढ़ा दिया। उन पर धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी तथा दिव्यांगता कोटे का लाभ उठाने का आरोप है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने खेडकर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए टाल दी। संघ लोक सेवा आयोग और दिल्ली पुलिस दोनों ने गिरफ्तारी पूर्व जमानत की खेडकर की याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया है।

आयोग को उम्मीदवारी रद करने का अधिकार नहीं

खेडकर ने दायर जवाब में आरोपों से इनकार किया है और कहा सिविल सेवा परीक्षा-2022 को पास करने में न तो गलत बयान दिया है और न धोखाधड़ी की। आयोग को उनकी उम्मीदवारी को रद करने का कोई अधिकार नहीं है। उनका चयन बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी में योग्यता पर हुआ था और उन्होंने पांचवीं बार प्रयास किया है, जबकि उक्त श्रेणी में उपलब्ध प्रयास नौ हैं। 2012 से 2017 तक किए प्रयास इस श्रेणी के अंतर्गत नहीं थे।

झारखंड जमीन घोटाला

कोर्ट ने आरोपी का बैंक स्टेटमेंट मांगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी संपत्ति दस्तावेज तैयार करके रांची में भारतीय सेना की 4.55 एकड़ जमीन की बिक्री से संबंधित वित्तीय लेनदेन का पता लगाने के लिए गुरुवार को एक आरोपी के बैंक स्टेटमेंट मांगे। झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कथित भूमि घोटाले से उत्पन्न धनशोधन मामले में आरोपी हैं। वह जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ईडी की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट द्वारा सह-आरोपी दिलीप घोष को जमानत देने को चुनौती दी गई है।

एनआईए ने खुफिया जानकारी लीक में सात राज्यों में मारे छापे

नई दिल्ली, एजेंसी

- गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों को खंगाला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले में सात राज्यों में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने जिन परिसरों में छापे मारे वे उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी के लिए पाकिस्तान से धन मिला था। एनआईए ने कहा कि आईएसआई जासूसी गिरोह से रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक होने से जुड़े मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापे मारे गए। इस दौरान 22 मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने 2023 में मामले को हाथ में लिया था।

बृजभूषण को नोट दाखिल करने का कोर्ट ने दिया समय

यौन उत्पीड़न मामला

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में दर्ज प्राथमिकी और आरोप रद करने का अनुरोध वाली दलीलों पर नोट दाखिल का गुरुवार को समय दिया।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने सिंह को दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 सितंबर की तिथि निर्धारित की। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने आरोप पत्र और उससे जुड़ी सभी अन्य कार्यवाही को रद्द करने के वास्ते सभी दलीलों को पेश करने के लिए एक संक्षिप्त नोट तैयार करने का समय मांगा है।

भारत में परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विवि बना साउथेम्प्टन

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूजीसी ने 2023 में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना की घोषणा की थी

ब्रिटेन का साउथेम्प्टन विवि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारत में अपना परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है। यह घोषणा केंद्र सरकार ने गुरुवार को की।

विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 2023 में भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन विनियमों की घोषणा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में विवि के प्रतिनिधियों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपा। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने कहा कि उसका दिल्ली-एनसीआर परिसर देश में शिक्षा, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान तथा उद्यम गतिविधियों को बढ़ावा देगा। विवि ने परिसर खोलने का प्रस्ताव इया था, जिसे यूजीसी ने आशय पत्र जारी करने के लिए मंजूरी दे दी है।

कविता की जमानत पर टिप्पणी से रेवंत रेड्डी से कोर्ट नाराज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामलों में बीआरएस नेता के. कविता को दी गई जमानत के संबंध में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणियों पर बृहस्पतिवार को कड़ी आपत्ति जताई। रेड्डी ने कविता की जमानत के लिए भाजपा और बीआरएस के बीच सौदेबाजी की ओर इशारा किया था। उनके इस बयान पर नाराज़गी जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे बयानों से लोगों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवई की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने रेड्डी के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि क्या आपने अखबार पढ़ा कि उन्होंने क्या कहा? बस इतना पढ़िए कि उन्होंने क्या कहा।

खेल डायरी

न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच बने जैकब ओरम

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड ने पूव तेज गेंदबाज जैकब ओरम को मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत में होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला से पहले गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। न्यूजीलैंड के लिए तीन वनडे और चार टी-20 विश्व कप खेल चुके 46 वर्षीय ओरम सात अक्टूबर को जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु में 16 से 20 अक्टूबर तक शृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद पुणे (24 से 28 अक्टूबर) और मुंबई (1 से 5 नवंबर) में टेस्ट खेले जाएंगे। हाल में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान ओरम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच रहे थे। उन्होंने 2022 में घरेलू सरजमीं पर हुए विश्व कप के दौरान न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए यही भूमिका अदा की थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा टीम की मदद करने के बाद ओरम आधिकारिक रूप से न्यूजीलैंड के सहयोगी स्टाफ में शामिल होंगे।

कनकशन के बाद विल ने क्रिकेट से कहा अलविदा

मेलबर्न। विल पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जिस तरह शानदार आगाज किया था, उन्हें आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी का अगला सितारा माना जा रहा था लेकिन लगातार सिर में चोट और कनकशन (सिर में चोट के कारण अचेत होना) की घटनाओं के बाद सिर्फ 26 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कह दिया। चिकित्सा विशेषज्ञों की पैनल के सुझाव के बाद उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया। 9 न्यूज मेलबर्न ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुकोवस्की ने स्वीकार किया था कि इन चोटों का उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। उन्होंने अपने करियर में एकमात्र टेस्ट सिडनी में 2021 में भारत के खिलाफ खेला जिसमें उन्होंने 62 रन बनाए थे। उन्हें नवदीप सैनी ने आउट किया था। उस मैच में कंधे में लगी चोट के कारण वह छह महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें जनवरी 2019 में टीम में पहली बार चुना गया था। मार्च 2024 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के कारण उन्हें कनकशन के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था।

वेस्टइंडीज के शैनन गेब्रियल ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। गेब्रियल ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने संन्यास की जानकारी देते हुए कहा पिछले 12 सालों से मैंने स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए समर्पित कर दिया था और इस दौरान क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर खेलना मेरे लिए सबसे बेहतरीन था। अपने पसंदीदा खेल में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मुझे बहुत खुशी देता है। लेकिन जैसा कहा जाता है कि हर चीज का अंत होता है, लिहाजा आज मैं भी अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर से संन्यास ले रहा हूं। सबसे पहले मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और साथ ही अपने परिवार का भी शुक्रगुजार हूं जिसने इस दौरान मेरा हर कदम पर साथ दिया। इसके अलावा मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज, मेरे कोच और सभी स्टाफ का भी आभारी हूं। मैं अपने उन सहयोगियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो हर पल मेरे साथ थे और उन्होंने मेरे इस सफर को यादगार बनाया।

शाहीन अफरीदी दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने शुक्रवार से रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान ने आज मैच की पूर्व संध्या पर 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें लेग स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मीर हमजा शामिल हैं। अफरीदी को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर किए जाने पर मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा कि वह अपनी प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। गिलेस्पी ने कहा शाहीन इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने कहा हमने उनसे बातचीत की है और वह इसके पीछे की सोच को अच्छी तरह समझते हैं। शाहीन को कुछ फीडबैक दिया गया है। वह अपनी गेंदबाजी के साथ कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं ताकि वह यथासंभव प्रभावी हो सकें। वह अजहर महमूद के साथ वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं।

पेरिस पैरालंपिक : बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में सुकांत, सुहास और तरूण जीत, मानसी और मंदीप हारीं

भारत के लिए मिला-जुला रहा पहला दिन

पेरिस, एजेंसी

भारत के सुकांत कदम, सुहास यथिराज और तरूण ने गुरुवार को यहां पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल की। सुकांत (31 वर्ष) ने ग्रुप बी के शुरूआती मैच में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन पर एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 17-21 21-15 22-20 से जीत हासिल की।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास को इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को ग्रुप ए मैच में हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा, उन्होंने महज 22 मिनट में 21-7 21-5 से जीत दर्ज की। अपना दूसरा पैरालंपिक खेल रहे तरूण ने पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप डी मैच में ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरेयो जूनियर जेवियर को 21-17 21-19 से मात दी। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है। नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को मिश्रित युगल (एसएल 3 एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21-14, 21-17 से जीता।

मैच के दौरान शॉट खेलतीं मंदीप कौर।

मंदीप कौर और मानसी जोशी को एसएल3 महिला एकल ग्रुप चरण मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। मानसी ने ग्रुप ए में इंडोनेशिया की कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह के खिलाफ पहला गेम जीत लिया लेकिन दबाव में आकर 21-16 13-21 18-21 से हार गईं। मंदीप को ग्रुप बी मैच में नाईजीरिया की मरियम इनियोला बोलाजी से 8-21 14-21 से शिकस्त मिली। शिवराजन सोलाइमलाइ और नित्या श्री की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मिश्रित युगल में एसएच6 ग्रुप मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की और जेसी सिमोन से सीधे गेम में हार गई।

उन्हें अमेरिकी जोड़ी ने 35 मिनट में 23-21, 21-11 से हराया। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 29 वर्ष के नितेश और तमिलनाडु की तुलसीमति ने हांग्झोऊ पैरा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। एसएल 3 खिलाड़ियों के शरीर के एक हिस्से में विकृति होती है जबकि एसयू 5 खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से में विकृति होती है। एसएच 6 वर्ग बौने खिलाड़ियों के लिए हैं।

महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा में भारत की ज्योति गडेरिया। ● एजेंसी

3000 मी परस्यूट में 10वें स्थान पर रहीं साइकिलिस्ट ज्योति

पेरिस। भारत की ज्योति गडेरिया गुरुवार को यहां पैरालंपिक की महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में 10वें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। ज्योति ने 3000 मीटर की दूरी तय करने में चार मिनट 53.929 सेकेंड का समय लिया जिससे वह 10वें स्थान पर रहीं। चीन की वांग जियाओमेई (3:44.660) और ब्रिटेन की डाफने श्रागर (3:45.133) क्वालीफाइंग दौर में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं जिससे अब दोनों स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी। जर्मनी की मैके हॉसबरगर और स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिगलिंग क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं जिससे दोनों के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा। पैरा-साइकिलिंग में मस्तिष्क पक्षाघात, निचले अंग के कटने और विकलांगता वाले एथलीट सी1 से सी5 की पांच श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हैं।



जीत के बाद जश्न मनाते सुकांत कदम। ● एजेंसी ››

रैंकिंग दौर में दूसरे स्थान पर रहीं तीरंदाज शीतल

पेरिस, एजेंसी

भारत की बिना बांह की तीरंदाज शीतल देवी गुरुवार को महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन रैंकिंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रहीं जिससे उन्हें पेरिस पैरालंपिक के राउंड ऑफ 16 में सीधे प्रवेश किया। जम्मू-कश्मीर की 17 साल की शीतल का जन्म बिना बांह के हुआ था और वह अपने पैरों से तीरंदाजी करती हैं। शीतल ने 720 अंक में से 703 अंक जुटाए और तुर्की की ओजनुर गिर्डी क्यूर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। ओजनुर ने 704 अंक के साथ रैंकिंग दौर का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

शीतल ने भी इसी महीने बनाए ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे पाइन पेटरसन के 698 के रैंकिंग दौर के विश्व रिकॉर्ड को पार कर लिया था लेकिन बाद में ओजनुर ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। शीतल सहित रैंकिंग दौर में शीर्ष चार पर रहने वाली तीरंदाजों को राउंड ऑफ 32 में बाई और वह अब शनिवार को राउंड ऑफ 16 में जुनिगा और कोरिया की चोई ना मी के बीच होने वाले राउंड ऑफ 32 की विजेता से भिड़ेंगी। ये दोनों तीरंदाज रैंकिंग दौर में क्रमशः 15वें और 18वें स्थान पर रही। शीतल ने पिछले साल चीन के हांग्झोऊ में पैरा एशियाई खेलों में एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने रजत पदक के रूप में तीसरा पदक भी जीता था।

महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन रैंकिंग दौर में निशाना लगातीं शीतल देवी। ● एजेंसी

पदक तालिका

देश				कुल
चीन	2	1	0	3
नीदरलैंड्स	2	0	0	2
फ्रांस	1	1	0	2
ब्राजील	1	0	0	1
डेनमार्क	1	0	0	1
हंगरी	1	0	0	1
पोलैंड	1	0	0	1
सिंगापुर	1	0	0	1
भारत	0	0	0	0

पैरालंपिक ताइक्वांडो में तुकी की एकिंसी हारीं अरूणा तंवर

पेरिस। भारत की अरूणा तंवर को गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक की ताइक्वांडो स्पर्धा में महिला के 44-47 किग्रा वर्ग के राउंड 16 मुकाबले में तुकी की नुरसिहान एकिंसी से 0-19 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। अरूणा तुर्की की अपनी प्रतिद्वंद्वी की कोई बराबरी नहीं कर सकीं जिन्होंने पांच मिनट के राउंड में अपनी इच्छानुसार अंक जुटाये। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने एक पेनल्टी अंक भी गंवाया। के44 वर्ग में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके एक हाथ में कोहनी के ऊपर की विकलांगता होती है। पैरा ताइक्वांडो को 2021 में तोक्यो पैरालंपिक के दौरान शामिल किया गया था।

विंबलडन चैंपियन क्रेसिकोवा यूएस ओपन से बाहर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रियेला रूसे से 4-6, 5-7 से हारकर बाहर हो गई। रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-5 से मात दी।

किसी महिला खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विंबलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं। पुरूष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिए लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया। वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मातेओ बेरेतिनी को 6-3, 7-6, 6-1 से मात दी जबकि ब्रेंडन नाकाशिमा ने आर्थर काजाक्स को हराया और अब उनका सामना 18वीं वरीयता प्राप्त लोजेंजो मुसेत्ती से होगा।

जिरि लेहेका ने मिचेल क्रूगर को 6-7, 0-6, 6-4, 6-4, 7-5 से हराया। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा जिन्होंने आर्थर रिंडरनेश को 4-6, 5-7, 6-1, 6-2, 6-2 से हराया। महिला वर्ग में गत चैंपियन कोको गॉफ टी मारिया को 6-4, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गई। अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा। अमेरिका की मेडिसन कीस ने माया जोइंट को 6-4, 6-0 से मात दी। अब उनका सामना एलिसे मर्टेंस से होगा जिन्होंने एला टोमजानोविच को 6-3, 6-2 से हराया।

जोकोविच तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए जब सर्बिया के ही लास्लो जेरे ने तीसरे सेट में चोटिल होने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। जोकोविच पूरे मुकाबले में अपनी सर्विस पर जूझते नजर आए। उन्होंने बाद में कहा भी कि अगर लास्लो चोटिल नहीं होते तो शायद वह हार भी सकते थे। वह 6-4, 6-4, 2-0 से आगे थे जब लास्लो पीछे हट गए। अब उनका सामना शुक्रवार को एलेक्सेइ पोपिरिन से होगा।

बालाजी और युकी दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। भारत के युगल खिलाड़ियों एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी ने अमेरिकी ओपन पुरूष युगल वर्ग में अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पहले दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो एंड्रियोजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला को हराया। युकी और अलबानो ओलिवेत्ती ने रियान सेजेरमैन और पैट्रिक टी को मात दी।

रोनाल्डो को शीर्ष गोल-स्कोरर पुरस्कार

- **यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन पांच बार चैंपियंस लीग जीतने पर किया सम्मानित**

लंदन, एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की यूईएफए चैंपियंस लीग विरासत हमेशा के लिए अमर हो गई है क्योंकि यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन ने पांच बार चैंपियंस लीग जीतने वाले रोनाल्डो को शीर्ष गोल स्कोरर पुरस्कार से सम्मानित किया है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो 183 खेलों में 140 गोल के साथ प्रतियोगिता के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। 42 असिस्ट के साथ वह प्रतियोगिता में सबसे ज़्यादा असिस्ट करने वाले खिलाड़ी भी हैं। यूईएफए ने मोनाको, मोंटे कार्लो में चैंपियंस लीग 2024-25 लीग चरण के ड्रॉ के दौरान क्रिस्टियानो रोनाल्डो की विरासत का सम्मान किया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को यूसीएल में उनके प्रदर्शन के लिए मिस्टर चैंपियंस लीग का उपनाम दिया गया था। रोनाल्डो ने चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंटस का प्रतिनिधित्व किया।

रोनाल्डो के नाम चैंपियंस लीग में सबसे ज्यादा 140 गोल करने का रिकॉर्ड है और वह चैंपियंस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा बार खेलने के मामले में इकर कैसिलास के बराबर हैं। उन्होंने 5 बार चैंपियंस लीग जीती है और 7 अलग-अलग मौकों पर यूसीएल सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

सलमान का गाना यू आर माइन रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का रोमांटिक गाना यू आर माइन रिलीज हो गया है। सलमान खान अपने भांजे अयान अग्निहोत्री के साथ यू आर माइन नाम से एक म्यूजिक वीडियो लेकर आए हैं। इस गाने में सलमान ने अपनी आवाज दी है और अयान ने इसमें रैप किया है। गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है। हैदर खान द्वारा निर्देशित इस गाने के बोल सलमान खान और संजीव चतुर्वेदी ने मिलकर लिखे हैं। अयान, सलमान खान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री और अतुल अग्निहोत्री के बेटे हैं।

एक जैसे थे कई किरदार : रवीना

मुंबई, एजेंसी

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आपका अपना जाकिर में अपने शुरूआती सिने सफर के बारे में बात की। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आपका अपना जाकिर में दर्शकों को मनोरंजन, मजेदार बातें, और दिल को छू लेने वाले पल देखने को मिलेंगे। इस एपिसोड की मेजबानी करने वाले जाकिर खान, बॉलीवुड की मोहक अभिनेत्री रवीना टंडन का स्वागत करेंगे। रवीना अपने शानदार करियर के बारे में दिलचस्प किस्से साझा करेंगी, पर्दे के पीछे की कहानियां और अपने सह-कलाकारों के साथ यादगार पल भी बताएंगी।

रवीना टंडन ने अपने शुरुआती सालों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने अपने करियर में विविध भूमिकाएँ अपनाकर खुद को चुनौती दी, जिसने उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी नए अवसर खोजने में मदद की। उन्होंने साझा किया, मेरे करियर के पहले चार-पांच सालों तक, मैं अक्सर एक जैसे किरदार निभा रही थी। मुझे याद है कि जब मैंने फिल्म के लिए लुक टेस्ट दिया, तो मैं रामू को खुश होकर हाय बोली, लेकिन उन्होंने बस मुस्कुराते हुए हाय कहा और चले गए। मैंने इसका असर नहीं लिया और लुक टेस्ट के लिए गई और जल्दी ही मैं अपने किरदार में पूरी तरह से समाहित हो गई। उस पल, उन्होंने मुझसे पूछा, रवीना, क्या तुम हो? वे मुझे पहचान नहीं पाए क्योंकि मैं अपने किरदार में पूरी तरह से डूबी हुई थी। इस रविवार, सोनी टेलीविजन पर रात 9:30 बजे आपका अपना जाकिर प्रसारित होगा।

● आपका अपना जाकिर शो में रवीना टंडन ने शुरूआती सिने सफर के बारे में की बात

द बकिंघम मर्डर्स का गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज हो गया है। द बकिंघम मर्डर्स के मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज कर दिया है, जिसे बल्ली सागू ने गाया है। यह गाना करीना कपूर खान पर फिल्माया गया है। यह गाना उनके जासूस के रूप को अलग-अलग भूमिकाओं में दिखाता है और फिल्म में उनके द्वारा महसूस की गई अलग-अलग भावनाओं को सामने लाता है। द बकिंघम मर्डर्स का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना के अलावा, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे कई स्टार्स हैं। फिल्म की कहानी असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है।

कंगना ने ओपेनहाइमर से की फिल्म इमजरेंसी की तुलना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी की तुलना हॉलीवुड फिलम ओपेनहाइमर से की। कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ''इमरजेंसी'' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। कंगना रनौत ने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सच्चाई से इतने असहज क्यों हैं। जैसे कि वह हमें स्पष्ट रूप से देख नहीं सकते हैं। मेरे लिए श्रीमती गांधी वही हैं, जो वह हैं और हम लोगों को अच्छे या बुरे के रूप में वर्गीकृत नहीं कर सकते। यदि आप उस विजन से देखें तो यह फिल्म आपके लिए कई दरवाजे खोलेगी लेकिन साथ ही, मेरी फिल्म के साथ एक करीबी तुलना शायद ओपेनहाइमर से की जा सकती है।यह मैकबेथ की तरह ही है। मैकबेथ को राजा बनना तय था, और जब वह राजा को मारकर राजा बन जाता है तो खंजर उसका पीछा करता है। उसका विवेक उसका पीछा करता है...इमरजेंसी का विचार यह है कि हममें से सबसे अच्छे लोग भी अभिमान का शिकार बन सकते हैं। गौरतलब है कि कंगना रनौत निर्मित-निर्देशित इमरजेंसी में आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म इमरजेंसी में अनुपम खेर, दिवंगत सतीश कौशिक, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

राजद्रोह के मामले में दो पत्रकारों को दोषी ठहराया

हांगकांग। हांगकांग की एक अदालत ने एक बंद हो चुके समाचार संस्थान के दो पूर्व संपादकों को राजद्रोह के एक मामले में गुरुवार को दोषी ठहराया। स्टैंड न्यूज़ के पूर्व प्रधान संपादक चुंग पुई-कुएन और पूर्व कार्यवाहक प्रधान संपादक पैट्रिक लैम को 2021 में गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने राजद्रोही सामग्री को प्रकाशित करने और पुन: प्रस्तुत करने की साजिश के आरोप को कबूल नहीं किया था।

फ्रांस में धार्मिक स्थल पर हमले में आरोपी हिरासत में

पेरिस। दक्षिणी फ्रांसीसी हेरॉल्ट विभाग में एक धार्मिक स्थल पर हुए हमले के लिए एक संदिग्ध और उसके रिश्तेदार पर आरोप लगाया गया है और उन्हें प्री-ट्रायल हिरासत में रखा गया है। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि अदालत ने दोनों संदिग्धों पर नस्लीय या धार्मिक आधार पर और आतंकवादी गतिविधि के संबंध में हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

बूस्टर रॉकेट में लगी आग स्पेसएक्स को उड़ान से रोका

वाशिंगटन। अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनी स्पेसएक्स के बूस्टर रॉकेट के बुधवार को नीचे उतरते समय आग की चपेट में आने के बाद कंपनी के प्रक्षेपण रोक दिए गए हैं। अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने फ्लोरिडा तट पर तड़के हुई दुर्घटना के बाद कंपनी के फाल्कन 9 रॉकेट को उड़ान भरने से रोक दिया और जांच के आदेश दिए। इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अभी यह नहीं बताया जा सकता कि स्पेसएक्स की आगामी 'क्रू' उड़ानों पर इसका कितना असर होगा।

अल साल्वाडोर में भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किए

सैन साल्वाडोर। मध्य अमेरिकी देश अल साल्वाडोर में भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किए गए हैं। अल साल्वाडोर के पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय (एमएआरएन) ने एक्स पर लिखा कि स्थानीय समयानुसार बुधवार शाम 03 :57 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 .1 आंकी गई। भूकम्प का केंद्र मिज़ाटा बीच से 70 किलोमीटर दक्षिण में, ला लिबर्टाड के तट से 13 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

रूस में 92 और अमेरिकियों का प्रवेश प्रतिबंधित

मॉस्को। रूस के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एलान किया कि 92 और अमेरिकी नागरिकों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें पूर्व में रूस में काम कर चुके कुछ पत्रकार, अधिकारी और कुछ व्यापारी शामिल हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बाइडन प्रशासन द्वारा अपनाई गई रूस को अलग-थलग करने की नीति के जवाब में अमेरिकियों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इजरायल से संबंधों पर पुनर्विचार करे ईयू

ब्रसेल्स। आयरलैंड और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक ने गुरुवार को कहा कि यूरोपीय संघ को इजरायल के साथ संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए। ब्रसेल्स में ईयू के विदेश मंत्रियों की बैठक में आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने इजराइल पर आम नागरिकों को सैन्य अभियान में निशाना बनाने का आरोप लगाया।

ईरान में गैस रिसाव से दो की मौत, 10 अन्य घायल

दुबई, एजेंसी

- रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ हादसा

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड केंद्र में गैस रिसाव के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार यह रिसाव इस्फहान प्रांत में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खबर में कहा गया है कि इस्फहान प्रॉविन्शियल गार्ड ने मृतकों की पहचान कैप्टन मोजतबा नजारी और लेफ्टिनेंट कर्नल मोख्तार मोर्शदी के रूप में की है। गार्ड के बयान में यह नहीं बताया गया कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की मौत गैस से दम घुटने से हुई या गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ। हाल के वर्षों में रिवोल्यूशनरी गार्ड की इकाइयों में कई घातक विस्फोट हुए हैं। सबसे उल्लेखनीय घटना 2011 में हुई, जब तेहरान के पास एक मिसाइल बेस पर हुए विस्फोट में कमांडर हसन तेहरानी मोगादम सहित 17 लोग मारे गए थे, जो अर्धसैनिक बल के मिसाइल कार्यक्रम का नेतृत्व करते थे। शुरू में अधिकारियों ने विस्फोट को एक दुर्घटना बताया, हालांकि बाद में एक पूर्व कैदी ने कहा कि गार्ड ने उससे इस संदेह पर पूछताछ की कि विस्फोट इजराइल ने किया था। गैस रिसाव ऐसे समय हुआ है जब 31 जुलाई को ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हनिया की हत्या के बाद से तनाव बना हुआ है।

मार्शल आर्ट यानी आत्मरक्षा के गुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे जिउ-जित्सु (मार्शल आर्ट का एक फॉर्म) करते दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट के आखिर में उन्होंने लिखा है कि भारत डोजो यात्रा, कमिंग सून। डोजो एक तरह के मार्शल आर्ट के ट्रेनिंग स्कूल हैं। ऐसी जगह जहां लोग जूडो, कराटे या किसी दूसरे मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस करते हैं। जापानी भाषा में डोजो का मतलब है- जाने का रास्ता। सबसे शुरुआती डोजो बौद्ध मंदिरों के अंदर बने होते थे। आइए जानते हैं कि भारत में मार्शल आर्ट्स के कितने प्रकार प्रचलित हैं।

कुश्ती: भारतीय कुश्ती, जिसे कुश्ती या मल्लखंब भी कहा जाता है, बहुत प्राचीन है। इसमें विभिन्न प्रकार की तकनीकें, जैसे कि थ्रो, ग्रैपलिंग और पिनिंग शामिल हैं। इसे आमतौर पर मिट्टी के अखाड़े में खेला जाता है और इसमें विशेष प्रकार के हस्तकला तकनीकों का उपयोग होता है। मल्लखंब एक अद्वितीय भारतीय खेल है जिसमें एक खम्बे (सामान्यत: लकड़ी का) के साथ शारीरिक अभ्यास और प्रदर्शन किया जाता है।

सिलम्बम: यह विशेष रूप से दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में प्रचलित है। सिलम्बम का नाम तमिल शब्द सिलम्ब से आया है, जिसका अर्थ है लाठी और इस मार्शल आर्ट में लाठी और अन्य हथियारों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसमें लाठी (कठोर और लचीली लाठियां), चक्र (फेंकने वाले हथियार) और अन्य पारंपरिक हथियारों का उपयोग किया जाता है। इसमें स्ट्राइकिंग, ब्लॉक्स, थ्रोइंग, और ग्रैपलिंग तकनीकें शामिल होती हैं।

भद्रकाली: यह एक पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट है जो विशेषकर आंध्र प्रदेश और कर्नाटक क्षेत्रों में प्रचलित है। यह एक प्राचीन और विशिष्ट युद्धकला है। इस मार्शल आर्ट का नाम भद्रकाली देवी के नाम पर रखा गया है, जो शक्ति और बल की प्रतीक मानी जाती हैं। इसमें विभिन्न प्रकार की लड़ाई की तकनीकें शामिल होती हैं, जैसे कि स्ट्राइक्स, किक्स, और ग्रैपलिंग। लाठी और अन्य पारंपरिक हथियारों का उपयोग किया जाता है।

अगर: यह विशेषकर उत्तर भारत में प्रचलित है। यह एक प्राचीन और विशिष्ट लड़ाई की कला है, जिसमें विभिन्न प्रकार की तकनीकें और शारीरिक प्रशिक्षण शामिल होता है। इसमें लड़ाई के लिए विभिन्न तकनीकें शामिल होती हैं, जैसे कि स्ट्राइक्स, किक्स, और ग्रैपलिंग। इसमें विशेष रूप से हाथ और पैर के विभिन्न प्रकार के हमलों और बचाव तकनीकों का अभ्यास किया जाता है।

कल्लारीपयट्टू: दक्षिण भारत, विशेषकर केरल का एक प्राचीन और पारंपरिक मार्शल आर्ट है। इसे कल्लारी और पयट्टू के संयोजन से नामित किया गया है, जिसमें कल्लारी का अर्थ होता है व्यायाम स्थल और पयट्टू का अर्थ होता है लड़ाई। इसमें स्ट्राइक्स, किक्स, ग्रैपलिंग और हथियारों के उपयोग की तकनीकें शामिल होती हैं।

गतका: यह एक पारंपरिक पंजाबी मार्शल आर्ट है। इसमें विभिन्न प्रकार के पारंपरिक हथियारों का उपयोग होता है, जैसे कि तलवार, डंडा, चक्र और कृपाण। इसमें तलवारबाज़ी, ढाल के साथ लड़ाई और हाथों से लड़ाई की तकनीकें शामिल होती हैं।

कर्ज चुकाने को बांग्लादेश ने 8 अरब डॉलर की मांगी मदद

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य भागीदारों से लगाई गुहार

ढाका, एजेंसी

बाढ़ पुनर्वास के लिए 30 करोड डॉलर देने का अनुरोध

पूर्व स्पीकर और पूर्व वाणिज्य मंत्री हत्या मामले में गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश में हाल ही में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में एक सुनार की हत्या के मामले में पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को बताया गया कि रंगपुर में दर्ज एक हत्या के मामले में पूर्व वाणिज्य मंत्री मुंशी (74) को रैपिड एक्शन बटालियन ने ढाका के गुलशन में बुधवार रात गिरफ्तार किया है। इसमें बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान 38 वर्षीय सुनार मुस्लिम उद्दिन मिलन की हत्या के लिए मुंशी और संसद की पूर्व अध्यक्ष चौधरी सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इनके अलावा इस मामले में कई अज्ञात लोग भी आरोपी हैं।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने विदेशी कर्ज चुकाने और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित अन्य भागीदारों से आठ अरब डॉलर की बजट सहायता की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक से बाढ़ से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए धन भी मांग रही है। सरकार ने एडीबी को एक पत्र लिखा है, जिसमें बाढ़ पुनर्वास के लिए 30 करोड डॉलर देने का अनुरोध किया गया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश विश्व बैंक से भी बड़ी रकम की मांग करेगा, लेकिन अभी तक औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया है। बजट समर्थन के माध्यम से, वैश्विक ऋणदाता के मौजूदा 4.7 अरब डॉलर ऋण कार्यक्रम के लिए और इसके अलावा आईएमएफ से 03 अरब डॉलर आने की उम्मीद है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय और बांग्लादेश बैंक के अधिकारियों के अनुसार, देश की सरकार विश्व बैंक, एडीबी, जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) सहित विभिन्न

विकास भागीदारों से 5 अरब डॉलर मांगने की योजना बना रही है।

बांग्लादेश बैंक के गवर्नर अहसान एच मंसूर ने हाल ही में आईएमएफ से 03 अरब डॉलर मांग करने की योजना बनाने की घोषणा की थी। आईएमएफ स्टाफ मिशन सितंबर के अंत में ऋण पर चर्चा करने के लिए बांग्लादेश का दौरा कर सकता है। अधिकारियों ने कहा कि यात्रा के बाद बांग्लादेश आईएमएफ को एक औपचारिक पत्र भेजेगा, जिसमें अतिरिक्त ऋण की मांग की जाएगी। आईएमएफ ने जनवरी 2023 में मंजूरी मिलने के बाद से 4.7 अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 2.3 अरब डॉलर जारी कर चुका है। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के कार्यभार संभालने के बाद, विश्व बैंक और एडीबी ने वित्त सलाहकार, ऊर्जा सलाहकार और केंद्रीय बैंक के गवर्नर के साथ अलग-अलग बैठकें की है। बांग्लादेश ने उनसे और ज्यादा बजट समर्थन देने की मांग की है। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार, विश्व बैंक और एडीबी के साथ बैठकों के दौरान ऊर्जा सलाहकार ने तत्काल बजट सहायता के रूप में 01 अरब डॉलर की मांग की।

टेलीग्राम के सीईओ जमानत पर रिहा

पेरिस। टेलीग्राम मेसेंजर के संस्थापक एवम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल ड्यूरोव को 50 लाख यूरो की जमानत राशि का भुगतान करने के बाद बुधवार को रिहा कर दिया गया। फिलहाल, उन्हें सप्ताह में दो बार रिपोर्ट करना आवश्यक है। पेरिस के लोक अभियोजक लॉर बेकुउ ने बुधवार रात घोषणा की कि ड्यूरोव को आधिकारिक तौर पर छह आरोपों में जांच के दायरे में रखा गया है और जांच के दौरान उन पर फ्रांस छोड़ने से रोक लगा दी गई। ड्यूरोव को फ्रांसीसी पुलिस ने शनिवार रात पेरिस के बाहर एक हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया था। अभियोजक बेकुउ ने सोमवार को कहा कि टेलीग्राम के संस्थापक पर 12 आपराधिक अपराधों का आरोप है।

तूफान शानशान ने दी जापान में दस्तक

तोक्यो, एजेंसी

- भारी बारिश से तीन की मौत नदियां उफान पर आईं

दक्षिणी जापान में गुरुवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण तीन लोगों की मौत हो गई तथा क्यूशू में बिजली गुल होने से ढाई लाख घर अंधेरे में हैं। तूफान के और विकराल होने के चलते बाढ़, भूस्खलन तथा बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान 'शानशान' ने सुबह दक्षिणी क्यूशू के सतसुमासेंदाई के पास दस्तक दी, जहां 24 घंटे में 60 सेमी तक बारिश होने के आसार हैं। इसने बताया कि पिछले 24 घंटे में हुई बारिश अगस्त की औसत बारिश से अधिक है जिससे नदियां उफान पर आ गई हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

एजेंसी ने यह भी बताया कि तूफान के कारण देश के अधिकतर भागों, विशेषकर क्यूशू के दक्षिणी प्रान्तों में तेज हवाएं चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी वर्षा की संभावना है।

सैकड़ों घरेलू उड़ानें रद व बुलेट ट्रेन रोकी

आपदा प्रबंधन मंत्री योशिफुमी मत्सुमुरा ने कहा कि तूफान के कारण तेज हवाओं के चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी बारिश की संभावना है। दक्षिण-पश्चिमी शहरों और द्वीपों को जोड़ने वाली सैकड़ों घरेलू उड़ानें गुरुवार को रद कर गईं और बुलेट ट्रेन तथा उप नगरीय रेल सेवाओं को भी रोकना पड़ा।

डब्ल्यूएचओ ने की गाजा में सीमित युद्ध विराम की घोषणा

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गुरुवार को घोषणा की कि गाजा में लड़ाई में सीमित विराम दिया जाएगा ताकि लाखों बच्चों को पोलियो का टीका लगाया जा सके। यह घोषणा फलस्तीनी क्षेत्र में 25 वर्षों में पहली बार एक बच्चे में पोलियो के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद की गई है। फिलिस्तीनी क्षेत्रों में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि रिक पीपरकॉर्न ने कहा कि विभिन्न इलाकों में तीन दिन तक की विराम अवधि के दौरान टीकाकरण अभियान रविवार को मध्य गाजा में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद दक्षिणी गाजा में तीन दिन और फिर उत्तरी गाजा में तीन दिन का विराम होगा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण पूरा करने के लिए अतिरिक्त दिनों की आवश्यकता हो सकती है।

एससीओ सम्मेलन के लिए पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजा निमंत्रण

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अक्टूबर में यहां आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि 15-16 अक्टूबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासनाध्यक्षों को निमंत्रण भेजे गए हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है।

- अक्टूबर में होगा शंघाई सहयोग संगठन का सम्मेलन

पुरुलिया कांड के आरोपी के प्रत्यर्पण के लिए भारत का अनुरोध खारिज

कोपनहेगन, एजेंसी। डेनमार्क की एक अदालत ने 29 साल पहले हथियार तस्करी के मामले के आरोपी डेनिश नागरिक नील्स होल्क के प्रत्यर्पण का भारत का अनुरोध गुरुवार को खारिज कर दिया। अदालत का यह आदेश डेनमार्क के शीर्ष अभियोजन प्राधिकरण के खिलाफ है जिसने नील्स को विदेश भेजने के लिए हरी झंडी दे दी थी। होल्क ने 1995 में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक मालवाहक विमान से असॉल्ट राइफल, रॉकेट लॉन्चर और मिसाइल गिराने की घटना में भाग लेने की बात स्वीकार की थी। हिलेरोएड जिला न्यायालय ने कहा कि भारत द्वारा दी गई अतिरिक्त राजनयिक गारंटी के बावजूद एक ऐसा जोखिम है कि होल्क को भारत में यातना या अन्य अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ेगा।

भारत में चांदीपुरा वायरस का प्रकोप 20 वर्षों में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल में कहा है कि भारत में चांदीपुरा वायरस का वर्तमान प्रकोप 20 वर्षों में सबसे ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, जून की शुरुआत से 15 अगस्त के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के 245 मामले दर्ज किए, जिसमें 82 लोगों की मौत हो गई। भारत में वर्तमान में कुल 43 जिलों में एईएस के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें चांदीपुरा संक्रमण (सीएचपीवी) के 64 पुष्ट मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने 23 अगस्त को जारी किए गए रोग प्रकोप समाचार में कहा कि सीएचपीवी भारत में स्थानिक है और पहले भी इसका प्रकोप नियमित रूप से होता रहा है।

मेघालय में मिला आवामी लीग के नेता इशाक अली पन्ना का शव

शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)

- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी के थे
- स्टूडेंट लीग के महासचिव भी रहे, बड़े कारोबारी भी थे

पोस्टमार्टम रिपोर्ट: गला घोंटकर की गई हत्या

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटने के कारण दम घुटना बताया गया। कक्षीय क्षेत्र के निचले दाहिने हिस्से पर भी घाव थे। माथे पर खरोंच व चोट थे। जो पीड़ित के संघर्ष का संकेत दे रहे हैं। जिला पुलिस प्रमुख गिरि प्रसाद ने कहा बांग्लादेश सीमा से 5 किमी दूर सुपारी के बागान में शव के पास से एक पासपोर्ट और स्मार्टवॉच मिली जिससे पन्ना की पहचान हुई।

अमृत विचार : बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के बड़े नेता इशाक अली पन्ना का शव बांग्लादेश बार्डर पर मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में डोना भोई गांव में एक बागान में पाया गया। पार्सपोर्ट से इशाक अली का शव होने का पता चला। वह स्टूडेंट लीग के महासचिव रहे और बड़े कारोबारी भी थे।

इशाक अली शेख हसीना के करीबी माने जाते थे। बीते 26 अगस्त को बॉर्डर पर उनका शव पाया गया। मौके पर मिले पासपोर्ट से पता लगा कि शव बांग्लादेश के नेता इशाक अली पन्ना का है। शव मिलने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य के गृह सचिव, दिल्ली गृह मंत्रालय और इशाक के बांग्लादेश स्थित परिजनों को दी गई। जानकारी के मुताबिक इशाक बांग्लादेश में फैली हिंसा के बाद भारत आने की कोशिश में थे।

शी चिनफिंग से मिले अमेरिकी एनएसए तनाव घटाने पर चर्चा

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने गुरुवार को बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। मुलाकात का उद्देश्य दोनों शक्तियों के बीच संवाद को खुला रखना है, क्योंकि हाल के वर्षों में चीन और अमेरिका के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर राष्ट्रपति जो बाइडन के मुख्य सलाहकार के रूप में पहली चीन यात्रा पर आए सुलिवन ने विदेश मंत्री वांग यी और केंद्रीय सैन्य आयोग के एक वरिष्ठ जनरल सहित वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। चीन और अमेरिका के बीच विभिन्न मुद्दों पर मतभेद बढ़ते जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 2018 में शुरू हुए व्यापार युद्ध से हुई।

भारत ने बिजली प्रोजेक्ट के लिए श्रीलंका को दी धनराशि

कोलंबो, एजेंसी

- प्रोजेक्ट के लिए 2022 में हुआ था दोनों देशों में समझौता

श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने उत्तरी जाफना के पास तीन श्रीलंकाई द्वीपों पर हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान गुरुवार को सौंपा, जिन्हें 1.1 करोड़ अमरीकी डालर की भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने की परियोजनाएं भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित की जा रही हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर कहा कि उच्चायुक्त संतोष झा ने डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान विद्युत और ऊर्जा मंत्रालय की सचिव डॉ सुलक्षणा जयवर्धने और श्रीलंका सतत ऊर्जा प्राधिकरण के अध्यक्ष को सौंपा।

सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने कोलंबो पहुंचे डोभाल

कोलंबो। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को यहां पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात भी करेंगे।

अभिनेता-विधायक मुकेश पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

कोच्चि/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तारी से अस्थायी राहत मिली

सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एम. मुकेश के साथ तीन और नामचीन अदाकारों के खिलाफ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामलों ने मलयालम सिनेमा को हिलाकर रख दिया है और सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं ने मुकेश के विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की मांग की। विपक्षी दलों के प्रदर्शन और कुछ वामपंथी नेताओं द्वारा मुकेश के इस्तीफे की मांग के बीच अभिनेता को कोच्चि की एक अदालत से राहत मिल गई जिसने उन्हें तीन सितंबर तक गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया है।

सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और आरोपी विधायक के लिए परेशानी उस समय बढ़ गई जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की वरिष्ठ नेता एनी राजा ने कहा कि मुकेश के विधायक बने रहने का अब कानूनी या नैतिक आधार नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने विधायक से पद छोड़ने की अपील की। इस बीच माकपा नीत एलडीएफ मुकेश के समर्थन में आता दिखा।

दुष्कर्म की शिकार नाबालिग को गर्भपात की अनुमति नहीं

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म की शिकार नाबालिग के गर्भवती होने पर परिजनों की गर्भपात कराने की अनुमति वाली याचिका खारिज कर दी। विशेषज्ञों द्वारा गर्भपात करना पीड़िता के लिए खतरनाक होने की रिपोर्ट के आधार पर यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। राजनांदगांव जिले में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग के गर्भवती होने पर उसके अभिभावकों ने गर्भपात की अनुमति देने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दर्ज की थी। मामले में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में पीड़िता 24 सप्ताह से अधिक से गर्भवती है।

कभी पृथ्वी से बड़ी झील हुआ करती थी मंगल की धरती पर

संवाददाता, नैनीताल

- शोध से हुआ खुलासा, एरिडानिया नाम दिया है वैज्ञानिकों ने मंगल की झील का

अमृत विचार : मंगल ग्रह की सतह पर झीलों को लेकर आश्चर्यजनक खुलासा वैज्ञानिकों ने किया है। प्राचीनकाल में मंगल पर पृथ्वी से विशाल झील हुआ करती थी। प्राचीन झील का नाम एरिडानिया है, जिसके अवशेष शेष रह गए हैं।

मंगल पर बस्ती बसाने का सपना साकार करने को लेकर खगोलविदों की मुहीम दिन पर दिन परवान चढ़ रही है। हमसे लाखों किमी दूर होने के बावजूद मंगल हमसे अनभिज्ञ नहीं रह गया है । इसकी प्रत्येक गतिविधि से हम वाकिफ होने लगे हैं, और परिस्थितियों में खुद को ढालने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि मंगल पर पहुंचने के बाद हम वहां के वातावरण में ढल सकें। अब नई जानकारी चौकानें वाली है। पता चला है कि प्राचीन मंगल की धरती विशाल झीलों से लबालब भरी रहती थी, जो वर्तमान में पृथ्वी पर मौजूद किसी भी झील से बड़ी थी। झीलों का यह संसार अरबों साल पहले हुआ करता था, जो अंततः सूख गई या फिर गायब हो गई। इसकी एक वजह मंगल की जलवायु बेहद ठंडी होना माना जाता है और इसका वातावरण पतला होने के कारण तरल पानी गायब हो गया। पानी के गायब होने की कहानी आज भी अधूरी ही है। हालांकि रिसर्च से पता चलता है कि मंगल का जल भूमिगत हो चुका है और ऊपरी हिस्सा बर्फ में तब्दील हो चुका है। बहरहाल इस विशाल झील का पता मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान से चल पाया है। इस यान ने विशाल प्राचीन झील के तल की नई तस्वीरें ली हैं। जिससे पता चला है कि झील का तल, टीले व दरारें प्राचीन ज्वालामुखीय इलाके के क्षेत्र में है। वैज्ञानिकों का कहना है कि भले ही मंगल ग्रह का आकार पृथ्वी का केवल आधा, लेकिन मंगल के कम गुरुत्वाकर्षण के कारण भूगर्भिक विशेषताएं बड़ी हैं। लाल दुनिया में हमारे ग्रह की तुलना में कहीं अधिक बड़ी घाटियाँ और ज्वालामुखी हैं।



मंगल की सतह पर झीलों की तस्वीर। • अमृत विचार

ये आधार है मंगल की धरती का जल गायब होने का

लाल ग्रह मंगल की विशाल झीलों का पानी गायब होने को लेकर वैज्ञानिक मत है कि मंगल का कम गुरुत्वाकर्षण इसकी एक वजह है, जो मंगल के वायुमंडल के अधिक भाग को प्रभावित नहीं कर सका। इसलिए आज मंगल का वातावरण पतला है। साथ ही मंगल ग्रह सूर्य से पृथ्वी की तुलना में अधिक दूर है। जिस कारण इसका वातावरण ठंडा हो गया।